
बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 3 मई 2024
वर्ष-34, अंक-96, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास 16
नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज वाजपेयी 2



एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## केंद्र सरकार ने कहा, हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प. बंगाल सरकार के एक वाद पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसके 'नियंत्रण' में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी आपत्तियों में यह बात कही।

दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि राज्य ने जो वाद दायर किया है और उसमें जिन मामलों का जिक्र है वे केन्द्र ने दर्ज नहीं किए हैं बल्कि सीबीआई ने दर्ज किए हैं।

## 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पड़ोसी मुल्क

आणंद (गुजरात), एजेंसी

### गुजरात में गरजे मोदी, कहा-कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस देश के संविधान में बदलाव कर मुस्लिमों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों का आरक्षण देना चाहती है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। मोदी ने कटाक्ष किया कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है।

### निजीकरण लागू कर आरक्षण छीन रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अंधाधुंध तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है- 'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं।

## एक नजर

### सिसोदिया ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत की गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज है और दूसरे की जांच सीबीआई कर रही है।

### जिम ट्रेनर की हत्या में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मार्च में दक्षिण दिल्ली के तिगड़ी इलाके में हिंसक हमले में एक जिम ट्रेनर की हत्या के मामले में एक 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण दिल्ली के देवली इलाके के निवासी लक्ष्य को जिम ट्रेनर के पिता ने अपने बेटे की हत्या के लिए भाड़े पर लिया था। उन्होंने कहा कि युवक अपराध करने के बाद से फरार था और उसे 26 अप्रैल को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। 7 मार्च को शादी से एक दिन पहले, पेशे से जिम ट्रेनर गौरव पर तिगड़ी इलाके में छड़ और कैंची से हमला किया गया था।

### टार्डिग्रेड की खोज चंद्रयान मिशन के नाम पर रखा

**कोच्चि।** केरल के एक विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने तमिलनाडु के अंतर्ज्वारीय समुद्र तट तलछट में खोजी गई समुद्री टार्डिग्रेड की नई प्रजाति का पता लगाया और भारत के पहले चंद्र मिशन, चंद्रयान के सम्मान में इसे 'बैटिलिप्स चंद्रायणी' नाम दिया। कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के समुद्री प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिकों एस बिजॉय नंदन तथा विष्णु दत्तन ने तमिलनाडु में मंडपम में यह महत्वपूर्ण खोज की।

## अब यूपी में बन रहीं मिसाइल और तोप... पाकिस्तान में बरसेंगे गोले

### गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर साधा जमकर निशाना

### बोले-वोट बैंक खिसकने के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए

- राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा कि उसके शासन में यूपी में देसी कट्टे बनाने के कारखाने थे, अब मिसाइल और तोप बन रही हैं जो पाकिस्तान पर गोले बरसाने का काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर के मामले को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार में राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा भी हुई लेकिन कांग्रेस और सपा के नेता निमंत्रण के बाद भी वोट बैंक खिसकने के डर से वहां नहीं गए।

गृहमंत्री गुरुवार को बरेली के हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने घमंडिया इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, लेकिन आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकारकर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन लेकर ढूंढने से भी नजर में नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल चुके हैं।

### देश में धमाके करते थे आलिया, मालिया, जमालिया

गृहमंत्री ने कहा कि सोनिया मनमोहन की सरकार में आलिया, मालिया, जमालिया आए दिन देश में घुसकर बम धमाके करते थे लेकिन कोई बोलने वाला नहीं था। 2014 के बाद पाकिस्तान ने फिर वही गलती कर दी। उरी और पुलवामा में घुस गए मगर भूल गए कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं न कि मनमोहन सिंह। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाकर देश को सुरक्षित किया है।

### भाजपा की सरकार बनने पर दंगामुक्त हुआ यूपी

अमित शाह ने यूपी की कानून व्यवस्था का भी जिक्र किया। कहा, 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने यूपी को दंगा मुक्त किया। पश्चिमी यूपी से सपा के राज में पलायन होता था लेकिन योगीराज में गुंडों का पलायन हो रहा है।

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री, देश के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र और तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। सपा-कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग धारा 370 को 70 साल से संभाले थे। प्रधानमंत्री ने दूसरे कार्यकाल में इसे समाप्त कर इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बृजभूषण नहीं, बेटा लड़ेगा कैसरगंज सीट से चुनाव

### भाजपा ने कैसरगंज से करण भूषण सिंह पर जताया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बनाया प्रत्याशी


करण भूषण सिंह


दिनेश प्रताप सिंह

**अमृत विचार :** नामांकन की आखिरी तारीख से एक दिन पहले भाजपा ने गुरुवार को रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा सीट से भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देकर उनके छोटे पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रायबरेली से राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। करण भूषण सिंह जहां पहली बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे वहीं, दिनेश प्रताप सिंह पिछली बार भी रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों सीटों पर शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है।

बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। जबकि बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह भाजपा से गोंडा सदर विधान सभा से विधायक हैं। दरअसल, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन महिला पहलवानों वाले प्रकरण से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई।

### रायबरेली से प्रियंका व अमेठी से राहुल का चुनाव लड़ना लगभग तय

**अमेठी में राहुल गांधी का रोड शो आज**

**लखनऊ।** कांग्रेस ने अमेठी व रायबरेली सीटों से आधिकारिक तौर पर प्रत्याशियों की घोषणा भले ही न की हो पर पार्टी की ओर से बनाए गए माहौल से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अमेठी से राहुल व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि तीन मई को अमेठी में पार्टी नेता राहुल गांधी का रोड शो होगा। इसके लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की आधिकारिक तौर पर देर रात तक घोषणा होने की संभावना है। गुरुवार को दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा व नामांकन पत्र लिए जाने को लेकर गहमागहमी रही। चर्चा रही कि पार्टी की ओर से दोनों नेताओं के लिए नामांकन पत्र ले लिए गए हैं पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

## बर्ड फ्लू को लेकर प्रदेश में अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रांची के राजकीय कुक्कट फार्म में वायरस को लेकर सतर्कता
- जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय लिया जाएगा पक्षियों का सैंपल

**अमृत विचार :** झारखंड के रांची स्थित राजकीय कुक्कट फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों में सर्विलांस के लिए रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय कर पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर सभी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को सावधानी और रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय किया है। जो पोल्ट्री फार्म, प्रवासी पक्षी, दुकान, बाजार, बैकयार्ड पोल्ट्री फार्म, प्रवासी पक्षियों के मार्ग, वन जीव व पक्षी अभ्यारण्य, नेशनल पार्क, जलाशय बार्डर से लगे क्षेत्रों में सर्विलांस करेंगी। पोल्ट्री फार्म से नियमित पांच-पांच पक्षियों के सैंपल लेंगे। मृत या बीमार पक्षी मिलने पर भी सैंपल लेंगे और परीक्षण के लिए राष्ट्र उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल भेजेंगे।

संयुक्त निदेशक, पोल्ट्री अजय कुमार कनौजिया ने बताया कि जिलों में पोल्ट्री फार्म की संख्या, स्थान, पक्षियों की संख्या, आपूर्ति का स्थान, मुख्यालय से दूरी आदि का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

### सेक्स स्कैंडल मामला



- 24 घंटे में पेश न होने पर एसआईटी करेगी गिरफ्तार

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। प्रज्ज्वल इस समय विदेश में हैं। इस वजह से विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है। एसआईटी मामले की जांच कर रही है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को इस बारे में बता दिया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। इसके पहले हाल के दिनों में हासन में कथित तौर पर सांसद से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे थे। वे हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। गृहमंत्री परमेश्वर ने कहा कि आरोपी को समय दिए जाने के बारे में एसआईटी के सदस्य कानूनी राय ले रहे हैं। इससे पहले एक महिला ने प्रज्ज्वल और उनके पिता के खिलाफ यौन उत्पीड़न को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

### कोई मंजूरी न तो मांगी गई, न दी गई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में न तो उससे कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई और न ही (कोई मंजूरी) जारी की गई। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है।

## 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की केंद्र की याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का फैसला



सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में न्यायालय के 2012 के फैसले में संशोधन के अनुरोध वाली केंद्र की याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने से संभवतः इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार देश के प्राकृतिक संसाधनों के हस्तांतरण में नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने सरकार की याचिका को गलत व्याख्या वाली और स्पष्टीकरण के अनुरोध की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार का प्रयास करार दिया। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट नियमावली 2013 के प्रावधानों के अनुरूप इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार, रजिस्ट्रार इस आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है कि इसमें कोई उचित कारण नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अपील कर सकता है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद कर दिए थे। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने 22 अप्रैल को प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ के समक्ष अर्जी का उल्लेख किया था।

## जिंदा है गोल्डी बराड़, अमेरिकी पुलिस ने मौत से किया इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी



- फ्रेस्नो गोलीबारी कांड में मारा गया व्यक्ति कोई और था

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था।

बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है। फ्रेस्नो बी अखबार की खबर के अनुसार, फेयरमोंट-होल्ट एवेन्यू की एक गली में गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि यह घटना भारत में हुई मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले से संबंधित नहीं है। इसने कहा कि भारतीय मीडिया में बुधवार को अटकलें लगाई गईं कि घटना में मारा गया व्यक्ति मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड बराड़ था। अखबार के अनुसार, फ्रेस्नो पुलिस ने कहा कि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से कई कॉल आ रही हैं और अधिकारी भारत तथा अमेरिका में हुईं घटनाओं के बीच संबंध की बात को खारिज करने पर कार्य कर रहे हैं।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था। वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है।

## मुख्यमंत्री बोले-गठबंधन को जाने वाला वोट होगा महापाप

### एटा में जनता का किया आह्वान- सपा-कांग्रेस से रहें सावधान, भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह के समर्थन में की जनसभा

संवाददाता, एटा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन से सावधान रहें। इनको जाने वाला वोट पाप की वजह होगा। कांग्रेस देश का इस्लामीकरण, तालिबानीकरण करके विभाजित करने का प्रयास कर रही है। जाति-समुदाय से हटकर मोदी जी के पक्ष में मतदान करें।

एटा के सैनिक पड़ाव में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह का सपना साकार हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ है। एक ओर मंदिर बना तो दूसरी और माफिया का राम-नाम सत्य हो गया। अब आपके सामने भगवान राम का विरोध करने वाले और राम भक्तों की टोली दोनों हैं। निर्णय आपको करना है। उन्होंने कहा कि पहले देश सुरक्षित नहीं था। पूरे देश में आतंकवादी हमले होते थे। अब कहीं जोर से पटाखा फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें हाथ नहीं है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा गठबंधन से सावधान रहने की अपील की। कहा कांग्रेस पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को हिस्सा दे देगी। ये गुमराह कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने गोमाता- गोमांस का जिक्र कर माहौल को संजीदा करने का भी प्रयास किया। कहा कांग्रेस-सपा गोमांस खाने वालों के साथ है। ऐसे में गठबंधन को जाने वाला वोट पाप का कारण बनेगा। वोट देने में सावधानी बरतें। इस चुनाव में हमें व्यक्ति नहीं देखना, जाति नहीं देखनी, सिर्फ मोदी जी को देखना है। उन्होंने जनसभा में मौजूद जनता को भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प दिलाया।

### कल्याण सिंह के प्रति जगाई संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रति जनसभा में मौजूद लोगों की संवेदना को उभारने का प्रयास किया। कहा कि कल्याण सिंह मुख्यमंत्री रहे, गर्वनर भी रहे, कई बार विधायक और सांसद रहे। उनकी मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवेदना के दो शब्द व्यक्त नहीं किए। मुख्यमंत्री ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह को अपमानित करने वाली, राम को नकारने वाली और जनता के साथ खिलवाड़ करने वाली सपा और कांग्रेस आपका वोट पाने की अधिकारी है क्या? जनता ने जवाब दिया नहीं।





नितीश राणा और ट्रेविस हेड के अर्धशतक, सनराइजर्स ने रॉयल्स को 202 रन का दिया लक्ष्य

# राजस्थान पर भारी पड़ी हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

नितीश कुमार रेड्डी और ट्रेविस हेड के अर्धशतक से सनराजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी शुरुआत से उबरकर तीन विकेट पर 201 रन बनाए। नितीश ने 42 गेंद में आठ छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 76 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने हेड (58) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़ने अलावा हेनरिक क्लासेन (नाबाद 42) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। आवेश खान रॉयल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 39 रन देकर दो विकेट चटकाए।

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 62 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद टीम की शुरुआत धीमी रही और मेजबान टीम पावर प्ले में दो विकेट पर 37 रन ही बना सकी। आवेश खान ने अभिषेक को आउट कराके पहली सफलता दिलाई। अनमोलप्रीत सिंह (05) ने आते ही चौका जड़ा लेकिन संदीप शर्मा की पहली ही गेंद को हाथों में खेल गए। हेड ने तेवर दिखाते हुए नौवें ओवर में युजवेंद्र चहल की लगातार दो छक्के और एक चौका मारा। नितीश ने 13वें ओवर में चहल पर दो छक्कों और दो चौकों के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। हेड ने संदीप की गेंद पर एक रन के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद हेड आवेश की गेंद पर बोल्ड हो गए। नितीश ने 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद क्लासेन ने अंतिम ओवर में संदीप पर छक्के और चौके से 15 रन जुटाकर सत्र में पांचवीं बार टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 10 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**76** रन की नाबाद पारी खेली नितीश राणा ने जिसमें उन्होंने 42 गेंद पर आठ छक्कों और तीन चौके लगाए यह राणा के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है।

**हैदराबाद 201/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6/2 |
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3/8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3/3 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी



### वंचित बच्चों के लिए शुरू किया टेनिस कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी (आरबीटीए) और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बोपन्ना ने कहा हम कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के साथ साझेदारी करके इस अवसर को उन प्रतिभाशाली युवाओं तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं जिनकी अन्यथा ऐसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती।

### शुभंकर की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत, चीन में संयुक्त सातवें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं।

### आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए हारिस की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की श्रृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला 22 मई से शुरू होगी।

### उबर कप क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीम

**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पी वी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी



नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं।

# कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर



मुंबई, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी।श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है उसे पांच मैच और खेलने हैं। बुमराह (14 विकेट) और कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

**आज का मुकाबला**

मुंबई इंडियंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 से बनाई विजयी बढ़त

सिलहट (बांग्लादेश), एजेंसी

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में गुरुवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज अख्तर (39) और कप्तान सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका को एक-एक विकेट मिला।



# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार भारतीय

अस्ताना (कजाखस्तान)



एएसबीसी एशियाई अंडर-22

भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन, निशा, आकांक्षा फलसवाल और रुद्रिका ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।



# कार्लोस का तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूटा

**मैड्रिड।** रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# विश्वकप में अमूल होगा अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका का प्रायोजक

**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा।

अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। दक्षिण अफ्रीका के प्रायोजन के बारे में उन्होंने कहा अमूल 2019 वनडे श्रृंखला और 2023 वनडे विश्व कप से दक्षिण अफ्रीकी टीम से जुड़ा है। इस साझेदारी को आगे बढाने में हमें गर्व हो रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज वाजपेयी नंद घर मुहिम से जुड़ गये हैं, जिसका उद्देश्य सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है। 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं।

# आईपीएल के हिसाब से नहीं बनती टीम : रोहित

मुंबई, एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है। चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से दो हरफनमौला है और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे। भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा।

### पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं : अगरकर

**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने भारत की टी-20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है। उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। हमें एक महीने और कुछ दिन बाद ही पहला मैच खेलना है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद

# साद बिन जफर करेंगे टी-20 विश्व कप में कनाडा की अगुवाई

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरूष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी-20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। कनाडा टीम में साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा शामिल हैं। वहीं, रिजर्व में ताजिंदर सिंह, आदित्य वर्धराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार को रखा गया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# खट्टी-मीठी यादें छोड़ गया छोटी काशी का ऐतिहासिक चैती मेला

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हो रही प्रशंसा, मेले में अव्यवस्थाएं रही हावी, सुरक्षा के नाम पर पुलिस करती रही खानापूरी

कामता सिंह कुशवाहा/विवेक दीक्षित।



गोला के मेला मैदान में लगा चैती मेला। अमृत विचार



छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला में लगी दुकाने।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** छोटी काशी का ऐतिहासिक मेला चैती अपनी खट्टी मीठी यादों के साथ सरकारी स्तर पर समाप्त हो गया है। हालांकि नगर पालिका परिषद ने दो दिन के लिए मेले में प्रकाश, सफाई, पानी और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई है। 16 दिवसीय हुए इस मेले में यहां अब तक आने वाले मेलार्थी जहां मेले की मधुर स्मृतियां साथ लेकर गए हैं। वहीं कुछ दर्शक चैती मेले में व्याप्त कुछ अव्यवस्थाओं के चलते निराश भी हुए है।

नगर पालिका प्रशासन ने इस मेले को सजाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लोग मेलार्थी जमकर प्रशंसा भी कर रहे है। मेला अपने बेहतर प्रदर्शन के साथ चलता भी रहा। इस बार मेले में किसी भी गेट पर बांस बल्ली नहीं लगाई गई थी, जिसके चलते मेला परिसर में आये दर्शकों को काफी कठिनाई भी हुई। वहीं मेला के दौरान झूले से उतरते समय जब कोई चोटिल हुआ तो मेला में लगे स्वास्थ्य कैंप पर गया जहां न तो उसे कोई डॉक्टर मिला और न ही कोई दवाइयां। इसमें कोई शक नहीं कि इस वर्ष इस मेले में एक से बढ़कर एक नए झूले लगाए गए। मेले में उमड़ी भीड़ ने मेले में लगे खेल, तमाशा, झूलों, चाट, डोसा आदि का खूब आनंद उठाया। सांस्कृतिक मंच पर मेले के उद्घाटन से लेकर समापन तक एक से बढ़कर एक कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी, जिनमें दर्शकों की अपार भीड़ उमड़ी। कुल मिलकर मेला अपने आधुनिक स्वरुप में दर्शकों के दिलों पैर एक अमिट छाप छोड़ गया। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगा पुलिस बल मेला देखने, अपने परिचितों को झूले का आनंद दिलाने में मशगूल रहा, जिससे बाइक चोरी, छेड़खानी जैसी छुटपुट घटनाएं भी हुई हैं। कई बाइक की चोरी में पुलिस में एक बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसकी पुष्टि हैदराबाद पुलिस ने बाइक बरामद कर की है।

**मेले के दौरान सबसे लचर रही ट्रैफिक व्यवस्था :** शाम होते ही अलीगंज रोड, डामर रोड, मिल रोड, छोटा चौराहा और आंबेडकर चौराहे पर बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा, बाइक व कार के चलते जहां एक ओर कुछ लोगों की दुकानदारी प्रभावित हुई, वहीं इन स्थानों पर काफी जाम लगने से नगर वासियों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। इस बार नगर पालिका प्रशासन ने जिन लोगों पर मेले की जिम्मेदारी सौंपी थी वह लोग इस जिम्मेदारी के लिए नए थे, जिसके चलते कहीं न कहीं मेले को अनुभवहीनता का दंश भी झेलना पड़ा। कुल मिलाकर मेले में आये दुकानदारों का कारोबार भी अच्छा रहा लेकिन दुकानदारों, खेल तमाशा वालों और झूले वालों से पालिका प्रशासन ने लाखों रुपये की आय अर्जित की। मेले में इस बार सबसे ज्यादा परेशानी बूढ़ों, बच्चों और महिलाओं को हुई। मेले के अन्दर बाइकों के फर्राटा भरने के चलते लोग अपने को असहज और असुरक्षित महसूस करते दिखे।

### महिला सभासदों ने बनाई मेले से दूरी

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर पालिका के बोर्ड में इस बार नौ महिला सभासद अंजू देवी, अख्तर जहां, गीता देवी, ईशावती, नसरीन, शहनाज बानो, रचना देवी, दीपका सैनी, फरहानाज के होने के बावजूद भी पूरे मेले भर समापन वाले दिन के अलावा किसी महिला सभासद की मौजूदगी सांस्कृतिक मंच पर नहीं दिखी। केवल उनके प्रतिनिधि के रूप में उनके पति लोग उनका प्रतिनिधित्व करते रहे, जिससे महिला कलाकारों, कवियित्रियों को पालिकाध्यक्ष को स्वयं बुकें भेंट करनी पड़ी।



दिल्ली की कवियत्री को बुके भेंट करते पालिकाध्यक्ष।

### समापन समारोह में रहीं अव्यवस्थाएं

ऐतिहासिक कहलाने वाला चैती मेला में अंतिम दिन काफी अवस्थाएं दिखाई दी। विशिष्ट व्यक्तियों के लिए बनाई गई दीर्घा में इस मेले में पहली बार आम दर्शक हर प्रोग्राम में बैठे दिखे। आलम यह रहा कि वर्तमान समय में चल रही भीषण गर्मी में पीने के लिए पानी तो दूर गर्मी से निजात पाने के लिये एक पंखा तक दीर्घा में नहीं लगाया गया। वही कार्यक्रम के अंतिम दिन सम्मान देने के लिए बुलाए गए लोगों को बैठाने के लिए उचित स्थान सुनिश्चित नहीं किया गया। आमंत्रित व्यक्ति का आमंत्रण के बावजूद मंच से नाम तक नहीं पुकारा गया। जिस कारण लोग विगत 25 वर्षो के कार्यकाल की प्रशंसा करते दिखे।

## सार-संक्षेप

### चुनाव प्रेक्षक ने नेपाल सीमा पर किया निरीक्षण



चेक पोस्ट गौरीफंटा का निरीक्षण करती प्रेक्षक आर सीता लक्ष्मी करतीं पर्यवेक्षक।

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रेक्षक आर सीता लक्ष्मी बुधवार की शाम को भारत-नेपाल सीमा पर पहुंची। उन्होंने गौरीफंटा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और सीमा की भौगोलिक स्थिति जानी। थारू ग्राम बनगंवा के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव जिले में चौथे चरण में होंगे। इसके लिए 13 मई को मतदान होगा। नेपाल से जुड़ी भारत सीमा खुली होने के कारण प्रशासन ने सीमा पर निगरानी और तेज कर दी है। एक दिन पूर्व सामान्य पर्यवेक्षक अनूप ए शेट्टी ने भारत-नेपाल सीमा का जायजा लिया था। एसएसबी, पुलिस अधिकारियों के साथ ही नेपाल एपीएफ के अधिकारियों के साथ वार्ता की थी।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए एक वार्ड एक ग्राम योजना का उद्घाटन



वाईडी कॉलेज में मतदान के लिए छात्रों को संकल्प दिलाते डॉ. सुभाष चंद्रा।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार के निर्देश पर युवराज दत्त महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को एक वार्ड एक ग्राम कार्य योजना का शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य संसदीय प्रणाली व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान कराना है। मोहल्ला राजगढ़ वार्ड में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलेगा। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने बताया कि मतदाता साक्षरता क्लब सदस्य, रोवर्स रेंजर्स के वालंटियर्स सहित शिक्षक, कर्मचारी मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करेगें। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त बनाने के लिये चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक कर आस पास रहने वालों को भी मतदान के लिए बूथ तक ले जाने के लिए प्रेरित करने को कहा। डॉ. सुभाष चन्द्रा ने कॉलेज के छात्र छात्राओं और स्टाफ को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

### युवक ने शारदा नहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** थाना पढुआ क्षेत्र के ढखेरवा चौराहा पर पहुंचे एक युवक ने पुल की रेलिंग पर अपना मोबाइल रख दिया और नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर में गोताखोर उतारकर तलाश कराई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। युवक की पहचान थाना निघासन के गांव दुबहा निवासी किशोरी लाल (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बुधवार की देर शाम एक युवक ढखेरवा चौराहा पहुंचा। वह कुछ देर तक पुल पर जाकर खड़ा रहा। उसके बाद उसने नहर में छलांग लगा दी। इससे उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने गुरुवार को गोताखोर बुलाए और उन्हें नहर में उतारकर उसकी तलाश कराई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या

## घनश्याम हत्याकांड : पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना धौरहरा के गांव रानीगंज निवासी घनश्याम के शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी गला दबाकर हत्या होने की पुष्टि की है। पुलिस का कहना है कि घनश्याम ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। इससे नाराज होकर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर घनश्याम की गला दबाकर हत्या कर दी और शव चारपाई पर लिटा दिया।

बुधवार की सुबह गांव हौकना मटेरा के मजरा रानीपुरवा निवासी घनश्याम निषाद (45) का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर चारपाई पर पड़ा बरामद हुआ था। उसके मुंह से खून निकल रहा था। मृतक की पत्नी संगीता देवी पति की स्वाभाविक मौत होने की बात कह रही थी, जबकि उसका बेटा श्यामलाल दावा कर रहा था कि उसने अपनी आंखों से मां को एक युवक के साथ मिलकर गला दबाते हुए देखा था। उधर ग्रामीणों का कहना था कि महिला के कई लोगों से संबंध हैं, जिसका घनश्याम अक्सर विरोध करता था। पुलिस ने शक होने पर मृतक की पत्नी को हिरासत में ले लिया था और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, लेकिन देरी से शव आने के कारण बुधवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या होने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला से की गई पूछताछ में अभी तक यह बात सामने आई है कि घटना की रात घनश्याम घर के बाहर सोया हुआ था। शक होने पर आधी रात के बाद जब वह घर के कमरे में गया तो पत्नी को आपत्तिजनक हालत में उसके प्रेमी के साथ पकड़ लिया था। इससे नाराज पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर घनश्याम का गला दबा दिया और हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक के भाई हरिकिशन की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस उसके प्रेमी की तलाश कर रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस शुक्रवार को घटना का खुलासा कर सकती है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**संवाददाता, मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** लखीमपुर-भीरा राजमार्ग पर दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बृहस्पतिवार को बस्तौली गांव के समीप फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम अग्गरखुर्द निवासी शिवनारायण अपने किसी काम से पूर्वांह 10 बजे बिजुआ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही बस्तौली पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे रखे खोखे से टकरा गई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी लेकिन मौके पर एम्बुलेंस सेवा नही पहुंची। घायल करीब एक घंटे तक तड़पता रहा। तभी वहां से गुजर रहे भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान मंडल मंत्री आदित्य मोहन शुक्ला ने अपने प्रचार वाहन से घायल को सीएचसी बिजुआ पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर ओयल के लिये रेफर कर दिया गया। बता दें कि अब तक हुए हादसो में बाइक चालकों के सिर पर चोट आ रही है। उसकी वजह है कि बाइक चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं। घायल शिवनरायन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

# दुधवा बाघ संरक्षण की बैठक पर कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

संवाददाता, पलिया कलां

- वाटर होलों में भरवाया जाएगा पानी, बजट का अनुमोदन
- पर्यटक वाहनों की ओवर स्पीड रोकने के लिए होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग के पर्यटन परिसर में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर डीटीआर ललित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन कार्यकारिणी समिति की एक बैठक हुई, जिसमें कई वरिष्ठ वन अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में वाटर होलों में पानी भरने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए वन क्षेत्र के वाटर होलों में पानी भरने की व्यवस्था के लिए किशनपुर, बांके ताल, ककरहा ताल के लिए बोरिंग एवं इंजन सुविधा के लिए बजट का अनुमोदन करने, कैंटीन संचालन का सुझाव देने, शहद के उत्पादन एवं बिक्री करने, पर्यटक वाहनों की ओवर स्पीड रोकने के लिए दंडात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया गया। आगामी पर्यटन सत्र हेतु पुराने वाहनों को हटाने व अन्य वाहनों पर जीपीएस लगवाने, नेचर गाइड व वाहन चालकों की वर्दी के निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व डॉ रंगाराजू टी, प्रभागीय वन अधिकारी उत्तर खीरी /उपनिदेशक बफर जोन सौरिष सहाय, प्रभागीय वनाधिकारी कर्तनिया घाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच बी शिव शंकर, वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा महावीर सिंह, वन अधिकारी दक्षिण सोनारीपुर सोबरन लाल, क्षेत्रीय वन अधिकारी पर्यटन प्रशांत कुमार प्रियदर्शी, क्षेत्रीय वन अधिकारी दुधवा रितेश पटेल, आउटरीच प्रोग्रामर विपिन सैनी आदि शामिल रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



गोला के चिल्ड्रेंस एकेडमी में जागरूकता गोष्ठी में मौजूद विद्यार्थी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ नगर के चिल्ड्रेन्स एकेडमी विद्यालय से कर विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। चिल्ड्रेंस एकेडमी में हुए जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतवाली निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, प्रवासी कार्यकर्ता परिषद के प्रांत एसएफएस संयोजक हरप्रीत सिंह, मुख्य वक्ता पूर्व जिला प्रमुख संजीव कुमार दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कृष्णा आनंद ने दीप प्रज्जवलन एवं मां शारदे एवं विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी अधिक से अधिक प्रतिशत में मतदान हो, इसके लिए समाज को जागरूक करने का कार्य करें। मुख्य वक्ता संजीव दीक्षित ने कहा कि सभी को मतदान के प्रति जागरूक होकर पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लेकर बूथ पर जाना है। प्रांत एसएफएस संयोजक हरप्रीत सिंह ने समाज राष्ट्र एवं देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष अजय कृष्णा आनंद ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन नगर मंत्री आशुतोष मिश्रा ने किया। जिला संगठन मंत्री कुंजबिहारी शुक्ला, उदय मिश्र, अनिकेत कश्यप, हर्ष भारद्वाज, आदर्श वर्मा, साधक राज, देवांश शर्मा सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अफसरों की जवाबदेही में फंसी पुलिस, अजमा रही नए हथकंडे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 11 वें दिन पकड़ में आए दो लुटेरे तब लिखी खीरी और सदर पुलिस ने लूट की रिपोर्ट,
- बिना नंबर प्लेट की बाइक, दो जोड़ी झाला, तमंचा और चाकू बरामद

**अमृत विचार :** जिले में बढ़ रही लूट और चोरी की वारदात आला अफसरों की नजर में न आए। इसको लेकर पुलिस बड़ा खेल करती है। 20 अप्रैल को बदमाशों ने थाना खीरी क्षेत्र में महिला के कानों से झाले नोच लिए थे। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र में 28 अप्रैल की देर शाम पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर बाइक सवार दंपती को रोककर लूटपाट की थी। घटना के दिन ही दोनों मामलों की तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने अफसरों की जवाबदेही से बचने के लिए ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों घटनाओं में शामिल बदमाशों को मंगलवार की रात दबोच लिया गया था। बदमाशों के पकड़े जाने के बाद बुधवार की देर शाम दोनों थानों की पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली और गुरुवार को खुलासा कर दिया। पहली वारदात 20 अप्रैल को थाना खीरी क्षेत्र में अमृतागंज मार्ग पर शाम करीब छह बजे हुई थी। कोतवाली सदर के रामापुर निवासी श्रवण कुमार अपनी पत्नी सुनीता को लेकर चंदनापुर जा रहे थे। ककरहा-पनगी गांव के बीच बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रोक ली और पत्नी के कान से झाले लेकर भाग गए थे। इस घटना के आठवें दिन बाइक सवार तीन बदमाशों ने सदर कोतवाली की रामापुर चौकी क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर लूट की घटना को अंजाम दे दिया था। बदमाश रात करीब 07 :30 बजे थाना नीमगांव के गांव पिपरिया निवासी अमित यादव की बाइक भरत कमला इंटर कालेज पनगी रोक ली थी और बाइक पर सवार उनकी पत्नी पम्मी देवी के कुंडल और सोने की चेन लूट ले गए थे। दोनों मामलों की तहरीर घटना के दिन से पुलिस को दी गईं थी, लेकिन पुलिस अपनी जवाबदेही से बचने के लिए घटनाएं छुपाई रखीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना खीरी पुलिस ने बुधवार को स्वाट टीम की मदद से बाइक सवार बदमाश आसिफ उर्फ आशिक पुत्र मोबीन निवासी जेठरा थाना खमरिया और जीशान पुत्र करम अली निवासी जमकोहना थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी मौके से भाग जाने में सफल रहा। बदमाशों के पकड़े जाने के बाद थाना खीरी पुलिस ने बुधवार की रात 07 :02 बजे और सदर कोतवाली पुलिस ने रात 09 : 48 मिनट पर अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों बदमाशों के पास से दो जोड़ी झाला, एक तमंचा, एक चाकू और एक जिंदा कारतूस बरामद होने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों लुटेरे बिना नंबर की बाइक से थे और निजामपुर रामदास की तरफ से आ रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पट्टी रामदास बगिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

> घटना की सूचना मिलने के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। पीड़ित तहरीर देने में अक्सर आनाकानी करते हैं। इसलिए कभी-कभी रिपोर्ट दर्ज करने में देरी होती है। -रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी

### सहज जनसेवा केंद्र से दो लाख की नकदी उड़ाई, रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ के गांव बिनौरा निवासी रामू पुत्र बनवारी ने बताया कि उसका गांव में ही सहज जनसेवा केन्द्र है, जिसमे इलैक्ट्रिक और मोबाइल की दुकान है। वह जनसेवा केंद्र में रुपए की जमा व निकासी का भी काम करता है। घटना 26 अप्रैल की है। वह अपनी रिश्तेदारी में होने वाले एक शादी समारोह में चला गया था। अपनी दुकान अपने भाई श्यामू की देख रेख में कर दिया। दोपहर करीब 2 बजे दुकान की रैक में रखे दो लाख रुपये नादिर पुत्र छोटन्ने ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी कर लिए और भाग निकला। वह अब तक आरोपी की तलाश करता रहा, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में थाना फरधान के गांव पिपरा करमचंद निवासी रामबिलास उर्फ मनोज कुमार और चिंता को पंडित दीनदयाल चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस कई दिनों से आरोपियों को तलाश रही थी। गुरुवार को दोनों आरोपियों का चालान भेजा गया है।

# यज्ञ शुभारंभ के लिए सर्वश्रेष्ठ है अरणी मंथन से उत्पन्न अग्नि: पवनानंद महाराज

संवाददाता, बिझौली



रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण व राधा का पूजन-अर्चन करते पूर्व विधायक रामसरन।

**अमृत विचार:** जमुनाबाद फार्म स्थिति मसाय वाले फकीर बाबा स्थान पर चल रही सात दिवशीय श्री विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञमंडप प्रवेश एवं विधिवत पूजा-अर्चना की गई। यज्ञाचार्य दुर्गेश शास्त्री ने अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रकट की। इस दौरान अग्निदेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पडी।

श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू की। नैमिषारण्य धाम की मंडली ने रासलीला का मंचन किया। यज्ञ के दौरान गगनभेदी जयघोष से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। मसाय वाले फकीर बाबा स्थान पर बनवाए गए चबूतरे का उद्घाटन पूर्व विधायक रामसरन व पूर्व जिलापंचायत सदस्य महेश चंद्र कनौजिया ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना कर किया। पूर्व विधायक ने बताया कि फकीर बाबा स्थान पर क्षेत्रवासियों के सहयोग से 14 वर्षों से यज्ञ का आयोजन किया जाता रहा है। सात दिन का कार्यक्रम का समापन फलाहारी बाबा पवनानंद महाराज 4 मई को करेंगे। इस दौरान जमुनाबाद फार्म मैनेजर संजीव कुमार, कुलदीप वर्मा, डॉ विनोद कुमार, महेंद्र कुमार वर्मा, शिवराज सिंह, चमन वर्मा, महेंद्र वर्मा, पुजारी अजय पाल आदि रहे।

# पब्लिक कॉलेज में विद्यार्थियों को लू से बचाव के लिए किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को लू प्रकोप हीट वेव से बचाव एवं राहत के उपाय बताए गए।

रसायन विज्ञान के प्रवक्ता संतोष कुमार पांडे ने बताया कि इस समय गर्मी का मौसम है, गर्म हवाएं चल रही हैं। तापमान 40 से 45 डिग्री तक हो सकता है। जबकि हमारी बॉडी का टेंपरेचर 35 डिग्री के आसपास होता है। ऐसी स्थिति में डिहाइड्रेशन हो जाता है। शरीर में पानी की कमी से उल्टी एवं दस्त प्रारंभ हो जाते हैं। ऐसे में घर से निकलते समय अपने साथ एक सफेद रंग का गमछा रखें, सभी विद्यार्थी अपने शरीर को ढक कर रखें, सीधे धूप से बचें, पानी का अधिक से अधिक सेवन करें, खाली पेट न रहें, लिक्विड आहार का प्रयोग कर सकते हैं। मौसमी फल तरबूज, खरबूजा आदि का प्रयोग करें, जीवन रक्षक ओआरएस घोल तथा पानी धीरे-धीरे पिलाये, आवश्यकता होने पर प्राथमिक उपचार के बाद आसपास के डॉक्टर से भी परामर्श लें। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने छात्र, छात्राओं को अपने शरीर को पूरी तरह से ढक कर रखने, सिर पर धूप से बचाव हेतु टोपी लगाने, थोड़ी-थोड़ी देर बाद धीरे-धीरे लगातार पानी पीते रहना, तेज धूप में घर से बाहर न निकले आदि अनेक उपाय बताए।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्रीमती प्रमिला अग्रवाल पत्नी श्री विजय कुमार अग्रवाल निवासी 108, चिंताहरण शिव मंदिर निकट भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइन हरदोई की सम्पत्ति स्थित मोहल्ला लाइनपुरवा, ग्राम नघेटा, परगना गोपामऊ, तहसील एवं जिला हरदोई, जिसका नगर पालिका नं. 103/5 है, जो पुराने भूखण्ड संख्या 38, 42 एवं नया संख्या 37, 39 है, के भाग पर निर्मित है, जिससे सम्बन्धित दस्ता. मूल बैनामा (chain deed) जो क्रमांक संख्या 6481 दिनांक 29/10/1988 पर उपनिबंधक हरदोई में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 30.04.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गये हैं। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्थान के पास दस्तावेज़ है या पाया गया है, तो कृपया वापस लौटाएं या इस संबंध में कोई रुचि या आपत्ति है, कृपया बी. एन. त्रिपाठी एडवोकेट को सूचित करें, पता सी-15, नेहरू विहार, कल्याणपुर, लखनऊ। मो0 9336127853

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **गीता उर्फ राधा पत्नी राजेश कुमार उर्फ जादव, निवासी- ग्राम - घरकुंइया करनैलगंज, गोण्डा** है। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे गीता उर्फ राधा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **रीना कुमारी पत्नी स्व0 विजय प्रताप वर्मा, निवासी-482/80 मोहन मेकिंस गेट, इरादत नगर डालीगंज, लखनऊ** मैने अपने पुत्र विनायक कुमार का नाम बदलकर विनायक प्रताप वर्मा रख लिया है। अतः मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में विनायक कुमार के स्थान पर विनायक प्रताप वर्मा दर्ज किया जाय।

**तलाश गुमशुदा**



नाम- **माजिद,** उम्र- करीब 23 वर्ष
पिता- सकूर अली पुत्र जलालुद्दीन, निवासी- ग्राम- खमरिया कोतवाली निघासन जिला खीरी

मेरा लड़का माजिद उम्र करीब 23 वर्ष जो दिनांक 08 जनवरी 2024 को अपने साथी सोनू गौतम पुत्र राम लखन, निवासी झउवापुरवा के साथ गुजरात मजदूरी करने गया था। जहाँ से मेरा लड़का गायब है काफी खोजबीन करने पर कोई पता नही चल पाया है। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।

**जिसका हुलिया :-** उम्र 23 वर्ष, कद 5 फिट 8 इंच, ऑख, नाक औसत, कान छिदा है बाली पहने है तथा पेन्ट शर्ट व जूता पहने है। मोबाइल नं0- 6361810727 है।

**सकूर अली पुत्र जलालुद्दीन, निवासी ग्राम खमरिया कोतवाली निघासन जिला खीरी। मो0- 9628811791, 7565992722**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बेटे ध्रुव कुमार दूबे के सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2022 के अंक प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम सुधा हो गया है। जबकि कक्षा 5 व कक्षा 8 के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में सुधा दूबे है। यहां भी सुधा दूबे होना न्यायोचित है।- **सुधा दूबे पत्नी रवीन्द्र कुमार दूबे, निवासी- ग्राम - बरेहता, परगना चांदा, तहसील- लम्भुआ, जनपद सुल्तानपुर (उ.प्र.)**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# परिजनों की डांट से नाराज होकर दो युवतियों समेत तीन ने की आत्महत्या

## सफीपुर थाना क्षेत्र के दरौली व मौरावां के शिवपुरा गांव में युवतियों ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में युवक व दो युवतियों के शव फंदे से लटके देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस पहुंची और जांच के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद शीतल के परिजन। अमृत विचार

● सोहरामऊ थाना क्षेत्र के उमर्रा गांव में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव



**केस 01** **सोहरामऊ।** थाना क्षेत्र के उमर्रा गांव निवासी हरिकेश रावत (18) दिल्ली में मजदूरी करता था। होली के त्योहार पर वह घर लौटा था। तब से वह गांव में ही था। बीती शाम चादर लेकर भूसा लेने की बात कह खेत गया था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने खेत के बगल में स्थित बाग में शीशम के पेड़ पर चादर के फंदे से उसका शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बड़े भाई बृजेश ने बताया वह मानसिक रूप से बीमार था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत पर मां फूलकुमारी, छोटा भाई संकेश, बहनें सुमन व शिवानी समेत अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल है।

**केस 02** **सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव निवासी शीतल राठौर (18) बुधवार सुबह परिजनों के साथ खेत पर गेहूं काटने गई थी। जहां किसी बात पर परिजनों ने उसे डांट दिया। इस पर वह पेटदर्द होने की बात कह घर लौट आई। इसके बाद वह रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई। शाम को घर पहुंचे परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए।

नीचे उतारकर उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत पर मां तारावती व भाई अंकित और दो बहनों समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**केस 03** **मौरावां।** थानाक्षेत्र के गांव शिवपुरा के मजरे मुरैता निवासी ज्योती (20) ने गुरुवार को मां की डांट से नाराज होकर घर के कमरे में छत के छल्ले के सहारे रस्सी के फंदे से लटककर जान दे दी। उसे फंदे से लटका देख परिजनों के हाथपांव फूल गए। वे लोग आनन-फानन उसे नीचे उतारकर सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक घटी इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## युवती के अपहरण की भाई ने दी तहरीर, रिपोर्ट दर्ज

**चकलवंशी।** माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को दूसरे गांव का युवक अपहरण कर ले गया। युवती के भाई ने 25 हजार नगद व ढाई लाख की ज्वैलरी ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आसीवन थानाक्षेत्र के गांव दलेलपुर निवासी विशाल उसके गांव आता-जाता था। वह बहन से अक्सर फोन पर बात करता था। बीती 29 अप्रैल को वह बहन का अपहरण कर ले गया। पता चला है कि इस समय वह दिल्ली के शालीमार बाग में रहता है। बहन ढाई लाख की ज्वैलरी व 25 हजार नगद ले गई है। एसओ ने बताया कि अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# चेहरा ढक कर चेकिंग कर रहे अफसरों को देख लोग घबराए

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित गंगा नदी पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग में शामिल अफसरों ने अपने चेहरे अंगौछे व रुमालों से ढक रखे थे। जिससे वाहन सवार घबरा गए। उन लोगों ने डीएम से चेकिंग स्टाफ को मुंह खोलकर रखने के निर्देश देने की मांग की है।

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे कुछ लोग गंगापुल के पास पहुंचे और जिले की सीमा पर वाहन रोकर चेकिंग करने लगे। चेकिंग करने वालों ने अपने मुंह अंगौछा व रुमाल से ढक रखे थे। इससे वाहन सवार चेकिंग कराने में हीलाहवाली करने को मजबूर रहे। हालांकि, चेकिंग करने वालों में कुछ ने खाकी वर्दी पहन रखी थी। वाहन सवारों का कहना था कि इस तरह किसी को भी वाहन चेक करने की स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिये।



धूप से बचने के लिए चेहरा ढके अफसरों से बात करते वाहन सवार। अमृत विचार

● वाहन चेकिंग दल को मुंह खुला रखने के निर्देश देने की उठी मांग

वाहन सवारों व चेकिंग दल के बीच विवाद होते देख स्थानीय लोग भी वहां पहुंच गए। उन्होंने वाहन सवारों का समर्थन किया। साथ ही चेकिंग करने वालों से चेहरे खोलने को कहा। वाहन सवार दिनेश, संदीप, हिमांशु व अभय आदि ने कहा कि डीएम को चेकिंग करने वालों को चेहरा खोलकर रखने के निर्देश देने चाहिए। जिससे वाहन सवार किसी तरह के असमंजस में न रहें।

## हसनगंज के वकीलों के समर्थन में आए पुरवा के अधिवक्ता

**पुरवा उन्नाव।** तहसील स्थित बार भवन में गुरुवार बार एसोसिएशन व लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें हसनगंज तहसील के अधिवक्ताओं के समर्थन का निर्णय लिया गया। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से तीन मई तक न्यायिक कार्यों से विरत रहने की घोषणा की। बता दें कि हसनगंज तहसील के अधिवक्ता कुछ साथी वकीलों के विरुद्ध तहसील प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज कराने को लेकर आंदोलित हैं। वह दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग को लेकर न्यायिक कार्य से विरत चल रहे हैं। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगा महेश यादव व लायर्स एसोशियन के अध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय के मुताबिक गुरुवार को हुई बैठक में दो दिवसीय कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। मुकदमा न वापस लिए जाने पर चार मई को बैठक कर अगली रणनीति तय की जाएगी। अजय मिश्रा, शैलेंद्र तिवारी, अंकित, अरुण मिश्रा, संजय सिंह व महेंद्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

# पुलिस प्रेक्षक ने जांचे बैरियर, दिए निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये गुरुवार दोपहर पुलिस प्रेक्षक गंगाघाट पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाली पुलिस के साथ बैठक की। इसके साथ ही पुलिस को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर अभी से नजर बनाये रखने के निर्देश दिये। जिससे चुनाव के दौरान कोई घटना न हो सके। इस दौरान उन्होने चेकिंग प्वाइंट का निरीक्षण कर मौजूद मजिस्ट्रेटों को चेंकिंग में तेजी लाने को कहा।



उड़नदस्ता टीम से जानकारी लेते प्रेक्षक डीके चौधरी। अमृत विचार

गुरुवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे पुलिस प्रेक्षक डी के चौधरी गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां मौजूद पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को निर्देश देते हुये कहा कि चुनाव को लेकर पूरी तरह से सावधानी बरतें, इसके साथ ही गंगाघाट क्षेत्र के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर निगरानी रखे, जो भी कमी हों, उन्हें पूरा करे। संदिग्धों और अराजकतत्वों पर बराबर नजर बनाये रखे, जिससे चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी न हो सके। जिसके बाद वह नवीन पुल, बालूघाट मोड़ पर लगे उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला को भी चेकिंग तेज करने को कहा। वहीं उन्होंने बैराज मार्ग पर चेकिंग कर रहे स्टेटिक मजिस्ट्रेट रजत गुप्ता को भी कानपुर गंगाघाट की सीमा पर चौकन्ना रहने की बात कही। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुये भारी मात्रा में प्रचार प्रसार सामग्री, नकदी और शराब जा सकती है। ऐसे में सभी वाहनों को रोक कर चेकिंग करें।

# घटनाओं को रोकने के लिये लगेंगे सीसीटीवी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पालिका क्षेत्र में चोरी, लूट, वाहन चोरी के अलावा अन्य घटनाओं को शातिर अंजाम देकर निकल जाते हैं। ऐसे शातिरों को पकड़ने के लिये अब पालिका की ओर से नगर के प्रमुख चौराहों, वार्डों और सार्वजनिक स्थानों पर तीसरी आंख लगवाई जायेगी। जिससे पुलिस को मदद मिल सके और शातिरों को पकड़ा जा सके। कैमरे लगाने लिये नगर के पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है।

पालिका क्षेत्र के राजधानी मार्ग, गली, चौराहों के अलावा सार्वजनिक स्थानों और गलियों में कई छोटी-बड़ी वारदातें होती हैं। सीसीटीवी कैमरे न लगे होने के कारण शातिर बचकर निकल जाते हैं। इसके लिये अब पालिका प्रशासन गंगाघाट

● शासन में हुई बैठक के बाद मिले निर्देश पर पांच स्थानों का हुआ चिह्नांकन

पुलिस की मदद करेगी और नगर के मरहला चौराहा, पोनी रोड तिराहा, बालूघाट मोड़, मिश्रा कालोनी झंडा चौराहा व पोनी रोड डाकतार चौराहा पर कैमरे लगवाने जा रही है। पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि पूर्व में शासन स्तर पर हुई बैठक में अपराध रोकने के लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अनुपालन में पालिका गंगाघाट कोतवाली से सम्पर्क कर कैमरे लगवायेगी। जिसके लिये पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही गुरुवार को लखनऊ से आयी एक संस्था ने सर्वे कर स्टीमेट तैयार कर देने की बात कही है।

# स्टेटिक टीम ने पकड़े 98 हजार रुपये

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर स्टेटिक और उड़नदस्ता की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। गुरुवार को बैराज मार्ग पर चेकिंग के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने 98 हजार रुपये एक कार से बरामद किये। जिस पर फ्लाइंग स्क्वॉयड की मौजूदगी में गंगाघाट कोतवाली में बरामद रुपये का जब्त करने की कार्रवाई की गई।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गुरुवार को स्टेटिक मजिस्ट्रेट रजत गुप्ता और उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला नगर में चेकिंग कर रहे थे, जहां स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने बैराज मार्ग पर आने जाने वाले चौपहिया वाहनों को रोक कर चेकिंग कर रहे थे, तभी टीम ने उन्नाव से कानपुर जा रहे उन्नाव निवासी रजत गुप्ता कार को रोका और कार की चेकिंग की।

तभी उनकी कार से 98 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई। जिस पर टीम ने उनके गाड़ी का नंबर नोट किया और उनसे पूछताछ की। स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने उड़नदस्ता टीम को जानकारी दी।



जब्त रुपयों की गिनती करता पुलिसकर्मी और अफसर। अमृत विचार

● फ्लाइंग स्क्वॉयड की मौजूदगी में गंगाघाट कोतवाली में हुई जब्ती की कार्रवाई

जिस पर वह मौके पर पहुंचे और उनकी मौजूदगी में 98 हजार रुपये लेकर गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति की मौजूदगी में रुपये जब्त करने की कार्यवाही की गई। उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट ने बताया कि बरामद रुपये को जब्त किया गया है यदि कार चालक साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है, यदि साक्ष्य पूरे करते हैं तो उन्हें पैसा वापस कर दिया जायेगा।

# फीडर में फाल्ट होने से तीन घंटे गुल रही बिजली, लोग बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार दोपहर गोपीनाथपुरम में विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान एचटी लाइन का जंपर उड़ गया। जिससे पूरे फीडर की घंटों बिजली गुल रही। इसी तरह अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने से बिजली गायब रही। जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

दोपहर करीब सवा तीन बजे गोपीनाथ पुरम में एचटी लाइन का जंपर उड़ गया। जिससे फीडर तीन की बिजली गुल हो गई। क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। शाम करीब साढ़े पांच बजे तक कार्य होने के कारण फीडर तीन के दर्जनों मोहल्लों की बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह मरहला चौराहा, सर्वोदय नगर, अंबिका पुरम, भातूफार्म में एक फेस की समस्या के कारण दिन सुबह 8 बजे से दोपहर दो बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। वहीं पोनी रोड बमबम चौराहा पर लगा विद्युत पोल टेढ़ा होने की सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने उसे सही करने का काम किया। 11 बजे फीडर की सप्लाई बंद कर मरम्मत शुरू की गई।

# भजनों पर पूरी रात झूमते रहे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीती रात शहर सीमा स्थित मसवासी गांव के दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर 501 दीपों से महाआरती हुई। बुलाए गए कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरी रात श्रद्धालु श्रोताओं को भक्ति सागर में गोते लगाने के लिए मजबूर कर दिया।

सुबह से शुरू हुए वार्षिकोत्सव में सबसे पहले आचार्यों ने यजमानों से हवन में आहुतियां समर्पित कराईं। मंदिर समिति के पदाधिकारी व श्रद्धालु भी हवन में शामिल रहे। हवन के बाद भंडारा व शर्बत वितरण शुरू हुआ। साथ ही मंदिर में स्थापित मातारानी की मूर्ति का दिव्य श्रृंगार करा 56 भोग का प्रसाद लगाया गया। शाम के 501 दीपक जलाकर मां दुर्गा की भव्य आरती की गई। इसके बाद गायक कलाकारों ने पूरी रात भक्तिपूर्ण भजन सुनाकर सभी को भक्ति भाव से भरने का सिलसिला जारी रखा। सुबह समापन पर प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम आयोजकों में पवन अग्रवाल, शशीकांत गुप्ता, मनीष मिश्रा, रिंकू सिंह, ओम प्रकाश पाल, सूरज प्रसाद व कालिका सविता सहित अन्य लोग शामिल रहे।



मां दुर्गा की 501 दीपों से महाआरती करते भक्तगण। अमृत विचार

● आयोजकों ने कराई 501 दीपों से मां दुर्गा की महाआरती

# हाईवे पर एक घंटे जाम में बिलबिलाए वाहन सवार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार दोपहर लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक ट्रक से मौरंग उतारी जा रही थी। जिससे जाम लगने लगा। कुछ ही देर में लंबा जाम लग गया। तेज धूप होने से जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। जाम को देख पहुंची जाजमऊ पुलिस ने ट्रक को हटवाया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुये।

दोपहर करीब साढ़े बारह बजे एक ट्रक चालक लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित जाजमऊ चौकी और जाजमऊ पुराने पुल के बीच ट्रक सीधा खड़ाकर मौरंग उतारने लगा। इससे कानपुर की ओर जाने वाले बड़े वाहन नहीं निकल सके और जाम लगना शुरू हो गया।

कुछ ही देर में हाइवे पर लंबा जाम लग गया। जाम में तमाम वीआईपी, लंबी दूरी के बसें, कार, बाइक के अलावा अन्य वाहन सवार फंस गये। जाम को देख पहुंची जाजमऊ पुलिस ने ट्रक को हटवाया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इस दौरान करीब डेढ़ बजे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। उस वक्त चिलचिलाती धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला गए।

## नकदी और जेवर लेकर महिला गायब

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला नकदी और जेवर लेकर घर से गायब हो गई। मोहल्ले में रहने वाले एक युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी पत्नी बच्चे को लेकर 30 अप्रैल दोपहर बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी तो उसने खोजबीन की। जहां उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। वहीं घर में रखी नकदी और जेवर गायब होने पर उसने एक युवक के खिलाफ पत्नी को ले जाने की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

लोकसभा चुनाव-2024

कमिश्नर रोशन जैकब व आईजी तरुण गाबा ने कार्मिक रवानगी स्थल व मतदान केंद्र का लिया जायजा

# मतदान स्थलों पर सुविधाओं में किसी तरह की न हो कमी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त रोशन जैकब व आईजी रेंज तरुण गाबा गुरुवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा करने पहुंचे। उन्होंने मतदान व मतगणना के लिए चल रहे प्रबंधों की हकीकत परखी। साथ ही उन्होंने सभी मातहतों को सकुशल पारदर्शी, निष्पक्ष, निर्भीक व सुचितापूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में चुनाव के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर मतदान व मतगणना कार्य कराने की तैयारियों की जानकारी लेने के साथ मंडलायुक्त ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पर बिजली, पानी, वाहन पार्किंग, सचल शौचालय व हेल्प डेस्क आदि सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी ली। साथ ही स्ट्रॉगरूम, सी एंड डी कैटेगरी के ईवीएम भंडारण हेतु स्ट्रांगरूम, मतगणना व्यवस्था, बूथों पर रैंप, शौचालय, लाईट, पंखा, पानी, छाया, बैरीकेटिंग व साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथों की समीक्षा की। इसके अलावा एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एफएसटी टीमों से संबंधित जानकारियां भी लीं। समीक्षा में वोटर गाईड/वोटर स्लिप, पोस्टल बैलेट, सर्विस वोटर, कार्मिक प्रशिक्षण, सी-विजिल एप व कंट्रोलरूम आदि भी शामिल रहे।



कैसरगंज बाजार में दुकानदारों से बात करतीं कमिश्नर रोशन जैकब व अन्य अधिकारी।

उन्होंने 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों, बीमारों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगजनों व छोटे बच्चों वाली महिलाओं को प्राथमिकता देकर पहले मतदान करने की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। कहा बूथों पर तमाम बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को छोटी से छोटी जानकारियां भी दी जाएं, जिससे निर्बाध निर्वाचन कराने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। सभी एसडीएम को बूथों में तैनात बीएलओ के माध्यम से मतदान स्थलों पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। आईजी ने जिले की सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने को कहा।

साथ ही अवैध शराब का इस्तेमाल रोकने पर जोर दिया। कहा कि इसके लिए सतत छापेमारी की जाए। सूचनाओं का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए। वीवीआईपी के कार्यक्रमों में पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात कर कड़ी सुरक्षा दी जाए। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल दोस्ती नगर स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। साथ ही नगर क्षेत्र के किला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पोलिंग का स्थलीय निरीक्षण भी किया, जहां दुरुस्त व्यवस्थाएं पाकर प्रसन्नता जताई। साथ ही मतदान केंद्र के आसपास के दुकानदारों से भी संवाद स्थापित किया। उन्होंने बाईपास मार्ग स्थित मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। अफसरों ने सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे क्रियाशील रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीईओ गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित अन्य नोडल व प्रभारी अधिकारी मौजूद थे।

# संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर मतदान करें अधिवक्ताः अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने गुरुवार को उन्नाव कचहरी पहुंचकर अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा का दायित्व निभाने के लिए अधिवक्ता भाइयों को एकजुट होकर मतदान करना चाहिए। जिससे देश की एकता व अक्षुण्यता बनाए रखी जा सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कालेजियम सिस्टम और अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन कर न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर लगातार हमला कर रही है। इससे न्यायपालिका की स्वायत्तता को आघात लगा है, जबकि देशवासियों को न्यायपालिका पर ही सबसे अधिक भरोसा है। साथ ही गरीबी, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार समाप्त करने में सपा को सक्षम बताया। रेल व वायु परिवहन को पूंजीपतियों के हाथों में सौंपा जा रहा है। इसी तरह स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र के निजीकरण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामकुमार ने इंडिया गठबंधन के लिए वोट मांगे। इसी तरह सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व विधायक उदयराज यादव व सपा नेता डा. अभिनव कुमार आदि ने भी सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में कमलेश सिंह सिसोदिया, गिरीश मिश्रा, महेंद्र बहादुर सिंह, कृष्णपाल सिंह यादव, सुरेश पांडेय, ज्ञानप्रकाश सिंह, अविनाश पटेल, बलवंत सिंह, राजेंद्र मिश्रा, नदीम हैदर, अजय गौतम, जगदीश यादव, अजय श्रीवास्तव, नरेंद्र शंकर शुक्ला, राज कुमार चौरसिया, राजीव रतन राजवंशी व कृष्णपाल सिंह चंदेल आदि रहे।



अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में समर्थन मांगतीं अन्नू टंडन। अमृत विचार

# दंगे के मास्टरमाइंड की 19 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## गंगाघाट कोतवाली के कटरी पीपरखेड़ा क्षेत्र में कमिश्नरेट पुलिस ने की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** कानपुर में नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर के आरोपी मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा उर्फ बाबा बिरयानी वाले के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार सुबह बजरिया थाना पुलिस उन्नाव जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा इलाके पहुंची। जहां आरोपी मुख्तार और उसके बेटों की लगभग 19 करोड़ से अधिक संपत्ति को डुगडुगी पिटवाकर कुर्क करने की कार्रवाई की। पुलिस ने कुर्क की गई भूमि पर सरकारी बोर्ड लगाकर खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी है।

नई सड़क पर हुई हिंसा के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर एक्ट के आरोपी बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा की उन्नाव जिले के गंगाघाट में लगभग 19 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पड़ी थी। जिसे कुर्क करने के लिए बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार को गंगाघाट क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा पहुंचे। उन्होंने राजस्व कर्मियों से पहले नापजोख कराई। इसके बाद आरोपी और उसके परिजनों की लगभग 19 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की। उक्त भूमि पर सरकारी बोर्ड लगवाए। जिस पर लिखा था कि इस जमीन को खरीदना-बेचना अपराध है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुख्तार नई सड़क दंगे का मास्टरमाइंड था। उसकी और भाई की आतंक से अर्जित की गई संपत्ति उन्नाव जिले के ग्राम हड़हा, तहसील सदर के कटरी पीपरखेड़ा में स्थित है। जिसे धारा 14 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार के पक्ष में हितबद्ध किया गया है।


डुगडुगी बजवाकर कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

- **डुगडुगी पिटवाकर कुर्की की कार्रवाई कर लगवाए गए सरकारी बोर्ड**

### इन संपत्तियों को किया गया जब्त

- गाटा संख्या 1718 छ नंबर पर 4500 वर्ग मीटर जमीन, सर्किल रेट के हिसाब से मूल्य दो करोड़ रुपये, जबकि बाजार में कीमत छह करोड़ रुपये है।
- गाटा संख्या 1800 ख में 2000 वर्ग मीटर और गाटा संख्या 1752 में 1700 वर्ग मीटर जमीन, सर्किल रेट के हिसाब से मूल्य 1.62 करोड़, जबकि बाजारी कीमत पांच करोड़ रुपये है।
- गाटा संख्या 1731 ख, 1750 ग, 1772 घ में 4050 वर्ग मीटर जमीन, सर्किल रेट के हिसाब से मूल्य 1.78 करोड़ रुपये, वहीं बाजार में कीमत साढ़े पांच करोड़ रुपये है।
- गाटा संख्या 1013 क, 1013 ख, 1015 क, 1016 क और 1017 क में 654 वर्ग मीटर जमीन, सर्किल रेट के हिसाब से मूल्य 1.19 करोड़ रुपये, जबकि बाजार में कीमत करीब ढाई करोड़ रुपये है।

### दो दिन पहले जब्त की थी 1.78 करोड़ की संपत्ति

मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा की अपराध से अर्जित 1.78 करोड़ की सम्पत्ति दो दिन पहले ही पुलिस ने जब्त की थी। आरोपी के खिलाफ 28 जुलाई 2022 को पूर्व इंस्पेक्टर बेकनगंज अजय कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। इसमें मुख्तार बाबा के अलावा बिल्डर हाजी वसी, अकील खिचड़ी और शफीक उर्फ भतीजा को आरोपी बनाया गया था। डीसीपी सेन्ट्रल आर एस गौतम ने बताया था कि आरोपी के खिलाफ बेकनगंज बजरिया समेत अन्य थानों में 11 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## रोजगार सेवक को उड़नदस्ते में लगे वाहन के चालक ने पीटा

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर खुर्द निवासी एक रोजगार सेवक ने सचल दल वाहन के चालक पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

घाटमपुर खुर्द निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह बीघापुर ब्लॉक में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है। लोकसभा निर्वाचन को लेकर उसकी ड्यूटी उड़न दस्ते के साथ वीडियोग्राफी करने के लिए लगी है। बीते बुधवार उसकी शाम चार से रात 12 बजे तक ड्यूटी थी। बताया कि उड़न दस्ते के लिए लगे वाहन के चालक बारासगवर थानाक्षेत्र के खरझारा गांव निवासी आशीष कुमार ने उससे गालीगलौज कर मारपीट की। इसमें उसे चोटें भी आई हैं। एसओ राजपाल ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दुधमुंहे बच्चे की हुई मौत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- **बच्चे की मां ने पति पर तो दादी-बाबा ने बहू पर लगाए मारने के आरोप**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्रजपालपुर में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने पत्नी को जमकर पीट दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस पति को पकड़कर कोतवाली लाई और हवालात में कर दिया। पुलिस द्वारा पति पर कार्रवाई करने के बाद महिला अपने आठ माह के बच्चे को लेकर मायके चली गई। गुरुवार सुबह बच्चे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना मिलने पर बच्चे की दादी ने अपनी बहू पर नाती की हत्या का आरोप लगाते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग एसपी से की है। इसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की है।

ब्रजपालपुर गांव निवासी हर्ष के बेटे आशीष की शादी दो साल पहले आसीवन के सिर्सचेरी गांव के सुंदर लाल की बेटी नंदनी से हुई थी। आरोप है कि आशीष आए दिन पत्नी से विवाद करता है। बीते बुधवार भी वह घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। विरोध करने पर उसने पत्नी को जमकर पीट दिया। तभी पत्नी ने पीआरवी को फोन कर शिकायत कर दी। पीआरवी सिपाही पहुंचे और दोनों को कोतवाली ले आए और पति पर शांतिभंग की कार्रवाई कर बंद कर दिया। पति पर कार्रवाई होने के बाद महिला अपने आठ माह के बच्चे अयांश को लेकर मायके चली गई। गुरुवार सुबह जब बच्चे की मौत की खबर मिली तो परिजन अवाक रह गए। बच्चे की दादी सविता ने नाती की मौत पर संदेह जताते हुए एसपी से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। वहीं, नंदनी ने पति द्वारा मारपीट करते समय बेटे को चोट लगने की बात कही है। इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# किसानों के बच्चों को स्वावलंबी बनाने के लिए बांटे कंप्यूटर व सिलाई मशीन

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** इफको फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा क्षेत्रीय किसानों के बच्चों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से अनन्य फाउंडेशन को सिलाई मशीन व कंप्यूटर सेट दिए गए। कहा कि उपकरण क्षेत्र के किसानों के बच्चों को स्वावलंबी बनाने में सहायक होंगे।

इफको फर्टिलाइजर बाजार लिमिटेड की सीएसआर पहल द्वारा फतेहपुर चौरासी ब्लॉक में स्थित अनन्या फाउंडेशन को क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर पट्टी परशुराम शकुराबाद आदि आसपास के कृषक परिवारों के बच्चों को सिलाई कढ़ाई व कंप्यूटर शिक्षा में स्वावलंबी बनाने हेतु 30 सिलाई मशीन व 15 कंप्यूटर सिस्टम निःशुल्क दिये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मधुलिका शुक्ला ने फाउंडेशन के प्रशिक्षण कर्ताओं को निःशुल्क सिलाई मशीन व कंप्यूटर बांटे। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर से जहां क्षेत्र के किसान भाईयो के बालक कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे वहीं बालिकाएं सिलाई मशीनों से सिलाई कढ़ाई की कला सीख स्वावलंबी बनेंगी।

साथ ही साथ उन्होंने इफको के आधुनिक उत्पाद नैनो यूरिया नैनो डीएपी सागरिका तरल कंसोडिया के बारे में भी उपस्थित जनमानस को बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तथा अनन्या फाउंडेशन के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा अपने फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष आनंद अवस्थी राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति भारतीय जनता पार्टी ने अनन्या फाउंडेशन के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष तथा समिति संचालक मंडल के समस्त सदस्यों के साथ जुड़कर कार्य कर रहे सभी सहभागियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इफको ई बाजार लिमिटेड द्वारा किया गया।


कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## तालाब में उतराता मिला अधेड़ का शव

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के भगवंत नगर कस्बा में तीन दिन से लापता अधेड़ का गुरुवार को तालाब में शव उतराता देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

भगवंतनगर टाउन एरिया के वार्ड संख्या 6 के निवासी पप्पू मंगलवार से घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को उसके घर के पास स्थित तालाब में मोहल्ले वालों ने उसका शव उतराते देखा। देखते ही देखते वहां काफी भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने उसके परिजनों को सूचना दी। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया। बेटा जितेंद्र, कन्हैया, बेटी राधा सहित पत्नी सियादुलारी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# देनदारी से बचने को रची लूट, गोलीकांड की कहानी

**खुलासा**

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद में 25 अप्रैल की रात एक लकड़ी कारोबारी को गोली मारकर जेवर और नगदी समेत करीब एक करोड़ की लूट की सूचना पर पुलिस सकते में आ गई थी। रात से शुरू हुई जांच के बाद पुलिस को घटना फर्जी होने के सबूत हाथ लगे थे। सीओ की अगुवाई में गुरुवार को पूरे नाटकीय घटनाक्रम की परत खुली तो मामला लोगों की करोड़ों रुपए की देनदारी से बचने के लिए रचा गया निकला। पुलिस ने इसमें सहयोग करने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया है।

बता दें कि कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी अनवारुद्दीन के बेटों पर मनी ट्रेडिंग के नाम पर नगर व क्षेत्र के सैकड़ों निवेशकों के करीब 500 करोड रुपए से अधिक रकम हड़पने के आरोप हैं। निवेशकों में बांगरमऊ के दर्जनों व्यापारी व राजनेता से लेकर तहसील क्षेत्र के अधिकारी तक शामिल हैं। कथित ट्रेडर्स द्वारा धोखाधड़ी करने के बाद कुछ निवेशकों द्वारा कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र भी दिए गए हैं। मोहल्ला तालाब निवासी अदनान तथा अरबाज पुत्र अनवारुद्दीन आदि करीब एक साल से मनी ट्रेडिंग के नाम पर कस्बा गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ व मल्लावां सहित क्षेत्र के कई गावों व कस्बों के लोगों से 15 से 20 फीसदी माहवारी ब्याज देने का वायदा कर प्रति व्यक्ति निवेशक से एक लाख से लेकर एक करोड़ रुपए तक का निवेश कराया था। विश्वास जताने के लिए निवेशकों को ब्याज के नाम पर कुछ रकम लौटाई भी थी।

इसी रुपए से इन लोगों ने लखनऊ समेत क्षेत्र में करोड़ों रुपए की जमीन भी खरीदी। मार्च माह से इन लोगों ने निवेशकों का पैसा वापस करना बंद कर दिया और तरह-तरह के बहाने बनाने लगे। हद तो तब हो गई कि जब बीते 25 अप्रैल को ट्रेडर्स के पिता अनवारुद्दीन ने घर मे घुसकर गोली मारने व करीब एक करोड रुपए का माल लूटने का नाटक रच दिया। हालांकि पुलिस की जांच में पूरी घटना फर्जी निकली। सीओ अरविंद चौरसिया की अगुवाई में पुलिस टीम की जांच में मामला परत दर परत खुलता चला गया। सीसीटीवी फुटेज में जिन लोगों को लुटेरा बताया गया और बैग ले जाते दिखे थे। पुलिस उन तक भी पहुंची तो उन्होंने सच्चाई कबूल दी। बताया कि बैग में तकिया भरी थी। पुलिस ने बाइक बरामद करते हुए उन्हे हिरासत में लिया है। सीओ ने बताया मामला पूरी तरह फर्जी है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।


कोतवाली में मौजूद आरोपी। अमृत विचार


पुलिस द्वारा बरामद की गई बाइक।

# विद्यार्थियों को कराया गया विज्ञान का प्रायोगिक ज्ञान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिछिया विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर (पड़री) के विद्यार्थियों को सपोर्टिव सुपरविजन के तहत विज्ञान विषय का प्रयोगात्मक शिक्षण कार्य कराया गया। एआरपी शशांक सिंह चौहान ने प्रधान शिक्षक संजय कनौजिया की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को सरलता से विज्ञान विषय समझने की जानकारी दी।

एआरपी ने बच्चों को बिना किसी खर्च के होने वाले वैज्ञानिक प्रयोग बताए। कहा कि विज्ञान सिद्धांतों पर आधारित है, जिसे प्रयोगों से साबित किया जा सकता है। इस विषय को रटना नहीं समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकाश परावर्तन व अपवर्तन के प्रयोग करके भी दिखाए। इसके अलावा जनरेटर, न्यूटन का नियम, कमानीदार तुला, घिरनी व लेंस की संबंध में समझाया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विज्ञान आसानी से समझ आने वाले तरीके से समझाएं।


प्रयोग के माध्यम से शिक्षण कार्य कराते एआरपी शशांक सिंह चौहान।

## बेकाबू हुई बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे सवार दो युवकों को गंभीर चोटें आ गईं। उन्हें मियागंज सीएचसी लाया गया। जहां से डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाहपुर सिंधौरा निवासी जवाहर व विपिन के साथ गुरुवार को बाइक से कस्बा मियागंज घरेलू सामान खरीदने गये थे। लौटते समय सफीपुर-मियागंज मार्ग स्थित गांव के मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। गिरने से दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

# छेड़छाड़ के आरोपी को चार साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने युवक को दोषी ठहराते हुए चार साल के सश्रम कारावास के आदेश दिये। इसके साथ ही उस पर 43 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 23 अक्टूबर-2014 की दोपहर तीन बजे उसकी बेटी घर के बाहर बैठी थी।

तभी गांव निवासी सुनील पुत्र राधे लाल ने बेटी से मारपीट की थी। विरोध करने पर जब उसकी छोटी बेटी वहां पहुंची तो उसने उससे छेड़छाड़ करते हुए पीट दिया था। लड़की के शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख युवक मौके से भाग निकला था।

पिता की तहरीर के आधार पर बांगरमऊ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना की विवेचक वीरेंद्र ने विवेचना करने के बाद 12 नवंबर-2014 को आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। पक्ष-विपक्ष की तरफ से अदालत में तमाम दलीलें प्रस्तुत की गईं। मामले की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे-11 विवेकानंद विश्वकर्मा ने फैसला सुनाया। अदालत ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई की दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर सुनील को दोषी ठहराया। चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 43 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। इस धनराशि में आधा पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया।



- **23 अक्टूबर 2014 को दोपहर तीन बजे हुई थी घटना**
- **दलीलों व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने दोषी करार दिया**

# तेज तपिश के कारण जायद की फसल वक्त से पहले झुलसी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- **लागत भी न निकल पाने से किसान हो गए मायूस**

**अमृत विचार।** इस बार सर्दी काफी अच्छी पड़ी, जिससे जायद फसल अच्छी होने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सर्दी के खत्म होते ही तेज गर्मी पड़ने लगी। लू के थपेड़ों और सूरज की ताप के कारण जायद की फसल समय से पहले ही झुलस गई। जिससे किसानों की लागत नहीं निकल पा रही है।

इस बार मार्च माह से ही ककड़ी, खीरा बाजार में गला तर करने को आ गये थे। इधर अप्रैल के अंतिम सप्ताह से लेकर मई के पहले सप्ताह में आग बरसाने वाली तेज धूप ने हरी भरी किसानों की खीरा, ककड़ी, कद्दू, करेला, लौकी, तरोई, धनिया की फसल को समय से पहले ही झुलसा दिया। सूरज की तेज ताप के कारण फसल दिनों दिन झुलसती जा रही है। फसल बर्बाद होते देख किसान भी मायूस होने लगे हैं। रेती की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि पंपिंग सेट से दिन में दो बार फसल में पानी लगाया जाता है इसके बावजूद दोपहर की तेज धूप ने फसल को झुलसा दिया है। अगर ऐसे ही धूप निकली तो जो फसल अभी बची हुई है वह समय से पहले ही झुलस जायेगी। जिससे जायद की फसल बोने वाले किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**मातृ-शक्ति सम्मेलन** राज्य मंत्री ने कहा, स्वावलंबी होकर परिवारों की आयवृद्धि में अहम भूमिका निभा रहीं महिलाएं

# मोदी ने दिया नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर स्थित एक गेस्ट हाउस में भाजपा का मातृ-शक्ति सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास व पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र के अलावा प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। इससे महिलाओं के स्वावलंबन के साथ परिवारों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। कहा कि सर्वाधिक योजनाएं महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार कराई गईं। जिससे महिलाओं को न सिर्फ परिवार बल्कि समाज में महत्व मिल रहा है। वह स्वावलंबी होकर परिवारों की आयवृद्धि में अहम भूमिका निर्वहन करा पा रही हैं।

उज्जवला योजना ने माताओं-बहनों को चूल्हे के धुएं से निजात दिलाई है। साथ ही इज्जत घरों का निर्माण करा खुले में शौच के लिए जाने की समस्या से भी मुक्ति दिला दी है। इसके अलावा बहन-बेटियों को शिक्षित-प्रशिक्षित बनाकर स्वावलंबन की भावना को मूर्त रूप दिलाया है। वह सिलाई-कढ़ाई सहित अन्य रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबन की राह पकड़कर भावी पीढ़ी का जीवन सवांर रही हैं। इसी तरह कृषि क्षेत्र में ड्रोन का इस्तेमाल शामिल कर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाई गई है। महिलाओं को स्वारोजगार स्थापना के लिए बिना ब्याज व कम ब्याज दरों पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वह स्वयं के साथ परिवारों की आत्मनिर्भरता बढ़ाकर देश को भी इसी दिशा में आगे ले जाने में सहायक साबित हो रही हैं। पीएम ने मजबूत इच्छाशक्ति के साथ मातृशक्ति को सामाजिक, आर्थिक, सांकृतिक व खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलताएं अर्जित करने का रास्ता खोल दिया है। इसीलिए मातृशक्ति भाजपा के लिए मतदान करते हुए फिर से नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना सुनिश्चित करेंगी। इसीलिए विपक्ष बखौलाया हुआ है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक सदर पंकज गुप्ता, मनीष जायसवाल, साधना दीक्षित, सुमनलता कुरील, चेयरमैन श्वेता भानू मिश्रा, नगर पालिका गंगाघाट की चेयरमैन कौमुदी पांडेय, सुरुचि अग्निहोत्री, ममता द्विवेदी व श्रद्धा वाजपेयी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।


राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला को स्मृति चिह्न देते जिलाध्यक्ष व विधायक सदर।

## सीटी स्कैन मशीन फिर हो गई खराब

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में लगी सीटी स्कैन मशीन गुरुवार दोपहर अचानक फिर से खराब हो गई। इसके बाद जांच कराने आए मरीजों मायूस हो कर वापस लौटना पड़ा।

जिला अस्पताल के आपात कालीन ब्लाक में दुर्घटना में घायल व अन्य मरीजों को डाक्टर के परामर्श पर निःशुल्क सीटी स्कैन किया जाता है। इससे गरीब मरीजों को काफी राहत मिलती है। लेकिन करीब हर तीसरे माह में मशीन में खराबी आने पर हफ्तों के हिसाब से मरीजों को वापस लौटना पड़ता है या मजबूरन निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। गुरुवार को सीटी स्कैन की कुछ जांचे हो पाई इसके बाद सॉफ्टवेयर में खराबी आने से जांच होना ठप हो गई। कर्मियों ने कुछ प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। कर्मियों ने इसकी सूचना पर सीएमएस को दी है।

# खराब हो गए हैंडपंप, पेयजल संकट से जूझ रहे हजारों ग्रामीण

संवाददाता आसीवन उन्नाव

- **लगातार गुहार लगाने के बाद भी प्रधान व अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**
- **परेशान ग्रामीणों ने अब सीडीओ से इसकी शिकायत करने की कही बात**

**अमृत विचार।** मियागंज ब्लाक क्षेत्र की महेंद्र ग्राम पंचायत के बाशिंदे इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के बार-बार फरियाद लगाने के बाद भी ग्राम प्रधान खराब इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत नहीं करा रहे हैं। इसी तरह ब्लाक कार्यालय में भी समस्या को अनदेखा किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत में स्थापित तमाम हैंडपंप गर्मी में जलस्तर नीचे चले जाने से क्षमता के मुताबिक पानी नहीं दे रहे हैं। वहीं सबसे अधिक आबादी को पानी मुहैया कराता आ रहा हैंडपंप कुछ माह पूर्व खराब हो गया था। इसकी मरम्मत कराने के लिए ग्रामीण कई बार ग्राम प्रधान से फरियाद कर चुके हैं। लेकिन, प्रधान ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इससे ग्राम पंचायत निवासियों को गर्मी में पेयजल सहित अन्य जरूरतें पूरी करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान की अनदेखी पर ब्लाक कार्यालय जाकर पीड़ा सुनाई लेकिन, वहां के कर्मचारियों ने भी अनसुना कर दिया।

वहीं बीडीओ सहित ब्लाक के अधिकारी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हैं। जिससे अधिकारियों को फरियाद सुनाना संभव नहीं हो रहा है। अब ग्रामीण सीडीओ कार्यालय जाकर शिकायत करने की तैयारियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के चलते नेता वोट मांगने तो पहुंच रहे हैं, लेकिन कोई हैंडपंप की मरम्मत कराने को तवज्जो नहीं दे रहा है।


खराब इंडिया मार्का हैंडपंप।

## एक नजर

### बीए (प्रथम) सेमेस्टर का ऑनलाइन दाखिला शुरू

**हरदोई।** आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए (प्रथम) सेमेस्टर 2024-25 का दाखिला शुरु है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राएं लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद महाविद्यालय की वेबसाइट पर एप्लिकेशन अपलोड कर उसका प्रिंट आउट जमा करें। विश्वविद्यालय की शर्ते पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को ही दाखिला दिया जाएगा।

### पैरालाइसिस के शिकार एसआई की घर पर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पीएचक्यू (पुलिस हेड क्वार्टर) में तैनात एसआई पैरालाइसिस होने के बाद से बीमार थे। उनकी बुधवार को घर में ही मौत हो गई। पाली पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। पाली थाने के सूरापुर सिघुंआपुर निवासी एसआई कुलदीप तिवारी (52) पीएचक्यू में तैनाती के दौरान पैरालाइसिस के शिकार हो गए थे। करीब एक साल से घर में ही रहते हुए इलाज चल रहा था। बुधवार को घर में ही उनकी मौत हो गई। एसआई कुलदीप तिवारी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी संध्या, आयुषी और दो बेटे आदित्य व अभिषेक है।

# वोटरों को बूथ तक ले जाने को खुद मैदान में उतरे डीएम

## डोर टू डोर कैंपेन कर रहे जिला निर्वाचन अधिकारी एमपी सिंह, मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग एड़ी चोटी का जोर लगाये हुए है। लेकिन दो चरणों में मत प्रतिशत गिरने से निर्वाचन आयोग से लेकर राजनीतिक दलों की धड़कनें तेज हो गई हैं। क्योंकि मतदान प्रतिशत का गिरता लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

हरदोई के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में पूरी ताकत लगाये हुए हैं। भीषण गर्मी में वह खुद भी मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं और मताधिकार का महत्व समझा रहे हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी ने महोलिया शिवपार गांव में घर घर जाकर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। हरदोई संसदीय सीट पर चौथे चरण यानि 13 मई को मतदान होना है। ऐसे में मतदान होने में अब दो सप्ताह से कम का समय बचा है, फिर भी चुनावी चर्चा में खामोशी कहीं न कहीं मतदाता की निराशा की ओर इशारा करता दिखाई दे रहा है। मतदाताओं की निराशा का मुख्य कारण नेताओं का वोट लेकर विकास न करना और उनके सुख-दुख में सहभागी न बनना भी हो सकता है। लोगों का कहना है कि जो एक बार जीत जाता है वह पूरे पांच साल क्षेत्र में दिखाई नहीं देता। हारने वाले नेता जी भी अपने घरों में बैठ जाते हैं। इस बार के चुनाव में पूरे जिले में मतदाताओं की खामोशी से चुनावी मौसम में सन्नाटा पसरा हुआ है। जहां एक ओर सत्तारूढ़ दल कार्यकर्ता सम्मलेन, जातीय समीकरण साधने के लिए जातीय सम्मेलन करती नजर आ रही है। उसमें भी ब्राह्मणवाद का बोलबाला ही दिखाई देता है। वहीं विपक्षी दल इण्डिया गठबंधन की प्रत्याशी मतदाताओं के घर तक पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में रात दिन एक किये हुए हैं, लेकिन हरदोई में मतदाताओं की खामोशी के चलते सभी नेताओं के पसीने छूट रहे हैं। हरदोई संसदीय सीट पर सत्तारूढ़ दल से सिटिंग सांसद जयप्रकाश रावत प्रत्याशी हैं। जयप्रकाश लम्बे समय से इस सीट पर चुनाव लड़ते चले आ रहे हैं। कई बार सांसद भी रहे वर्तमान में भी सांसद हैं। लेकिन हरदोई की जनता में उनके रवैये को लेकर नाराजगी है। वहीं विपक्षी दल इण्डिया गठबंधन से ऊषा वर्मा प्रत्याशी हैं। सन 1998 से संसदीय राजनीति में आयी ऊषा वर्मा पर सपा लगातार दांव लगा रही है। बसपा ने इस बार इटावा के बीआर अंबेडकर को प्रत्याशी बनाया है। जो इस ससंदीय क्षेत्र में एकदम नये है। ऐसे में निर्वाचन आयोग के लाख प्रयासों के बाद भी मतदाता मतदान में रूचि लेता कम दिखाई दे रहा है। दोनों प्रमुख पार्टियों ने अपने पुराने प्रत्याशियों को ही मैदान में उतारा है जबकि जनता इन्हें कई बार कसौटी पर कस चुकी है। लोगों को मतदान के लिए उत्साहित नहीं कर पा रहे हैं। शायद यही वजह है कि हरदोई संसदीय सीट पर मतदाता अपनी चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं है।




### डीएम ने थामी बाइक की स्टीयरिंग व एसपी बैठे पीछे

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के तहत गुरुवार को डीएम चौराहे से मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली नुमाइश चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा चौराहा, कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। रैली के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वयं बाइक चलाते हुए रैली का नेतृत्व किया। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी भी उनके साथ बाइक पर बैठे। मार्ग में कई स्थानों पर आम मतदाताओं ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। रैली के समापन स्थल पुलिस लाइन में जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। रैली में बड़ी संख्या में विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व आमजन ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ रामप्रकाश व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री की जनसभाओं को लेकर तैयारियां शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान 5 मई को मल्लावां 6 मई को शाहबाद और 10 मई को हरदोई में जनसभा करेंगे। यह तारीखें अभी संभावित है। न ही अभी समय निर्धारित हुआ है, लेकिन भाजपा नेताओं और प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बुधवार की रात मल्लावां पहुचकर जनसभा स्थल की सभी व्यवस्थाएं देखीं। मुख्यमंत्री के आने की तैयारियां तेज हो गयी है। पहली जनसभा मल्लावां के बाद दूसरी जनसभा शाहबाद में होगी। जिले में मुख्यमंत्री 3 बार अलग अलग जगहों व अलग-अलग तारीखों में आएंगे। सीएम के 5 मई के संभावित कार्यक्रम को लेकर एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बुधवार की रात मल्लावां पहुंचकर हेलीपैड व जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। सभा में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था को लेकर स्थान चयन किया। बताया गया है कि अभी कोई लिखित आदेश नहीं आया हैं। अचानक कार्यक्रम हो इसके लिए पहले से तैयारी शुरू की गई हैं। भजापा के जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गयी है।







प्रशिक्षण में मौजूद कार्मिक व मतदान की बारीकियां बताते मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

# मतदान कार्मिक प्रशिक्षण अच्छी तरह से समझें ताकि न हो कोई समस्या : डीएम

**हरदोई**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों के चल रहे द्वितीय प्रशिक्षण व कार्मिकों के मतदान हेतु बनाये गए फैसिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण किया। मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि कार्य क्षेत्र में कोई समस्या न आये। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के उपरांत जल्द से जल्द कार्मिकों से फॉर्म 12 ए व फॉर्म 12 संकलित किये जाएं। 12 ए फॉर्म जमा करने वाले कार्मिकों की ईडीसी तत्काल तैयार कर ली जाये। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त काउंटर भी लगाए जाएं। व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुरुष व महिला सुरक्षाकर्मी तैनात किये जाएं। फॉर्म भरने में कार्मिकों की पूरी सहायता की जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी उपस्थित रहे।

### प्रभारी अधिकारी सुबह से रहें मुस्तैद

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला मजिस्टेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि पोलिंग पार्टी रवाना के लिए लगायी गई ड्यूटी में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डा. आरपीशर्मा, मो 09412813258 को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएसएन कालेज में रिजर्व कार्मिकों के बैठने के स्थल तथा संबंधित पंडाल प्रभारी द्वारा रिप्लेस आर्डर किए जाने पर संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट को कार्मिक उपलब्ध करायेंगे। सहायक अभियंत्रण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग संजीव दीक्षित 9415175934 को आईटीआई ईवीएम में टेक्नीशियन पंडाल के प्रभारी का दायित्व दिया गया है। नामित अधिकारियों से कहा है कि 12 मई की प्रातः 6 बजे के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करा ली जायें। प्रभारी अधिकारी निर्धारित स्थल पर प्रातः 6 बजे से पूर्ण मुस्तैद रहें।

# घर-घर जाकर मतदाता पर्ची बांट रहे बीएलओ

**हरदोई**

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदाता पर्ची बांटने का काम शुरू हो गया है। पर्ची बांटने के लिए बीएलओ भरी दोपहरी में लोगों के घरों की कुंडियां खटका रहे हैं। छह दिन में 30 लाख से अधिक वोटरों को मतदाता पर्ची बांटनी है। तय समय में पर्चियां बांटने में बीएलओ के पसीने छूट रहे हैं। रात-दिन मेहनत कर वह मतदाताओं को मतदाता पर्ची व मतदाता मार्ग दर्शिका बांटने के काम में लगे हुए हैं।

पर्चियां बांटने के लिए 3,328 बीएलओ काम कर रहे हैं। 30 तारीख से 5 मई तक 30 लाख 12 हजार 336 मतदाता पर्ची बांटनी हैं। प्रत्येक बीएलओ को एक दिन में लगभग 200 पर्चियां बांटने का लक्ष्य दिया गया है। पर्ची बांटने के लिए बीएलओ भरी दोपहर में मतदाताओं की कुंडी खटकाने में जुटे हुए हैं। अधिकांश बीएलओ शिक्षा विभाग से जुड़े हुए हैं। 1 बजे विद्यालय की छुट्टी होने के बाद यह मतदाता पर्ची बांटने का काम शुरू करते हैं। देर रात तक लोगों के घरों पर यह दस्तक देते हैं। वहीं धूप से बचने के लिए कई बीएलओ भोर होते ही पर्चियों के साथ निकल पड़ते हैं।



युवा मतदाता को वोटर पर्ची देतीं बीएलओ। अमृत विचार

### कहां, कितनी पर्चियां

हरदोई लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में 4,17,928 पर्चियां वितरित होनी है। शाहाबाद में 3,66,938, हरदोई में 4,22,834, गोपामऊ में 3,57,271, सांडी में 3,42,485 मतदाता पर्चियां बांटी जानी हैं। इसी प्रकार मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में 3,94,345, बालामऊ विधानसभा क्षेत्र में 3,58,450 तथा संडीला विधानसभा क्षेत्र में 3,52085 मतदाता पर्चियों का वितरण छह मई तक किया जाना है।

### मतदाता मार्ग दर्शिका का भी हो रहा वितरण

मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान करने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए बीएलओ मतदाता पर्ची के साथ मतदाता मार्ग दर्शिका का वितरण भी किया जा रहा है। पांच मतदाताओं पर एक मतदाता मार्ग दर्शिका दी जा रही है। इस कारण पूरे-पूरे दिन बीएलओ पर्ची व मार्ग दर्शिका बांटनी पड़ रही है।

### सैकड़ों मतदाता लापता

मतदाता पर्ची बांट रहे बीएलओ के सामने एक समस्या यह भी आ रही है कि तमाम मतदाताओं के नाम, पता, फोटो गलत होने या मतदाता के दूसरी जगहों पर रोजगार के कारण बाहर रह रहे हैं। ऐसे मतदाताओं को ढूंढ़ना बीएलओ के लिए टेढ़ी खीर है।

# टॉस जीतकर जयपुरिया इलेवन की बल्लेबाजी

**हरदोई**

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को हरदोई हेरिटेज कप का पांचवा मैच जयपुरिया इलेवन बनाम कॉन्सेप्ट इलेवन के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया इलेवन ने 36.4 ओवर में 240 रन बनाए। जयपुरिया इलेवन की तरफ से सक्षम गुप्ता ने शानदार शतक जड़ते हुए 100 रन, योगेश कुमार ने 58 रनों का योगदान दिया। कॉन्सेप्ट इलेवन की तरफ से शिष्ट द्विवेदी, फैयाज गाजी ने 3-3 विकेट लिए सूरज दीक्षित ने 2 विकेट, सत्यम मिश्रा ने 1 विकेट लिया तथा 1 खिलाड़ी रन आउट हुआ।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कॉन्सेप्ट इलेवन की टीम पूरी 33 ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी। मैच में जयपुरिया इलेवन ने 82 रनो से जीत दर्ज की। इस मैच में मैन ऑफ द मैच जयपुरिया इलेवन के सक्षम गुप्ता को मिला। शुक्रवार को इस प्रतियोगिता का छठा मैच सुबह आठ बजे से खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो. हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।

### बहन की ससुराल पहुंच भाई ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** काफी अरसे तक बहन की ससुराल में रह रहा उसका भाई अपने गांव चला गया और गुरुवार की सुबह वहां से फिर बहन की ससुराल पहुंचा और वही गांव के बाहर फांसी लगा ली। हरियावां थाने के भदेउरा निवासी मुंशी (65) की बहन की ससुराल सवायजपुर कोतवाली के लालाभूप मजरा सहिजना में है। अरसा पहले मुंशी अपनी बहन की ससुराल में ही रहता था, लेकिन बीच में अपने गांव चला गया। गुरुवार को लालाभूप गांव के बाहर देखा गया कि कोई शव पेड़ से लटक रहा है, वहां लोगों की भीड़ लग गई। शव की शिनाख्त मुंशी के रूप में की गई।

# पानी भरने को लेकर हुआ विवाद

**बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ससेडा गांव में पानी भरने के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिलग्राम थाना क्षेत्र के ससेडा गांव निवासी राम गुलाम सरकारी नल से पानी भरने गए थे। तभी विपक्षी मनोज, विश्राम, संतोष, वासुदेव ने रामगुलाम के साथ गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दी। मारपीट होते ही रामगुलाम के घर वाले भी आ गए। इसके बाद दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें प्रथम पक्ष की ओर से रामगुलाम, चुन्नीलाल, हेमराज, मुन्नू लाल, घायल हो गए वहीं द्वितीय पक्ष की ओर से मनोज, विश्राम, संतोष व वासुदेव के भी गंभीर चोट आई हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया जहां सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने दोनो पक्षों से बातचीत करते हुए बताया कि पानी भरने को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है फिलहाल दोनों पक्ष की ओर से एक दूसरे के ऊपर मारपीट का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है जो भी आरोपी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।।



अस्पताल में भर्ती घायल।

▸▸ **दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, चार लोग घायल**

## सार-संक्षेप

### पीड़िता ने लगाई उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के एक मोहल्ले से बहला फुसलाकर कर भगाई गई किशोरी की मां ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है। उसने एसपी सहित जनसुनवाई में पुलिस पर कार्रवाई न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित मां के अनुसार उसकी पुत्री 29 अप्रैल को सुबह घर से छोटे भाई के साथ दवा लेने जा रही थी। उसी समय बेटी को तमंचे के बल पर अगवा कर लिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का आरोप है उसकी पुत्री को ले जाने वाले आरोपी के घर पुलिस एक बार भी पूछताछ करने नहीं गई है। पीड़िता ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कोतवाली पुलिस ने उसके प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज न करते हुए सादे कागज पर अंगूठा लगवाकर रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी रहमान और मुशीर निवासी कांशीराम कालोनी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर बिना नंबर के चार पहिया वाहन से उसकी पुत्री को अगवा किया है, लेकिन पुलिस ने बाकी आरोपियों को हटाते हुए केवल रहमान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक सहित मुख्यमंत्री के जन सुनवाई पोर्टल पर भी अपनी गुहार दर्ज करवाई है।

### बाल विवाह रोकने के लिए करे प्रशासन को फोन

**हरदोई, अमृत विचार।** 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर ज्यादातर बाल विवाह होने की वजह से बेटियों को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ना सहनी पड़ती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बाल विवाह के बचाव के लिए समस्त संस्थाओ, महिला समूह, ग्राम प्रधानो एवं आगंनबाडी कार्यकत्रियो, आशा बहुओं, समाज सेविकाओं से अपील है कि बाल विवाह को जनपद में खत्म करने के लिए, बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए कृपया बाल विवाह रोकथाम के लिए 181,1098, एवं 112 नम्बर पर कॉल करे या सीधे जिला प्रोबेशन कार्यालय या जिला बाल संरक्षण इकाई रेलवेगंज हरदोई में सम्पर्क करें। लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम होती है तो बाल विवाह कहा जाता है। बाल विवाह सम्पन्न कराये जाने वाले व्यक्ति जैसे पंड़ित, मौलवी, माता-पिता, दोस्त इत्यादि को दो वर्ष की कड़ी सजा या एक लाख का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।



दंडवत करते हुए खाटू श्याम के दर्शन को जाते संत सुमेर बाबा उर्फ दयालू बाबा।

### दंडवत करते हुए संत सुमेर बाबा पहुंचेंगे खाटू श्याम

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड की ग्रामपंचायत शुक्लापुर भगत निवासी संत सुमेर बाबा उर्फ दयालू बाबा अपने सहयोगी कन्नौज निवासी श्यामसुंदर के साथ मंगलवार 30 अप्रैल को खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए दण्डवत यात्रा कर रवाना हुए। सुमेर बाबा ने बताया कि उनकी यह तीसरी यात्रा है पहली यात्रा सुनासीर नाथ मल्लावां दूसरी यात्रा अयोध्या व तीसरी यात्रा खाटू श्याम के लिए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपने सहयोगी के साथ दैनिक उपयोग की वस्तु व कुछ खाने की सामग्री साईकल पर बांध रखी है। कन्नौज, फरुखाबाद, मैनपुरी, आगरा, मेंहदीपुर बाला जी होते हुए खाटू श्याम पहुचेंगे। कब तक खाटू पहुँचने के सवाल पर सुमेर बाबा कहते कि कोई समय सीमा तय नही है प्रचंड गर्मी के मौसम में दण्डवत यात्रा करनी सहज नही है प्रभू श्री श्याम की जब इच्छा होगी तब दर्शन प्राप्त होंगे इसके लिए एक वर्ष या 2 वर्ष लग जाय यात्रा पूरी कर ही वापस लौटेंगे।

# शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

**हरदोई**

**अमृत विचार।** विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत नयागांव हबीबपुर के चन्द्रा देवी शिक्षण निकतेन हायर सेकेण्डरी नयागांव हबीबपुर में बूथों का निरीक्षण किया गया। मतदान जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया व मतदाता शपथ दिलायी गयी।

प्राथमिक पाठशाला रारा के बूथ संख्या 317, 318, 319 तथा प्राथमिक पाठशाला अनंगबेहटा के बूथ संख्या 293, 294, 295 का निरीक्षण किया गया तथा दोनों ग्रामों में घर-घर कलेण्डर का वितरण करते हुए सपरिवार मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। प्रा. पा. खेड़ा के बूथ संख्या 296, 297 तथा मढ़िया फकीरन के बूथों का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, श्री मिथिलेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी साख्यिकी, श्री राकेश पाल, सचिव, के साथ प्राधानाध्यापक व अन्य शिक्षक/शिक्षिकाएं/बीएलओ एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत कछौना पतसेनी के राजकीय दीक्षा विद्यालय कछौना मतदान केन्द्र के मतदेय स्थल 237 एवं 240 पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लिपिक जय बहादुर सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओ से अपील की गई कि 13 मई को परिवार के साथ स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। विद्यालय में बच्चों से संवाद करते हुए कि वह लोग अपने माता पिता और अन्य संबंधियों को मतदान के बारे में अवश्य बतायें। इसके पश्चात स्वीप कलेंडर व पम्पलेट वितरण किए गए। इस अवसर पर राजकीय दीक्षा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह, प्रवीण कुमार, सौरभ गुप्ता, शकील एवं नगर पंचायत कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

### 27 को होगी बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता शारदा नहर अखिलेश गौतम ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्भावित बाढ़ की स्थिति से उत्पन्न होने वाले समस्याओं के निराकरण हेतु प्रारम्भिग सुरक्षात्मक कार्यवाही के उद्देश्य से पूर्व तैयारी एवं कार्य योजना तैयार करने हेतु स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की बैठक 27 मई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की जायेगी।

**चुनावी हलचल** | पूर्व सांसद नरेश व मंत्री नितिन ने विभिन्न क्षेत्रों में की जनसभाएं, विपक्ष पर बोला हमला

# चुनाव बाद टूट जाएगा इंडिया गठबंधन : नरेश

**हरदोई**

**अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने गुरुवार को पूराबहादुर व लालपालपुर जबकि सरकार के आबकारी एवं मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने सधई बेहटा व पूराबहादुर में जनसभाएं की। दोनों नेताओं ने भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए इंडिया गठबंधन पर करारा प्रहार किया। चुनाव के बाद यह गठबंधन टूट जायेगा।



जनसभा को संबोधित करते पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल। अमृत विचार

आबकारी मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वह अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी हैं जिन्हें क्षेत्र के लोगों से लगातार स्नेह और समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से धनन्जय मिश्र प्रमुख प्रतिनिधि, आशीष सिंह सोलंकी, पिन्टू बाजपेयी, महेन्द्र पाल सिंह, मुकेश यादव प्रधान, कन्हैयालाल यादव, अमित सिंह, प्रशान्त विक्रम सिंह, डॉ अरूण मिश्र प्रधान, विजय सिंह आशा, सुरेश नाहर, मान सिंह यादव, बड़े सिंह प्रधान, प्रयाग सिंह, प्रमोद प्रधान, पप्पू पाल, हरिओम वर्मा प्रधान, राहुल रहे।

हरियावां संवाददाता के अनुसार पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने सपा, बसपा और कांग्रेस के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला। कहा कि ऐसा मुख्यमंत्री किस काम का जो जेल में अपने किए की सज़ा काट रहा है। हरदोई सदर विधानसभा के भूराटीकुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचें श्री अग्रवाल ने कहा कि बीत चुका है केजरीवाल का कल, उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस के ऊपर तीखा हमला बोलते हुए कहा इन पार्टियों की सरकार में गुंडागर्दी का राज था, लेकिन भाजपा सरकार ने सारी गुंडई खत्म कर दी।

# हत्या के प्रयास में तीन को सात-सात साल की कैद

**हरदोई**

**अमृत विचार।** सत्र न्यायाधीश राजकुमार सिंह ने एक फैसले में हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित तीन लोगों को जुर्म साबित होने पर सात-सात साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर छह छह हजार का रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

थाना पचदेवरा क्षेत्र के जलपा पुर निवासी अजय वीर सिंह भवानी सिंह कुरिंद सिंह पर गांव के ही श्याम बहादुर सिंह की हत्या का प्रयास करने का आरोप रहा। मामले की रिपोर्ट घायल श्याम बहादुर ने दर्ज कराते हुए कहा कि 20 जून 2012 को दरवाजे पर उसके ससुर संतपाल सिंह व उमेश सिंह आए। जब उमेश सिंह शौच करने जा रहे थे तो गांव के ही आरोपियों ने घेर कर गाली गलौज मारपीट की। बीच-बराव करने पर आरोपीतो ने लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया जिससे उसे जानलेवा चोटे आई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर तीनों आरोपितों पर हत्या के प्रयास का जुर्म साबित पाया और उन्हें सजा सुनाई।

## एक नजर

### महिला ने जेठ-जेठानी पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्र के ग्राम ककरघटा में महिला ने जेठ-जेठानी पर रंजिश में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित सूचना दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम ककरघटा निवासी चंदा पत्नी वीरू ने बताया मंगलवार की शाम को उसका छोटा पुत्र घर के बाहर खेल रहा था।वह भी बाहर थी उसके जेठ बुद्धा पुत्र सियाराम ने अपनी पत्नी सुधा के साथ मिलकर किसी पुरानी रंजिश के कारण उसे गाली गलौज किया गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे मारा पीटा जिससे उसके चोटें आई हैं।घटना की लिखित सूचना पीड़िता द्वारा दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

### पत्रकार को मातृशोक

**हरदोई, अमृत विचार।** एक दैनिक समाचार पत्र के जिला प्रतिनिधि की माता का गुरुवार को बीमारी के चलते लखनऊ में निधन हो गया। बघौली निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ बॉबी की माता का निधन गुरुवार को लखनऊ में हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रही थी। इस खबर को सुनकर तमाम लोग उनके आवास पर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की।

### दबंगों से परेशान महिला ने सीओ से लगाई गुहार

**शाहाबाद, हरदोई।** दबंगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर महिला ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना पचदेवरा के ग्राम भाहपुर सपाहा निवासी रामबेटी पत्नी पाती राम ने सीओ को दिए प्रार्थना पत्र के हवाले से बताया कि गांव के दबंग राम दास ने अपने पुत्रों गोविंद और गोपाल के साथ मिलकर बुधवार की शाम उसके दरवाजे पर आकर उसे गाली गलौज किया। विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी दी है।

# समर स्पेशल ट्रेनें चलने से यात्रियों को बड़ी राहत

हरदोई



**अमृत विचार।** रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए रिकॉर्ड तोड़ समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। रेलवे का दावा है कि समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। हरदोई के रेल यात्री भी लगातार समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव की मांग हरदोई रेलवे स्टेशन पर कर रहे थे।

रेल प्रशासन ने हरदोई में एक या दो फेरे के लिए संचालित हुई समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव किया था, लेकिन उसका लाभ यात्रियों को पूरी तरीके से नहीं मिल पाया। यात्री लगातार हरदोई रेलवे स्टेशन पर नियमित और स्पेशल ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होकर जाने वाली समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी दे दी है। रेल अधिकारी ने बताया कि हरदोई से होकर निकलने वाली सभी समर स्पेशल ट्रेनों को हरदोई में रोका जाएगा। इसको लेकर मुरादाबाद मंडल कार्यालय द्वारा आदेश जारी किए गए।

## जानकारी के अभाव में यात्री नहीं ले पा रहे लाभ

**हरदोई।** रेल प्रशासन जहां रिकॉर्ड तोड़ समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का दावा कर रहा है, वहीं समर स्पेशल ट्रेनों के लेट लतीफ चलने के यात्री रुचि नहीं ले रहे हैं। ज्यादातर समर स्पेशल ट्रेन खाली चल रही हैं। मुरादाबाद के निर्देश पर हरदोई में सभी समर स्पेशल ट्रेन अप व डाउन में रोकी जा रही हैं। समर स्पेशल ट्रेनों का हरदोई में ठहराव होने के बाद भी यात्री का लाभ नहीं ले पा रहे हैं जिसका कारण है यात्रियों को इसकी जानकारी न होना। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव करने की तो मंजूरी दे दी गई, लेकिन रेल प्रशासन की नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम एप पर इस बाबत अपडेट नहीं किया गया है।अधिकांश रेल यात्री रेल की आधिकारिक एप पर अपने स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों को देखते हैं ऐसे में समर स्पेशल ट्रेन ऐप पर नहीं दिख रही है जबकि ट्रेनों का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर हो गया है। इसके चलते अधिकांश रेल यात्री समर स्पेशल ट्रेन का लाभ हरदोई रेलवे स्टेशन पर नहीं ले पा रहे हैं। यात्रियों की मांग है कि हरदोई में समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव किया गया है तो उसकी जानकारी नेशनल ट्रेन इंक्वारी सिस्टम ऐप पर अपडेट होनी चाहिए जिससे यात्रियों को ट्रेन के विषय में सटीक जानकारी मिल सके। समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव को लेकर जब रेल अधिकारियों से बात की गई तो कितनी ट्रेनों का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर हुआ है इसकी जानकारी रेल अधिकारी देने में असमर्थ है। रेल अधिकारियों ने बताया कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहले समर स्पेशल ट्रेनों का ठहराव नहीं था लेकिन अब मंडल कार्यालय द्वारा ठहराव दिया गया है लेकिन अभी तक ट्रेनों की सूची नहीं आई है ऐसे में यह बताना मुश्किल होगा कि कौन सी ट्रेन हरदोई किस समय आएगी।



### खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी

**हरदोई,अमृत विचार।** खाद्य विभाग की टीम ने सब्जी बनाने वाले मसालों के कारखानों में छापेमारी की। टीम ने अलग-अलग कारखानों में कई खाद्य मसालों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेज दिया। खाद्य विभाग की टीम ने गुरुवार सतगुरू ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सेखनपुर, माधौगंज के परिसर से सब्जी मसाला व गरम मसाला के दो नमूनें संग्रहित किये गये एवं सुमन मसाला ट्रेडिंग कम्पनी, सिरोमन नगर शाहाबाद के परिसर से गरम मसाला का एक नमूना संग्रहित किए। इस प्रकार कुल तीन नमूनें संग्रहित किए। एनजीएम मसालें, बिलग्राम बन्द मिला। उक्त फर्म एनजीएम मसाला विनिर्माण इकाई का निरीक्षण नहीं हो पाया। खाद्य सचल दल के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अनिरूद्ध सिंह गंगवार, अजीत सिंह, राम किशोर, सुभाष चन्द्र मौर्य एवं खुशीराम मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से चिकित्सक की मौत

## मार्निंग वॉक करते के समय हादसा, शराब ठेका कर्मी की हादसे में मौत

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** मार्निंग वॉक पर निकले निजी क्लीनिक संचालक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। निजी क्लीनिक चलाने वाले डाक्टर को तेज़ रफ्तार गाड़ी टक्कर मारते हुए भाग निकली,हादसे में ज़ख्मी हुए डाक्टर की वहीं पर मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना जगदीशपुर-साण्डी रोड पर बुधवार की देर रात हुई, जिसमें शराब ठेके के सेल्समैन की मौत हो गई।

बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला कासूपेट निवासी डा. संजय कुमार राठौर (40) कस्बे में क्लीनिक चलाने के साथ ही एलआईसी में एजेंट के तौर पर भी काम करते थे। परिवार में पत्नी के अलावा बेटी पारुल और बेटा रचित है। पारुल की शादी हो चुकी है। गुरुवार को डा. संजय कुमार राठौर मार्निंग वॉक करने के लिए घर से निकले थे। उसी बीच तकरीबन 5:30 बजे तेज़ रफ्तार गाड़ी टक्कर मारते हुए भाग निकली। हादसे में बुरी तरह घायल डा.संजय कुमार राठौर की वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही लोगों में हड़कंप मच गया।



डॉक्टर संजय कुमार।

वहीं दूसरी घटना में ड्यूटी कर घर वापस लौट रहे शराब ठेके के बाइक सवार सेल्समैन तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से सीएचसी बावन पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। लोनार थाने के निज़ामपुर निवासी 40 वर्षीय श्यामाचरण भदेवना में शराब ठेके पर सेल्समैन था। बुधवार की रात को ड्यूटी करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था,उसे बीच जगदीशपुर-साण्डी रोड पर धर्मकांटे के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी उसे टक्कर मारते हुए निकल गई। इस तरह हुए हादसे में श्यामाचरण बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही उसका भाई छोटेलाल और घर वालें पहुंच गए। आनन-फानन में ज़ख्मी सेल्समैन को एम्बुलेंस-108 की मदद से बावन सीएचसी पहुंचाया जा रहा था,लेकिन उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। श्यामाचरण के दो बड़े और एक उससे छोटा भाई है। उसके परिवार में पत्नी विनीता के अलावा दो बेटे और इकलौती बेटी रागिनी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हादसे की जांच शुरु कर दी है।



### मटका की बढ़ी बिक्री

**हरदोई।** समय के साथ-साथ तेजी से हुए बदलाव के बाद अब मटका और सुराही की बिक्री नाममात्र ही रह गई है। लेकिन अभी कुछ लोग गर्मी के दिनों में इनकी तरफ रुख जरूर करते हैं। मटका में रखा पानी जहां ठंड होता है वहीं यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। हरदोई के विभिन्न कस्बों में इन मटका दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

# झोलाछाप के ठिकानों पर छापेमारी

खबर का असर

बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में बीते दिनों अप्रशिक्षित दाई के द्वारा प्रसव कराते समय बच्चे की जान चले जाने की खबर को प्रकाशित करने के बाद नींद से जागा स्वास्थ्य विभाग, जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ अखिलेश बाजपेयी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा ने नगर में अप्रशिक्षित दाई के साथ साथ अन्य झोलाछाप डॉक्टरों के ठिकानों पर की छापेमारी।

बताते चलें कि नगर में घटित हुई अप्रिय घटना को लेकर नगर मे जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम के जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अप्रशिक्षित दाई के द्वारा काफी समय से प्रसव कराने का कार्य करने की खबर मिली हैं, मौके पर दाई समेत घर के सभी लोग घर खुला छोड़कर भाग गए है। स्थानीय पुलिस प्रशासन को इन सभी लोगों की गिरफ्तारी कर सीएमओ आफिस में पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे भविष्य में पुनः इस प्रकार की घटना से बचा जा सके। इसके साथ-साथ नगर में अन्य मानक विहीन अस्पतालों की भी जांच की गई।




झोलाछाप के यहां छापेमारी करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार


दाई के इलाज से गर्भवती के पेट में बच्चे की मौत

अमृत विचार में प्रकाशित संबंधित खबर।

### सौर ऊर्जा प्लांट के पास खलिहान में लगी आग

**भरखनी, हरदोई।** क्षेत्र के नसीरपुर में सौर ऊर्जा प्लांट के पास खलिहान में आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर सवायजपुर से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। फिलहाल सौर ऊर्जा प्लांट आग की चपेट में आने से बच गया, और एक बड़ा नुकसान होने से टल गया। भरखनी क्षेत्र के नसीरपुर में अजूर पॉवर कम्पनी का 10 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट लगा हुआ हैं, जहां बिजली का उत्पादन सौर ऊर्जा के माध्यम से किया जाता हैं। 12 एकड़ में लगे सौर ऊर्जा प्लांट के इंचार्ज राजेश गुप्ता ने बताया कि गुरुवार की दोपहर 11 बजे प्लांट के नजदीक अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह देख उन्होंने सवायजपुर फायर स्टेशन में सूचना दी। साथ ही ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

# केबिल बॉक्स जलने से बाधित रही विद्युत आपूर्ति

हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार ने गर्मियां शुरू होने से पहले विद्युत उपकरणों व लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस काम के लिए लाखों रुपये खर्च भी किए गए, लेकिन फिर भी आए दिन विद्युत उपकरणों में खराबी जा जाने से भीषण गर्मी में लोगों को घंटों परेशान होना पड़ रहा है।

गौरतलब हो कि गर्मियां बढ़ते ही विद्युत उपकरणों पर अधिक लोड पड़ने के कारण आए दिन खराबियां आने लगती है। गुरुवार को 33 केवी विद्युत लाइन का केबिल बॉक्स फुंक जाने से गुरगुज्जा व सांडी रोड पावर हाउसों की बिजली लगभग ढाई घंटे बंद रही। काफी मशक्कत के बाद विद्युत कर्मी खराबी को दूर कर पाए, जिसके चलते शाम पांच बजे से साढ़े सात बजे तक लक्ष्मीपुरवा, रामनगरिया, विभूति नगर, मोमिनाबाद, सरायथोक, ऊंचा थोक, कृष्ण नगरिया, बख्तावरपुरवा, गुरगुज्जा, प्रेम नगर, राधा नगर सहित दर्जनों मोहल्लों में बिजली गायब रही। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। अधिक समय तक बिजली न आने से लोगों के इनवर्टर बंद हो गए, वहीं तमाम घरों में पानी का भी संकट हो गया। बताते चलें कि गर्मियां बढ़ने के साथ-साथ विद्युत लाइनों व उपकरणों में खराबी आना शुरू हो गई। बीते दो दिनों से चरौली पावर हाउस में खराबी आने से दर्जनों उपभोक्ता घंटों परेशान रहे।

## सार-संक्षेप



रजिस्ट्री कार्यालय में लगा ताला। अमृत विचार

### प्रशिक्षण में गए अधिकारी कर्मचारी, रजिस्ट्री बंद

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में 13 में को होने वाले चुनाव का असर दिखना शुरू हो गया है। कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। बुधवार को रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण में चले जाने से रजिस्ट्री कार्यालय बुधवार को बंद रहा, जिससे दूरदराज से रजिस्ट्री करने के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे लोगों को परेशान होना पड़ा। वहीं सरकार को राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ा। बताते चलें कि चुनाव में लगे कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में सभी विभागों के कर्मचारी लगाए गए हैं। बुधवार को नगर के महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी लगा दिए गए, जिससे कार्यालय में कोई काम करने वाला नहीं बचा। इस कारण बुधवार को कार्यालय में ताला पड़ गया। रजिस्ट्री कार्यालय बंद होने से जिला मुख्यालय पर दूर दराज गांवों से आए जमीन की खरीद फरोख्त करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कार्यालय बंद होने की कोई पूर्व में सूचना न होने से लोगों को ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ी। कार्यालय बंद होने से सरकार को राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ा। दस्तावेज लेखकों के यहां लोगों की भीड़ जमा रही, लेकिन कार्यालय बंद होने की वजह से कोई कार्य न हो सका।

### गर्भवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** गर्भवती का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। उसकी एक बेटी भी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली थी। सीतापुर ज़िले के पिसावां निवासी राजेन्द्र ने तकरीबन छह साल पहले अपनी पुत्री पूजा (27) की शादी कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार निवासी रजत के साथ की थी। पूजा के तीन साल की पुत्री है। बताया गया है गर्भवती पूजा ने बुधवार को घरेलू काम-काज निपटाया। उसके बाद खाना खाया और अपने कमरे में चली गई। जब रजत कमरे में पहुंचा तो वहां पूजा का शव फंदे से लटका मिला। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी पहुंच गए। बेटी की ससुराल पहुंचे पिता राजेन्द्र ने कुछ भी नहीं बताया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



ठेके बाहर बैठकर शराब पीते लोग। अमृत विचार

### बीच रास्ते में खुल्लमखुल्ला लड़ाए जा रहे जाम

**हरदोई, अमृत विचार।** देशी हो या अंग्रेज़ी, शराब के हर ठेके पर लिखा रहता है कि 'सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना दण्डनीय अपराध है,' लेकिन फिर भी ऐसी चेतावनी पर कोई असर होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। पीने वाले तो अपना होश खो बैठते है,लेकिन बेंचने वाले भी होश गंवाने जैसा काम कर बैठते है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक शराब ठेके के बाहर एक-आध नहीं बल्कि चार-चार लोग बिल्कुल बेखौफ हो कर इत्मिनान वाले अंदाज़ में बाहर बैठ कर शराब पीते हुए दिखाई दे रहें है। सिस्टम की पोल-पट्टी खोल रहे वीडियों को अगर दूसरे पहलू से देखे,जाम टकराने के बाद जब सुरूर रंग चढ़ता है यही बेवड़े लॉ एण्ड आर्डर के लिए खतरा पैदा करने के हिस्सेदार बन जाते है। शहर के नुमाइश चौराहे पर देशी शराब के ठेके के बाहर किस तरह बेखौफ हो कर खुल्लमखुल्ला शराब गटकी जा रही है,इसका खुलासा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने किया है। कहा जा रहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना दण्डनीय अपराध है,लेकिन फिर भी पीने वाले इससे बिल्कुल बे-खबर दिखाई दे रहें है। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि चार-चार लोग कितने इत्मिनान वाले अंदाज़ में शराब पी रहे है। लोगों का कहना है कि पीने वालों को इससे कोई मतलब नहीं कि वे कहां पर खड़े है,लेकिन ठेके के ज़िम्मेदारों को समझना चाहिए कि हर काम सिस्टम से अलग हट कर नहीं होना चाहिए,इसके लिए उनकी भी ज़िम्मेदारी है।

# शिक्षण कार्य में रुचि न लेने के चलते छात्रों की संख्या में कमी

हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार के लाख प्रयास से परिषदीय स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं होने के बावजूद शिक्षण व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। शिक्षकों का विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न होना, शिक्षण कार्य में रुचि न लेना, अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी के चलते परिषदीय स्कूलों में आम जनमानस में विश्वास की कमी है।

विकास खंड कछौना के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कटियामऊ में कोई अध्यापक की तैनाती न होने के कारण बंद चल रहा है। शिक्षण व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने के लिए प्राथमिक विद्यालय कुशहा की शिक्षिका को अटैचमेंट किया गया है। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने बताया उनके द्वारा शिक्षण कार्य में रुचि नहीं ली जाती है। वह नियमित रूप से समय से विद्यालय नहीं आती हैं, समय से विद्यालय न आना उनकी कार्यशैली में है, जिससे छात्रों की संख्या काफी कम रह गई है। एक दर्जन ही छात्र-छात्रा विद्यालय में पहुंचते हैं, कुछ देर इंतजार के बाद बच्चे वापस घर चले जाते हैं। यही स्थिति कमोबेश प्रतिदिन रहती है। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की।

# प्लास्टर लिए सरकारी अस्पताल में वसूली

हरदोई




**मनमानी**

100 बेड हास्पिटल के आर्थोपेडिक यूनिट में चल रहा खेल

**अमृत विचार।** सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के 100 बेड हास्पिटल के आर्थोपेडिक यूनिट में मरीजों से प्लास्टर करने के लिए बैंडेज और प्लास्टर ऑफ पेरिस के लिए पैसे वसूले जा रहे हैं।

कछौना कोतवाली के टेउना कला की रामश्री गुरुवार को तेज़ लू-लपट के बीच अपने 8 महीने के पोते को लेकर 100 बेड हास्पिटल पहुंची। उसके पोते के दोनों पैरों में गहनुआ है, जिसमें उसे प्लास्टर कराना था। खैर किसी तरह उसने पर्चा बनवाया और आर्थोपेडिक सर्जन के केबिन तक पहुंची। वहां से उसे प्लास्टर रूम में बुलाया गया। वहां कहा गया कि प्लास्टर करने के लिए न तो बैंडेज है और न ही प्लास्टर ऑफ पैरिस। अगर चाहे तो बाहर से सामान खरीद लाए और प्लास्टर हो जाएगा, या फिर साढ़े चार सौ रुपये दे तो पोते के पैरों में प्लास्टर हो सकता है। रामश्री ने बताया कि साढ़े चार सौ रुपये दिए तब कहीं जाकर पोते के पैरों में प्लास्टर हो पाया। वहां मौजूद अन्य मरीजों ने बताया कि हर रोज़ यहां मरीजों से ऐसे ही वसूली की जाती है। बताते है कि वहां के ज़िम्मेदारों को सब कुछ पता है, लेकिन फिर भी इस मामले में उनकी तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मामले में 100 बेड हास्पिटल के सीएमएस डा. मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है,अगर कोई ऐसा करता है,तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। ऐसा कुछ नहीं होने दिया जाएगा।

### एक्स-रे फिल्म नहीं, फोटो खींच कर चलाया जा रहा काम

एक अरसा हो चुका है कि मेडिकल कालेज की एक्स-रे यूनिट में फिल्म नहीं आई। उस वजह से एक्स-रे की रिपोर्ट के लिए कम्प्यूटर की स्क्रीन का फोटो खींच कर जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। तमाम लोग ऐसे है जिनके हाथ में एंड्रॉयड मोबाइल नहीं होता है,तो उन्हे रिपोर्ट लेने के लिए काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। हालंकि मेडिकल कालेज की तरफ से बराबर कहा जा रहा है कि जल्द ही फिल्म आ जाएगी,लेकिन आखिर कब तक, उनके पास इसका कोई जवाब नहीं है।

# घनी आबादी के बीच में संचालित हो रहीं डेरियां

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र की घनी आबादी के बीच दर्जनों डेरियां चल रही हैं। जिससे आस-पास गंदगी, दुर्गंध से लोग परेशान हैं साथ ही संक्रामक रोग फैल रहे हैं।

शाहाबाद नगर क्षेत्र के घनी आबादी वाले इलाके महमंद, सिलेमानी, खलील, दिलावरपुर, कटरा, नयीवस्ती, नौसारा, अल्हापुर में डेरियां संचालित की जा रही है। इन डेरियों में 40-40 भैंसें बंधी हुई हुई हैं। बड़ी डेरियों से निकलने वाला गोबर खुलेआम सड़कों के किनारे और प्लाटों में पड़ा रहता है। यह गोबर लगातार सड़ता रहता है जिससे उठती सड़ांध और बदबू के कारण आसपास के मोहल्ला वासियों का जीना दुश्वार है, संक्रामक रोग भी फैल रहे हैं। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि घनी आबादी वाले इलाकों में डेरियां संचालित नहीं होंगी। उनका घनी आबादी से बाहर संचालन किया जाए। शुरुआत में शासन के इस फरमान का असर दिखा, कुछ डेरियों को शहर के बाहर किया गया था लेकिन एक माह के बाद ही सभी डेरियां फिर से घनी आबादी वाले इलाकों में संचालित होने लगी। इन डेरियों में बड़ी संख्या में भैंस पाली जाती हैं। बड़ी संख्या में लोग डेरियों पर दूध लेने के लिए पहुंचते हैं और उसी गंदगी के बीच दूध लेकर शहरवासी अपने घर लौटते हैं उनके साथ में संक्रामक रोग और बीमारी उनके घर तक पहुंच जाती है। इन डेरियों में सफाई व्यवस्था नाम मात्र की है। डेरी में घुसने पर गंदगी ही गंदगी दिखाई पड़ती है। मोहल्ला वासी डेरी की गंदगी से काफी परेशान है और संक्रामक रोगों से ग्रस्त हैं, लेकिन प्रशासन के स्तर से इन डेरियों का संचालन आबादी से बाहर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।



नगर में आबादी के बीच संचालित हो रही डेयरी में बंधीं भैंसें। अमृत विचार

# जहरीले पदार्थ का सेवन करने से गर्भवती महिला की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** शादी के 11 महीने बाद ही गर्भवती महिला ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन मौत हो गई। इसका पता होने पर वहां पहुंचा उसका भाई बहन का शव देखकर बदहवास हो गया। तसल्ली के लिए वह उसका शव लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा, डाक्टरों ने मृत घोषित किया।

कोतवाली देहात के चांद बेहटा के रामलोटन शुक्ला की 26 वर्षीय पुत्री कंचन की शादी करीब 11 महीने पहले टड़ियावां थाने के नेक लालपुरवा मजरा लिलवल निवासी अनिल दीक्षित के साथ हुई थी। कंचन गर्भवती थी। जैसा कि उसके पति अनिल ने बताया कि उसकी पत्नी ने बुधवार की देर रात को किसी घरेलू बात से खफा हो कर कोई ज़हरीली चीज़ खा ली।कंचन को उल्टियां होने और मुंह से झाग निकलती देख जब तक उसे कहीं इलाज के लिए ले जाया जाता,उससे पहले ही कंचन की मौत हो गई। बहन की मौत की खबर सुन कर उसका भाई अंकुर शुक्ला नेक लालपुरवा पहुंचा। भाई अंकुर शुक्ला ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## एक नजर

### लेन-देन को लेकर दबंगों ने किसान को पीटा

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली थाना क्षेत्र मे सिंचाई के पैसे के लेन-देन को लेकर दबंगो ने एक किसान की जमकर पिटाई कर दी। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बनियानी गांव निवासी संतराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने बनियानी गांव निवासी राजकिशोर सिंह के निजी नलकूप से खेत की सिंचाई की थी पीड़ित ने नलकूप की देखरेख करने वाले प्रदीप को सिंचाई के सारे पैसे दे दिए थे।बुधवार शाम पीड़ित को सिंचाई के रुपयों के लेन-देन को लेकर गांव के ही प्रदीप ,संदीप, कुलदीप व गुड्डे ने लात घुसों व लाठी डंडों से मारा पीटा और गला दबा दिया।पिटाई से युवक के शरीर पर चोटों के गहरे निशान पड़ गये।कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

## बाल विवाह कराने पर हो सकती है एक साल की जेल

▸▸ अक्षय तृतीया की तिथि पर बड़ी संख्या में बाल विवाह होते हैं आयोजित

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 9 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका व 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कराना या उसमें शामिल होना एक दण्डनीय अपराध है, इसके अन्तर्गत 2 साल की जेल या एक लाख रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

प्रायः यह संज्ञान में आता है कि अक्षय तृतीया की तिथि पर बड़ी संख्या में बाल विवाह का आयोजन किया जाता है। जनसामान्य से अपेक्षा की जाती है कि जनपद में बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम में प्रशासन का सहयोग करें व किसी भी बाल विवाह के सम्बन्ध में चाइल्ड हेल्पलाईन के टोल फ्री नं. 1098, संतोष राजवंशी प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाईन के मो. नं. 9473736764, अवनीश मिश्र संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण ईकाई के मो. नं. 7607998612 व जिला प्रोबेशन अधिकारी के मो. नं. 7518024021 पर जानकारी प्रदान की जा सकती है। शिकायतकर्ता की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

## मतदान जैसा कुछ नहीं, जरूर करेंगे हम

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वयं मतदान करने और लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. सुनील वर्मा अधीक्षक ने जागरुक करते हुए कहा कि मतदान जैसा कुछ नहीं, मतदान जरूर करेंगे हम। उन्होंने सभी को जागरुक करते हुए कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान करें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने लोकतंत्र में पूर्ण आस्था एवं विश्वास रखते हुए धर्म, जाति, एवं भाषाई अनेकता से प्रभावित हुए बिना एवं अन्य लालसाओं से मुक्त होकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने की सामूहिक शपथ ली, ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जा सके।

# चुनाव प्रेक्षकों ने बूथ पर देखीं व्यवस्थाएं

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** गुरुवार सुबह करीब 11 बजे चुनाव प्रेक्षक पी शिवा शंकर व पुलिस प्रेक्षक डॉ. नीरजा गोटरू राव ने कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कस्बा कचनार के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लंच चल रहा था। सभी छात्र-छात्राएं लंच कर रहे थे। प्रेक्षक ने जिन कमरों में बूथ बनने हैं वो कमरे देखे।

इस दौरान प्रेक्षक ने प्रधानाध्यापिका से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई व विद्यालय में बने भोजन तथा शौचालय के बारे में जानकारी की। इसके बाद प्रेक्षक ने कम्पोजिट विद्यालय पीतपुर व भगवानपुर में बने बूथों का भी निरीक्षण किया। यहां पुलिस प्रेक्षक ने बच्चों से बातचीत की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी की। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं कोतवाली देहात के कोतवाल विमल गौतम, कचनार चौकी प्रभारी अतुल शुक्ला भी मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

# भारत की अखंडता नहीं चाहती है कांग्रेस: अमित शाह

## चुनावी जनसभा में निशाने पर रहे विपक्षी, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर




गृहमंत्री अमित शाह को माला पहनाकर स्वागत करते राज्यमंत्री, सांसद, एमएलसी, विधायक व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरूवार को लहरपुर विधानसभा में सदर सीट के प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने प्रमुख तौर पर कांग्रेस को अपने निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर भारत की अखंडता को मजबूत किया है, जिसे कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पचा नहीं पा रहे हैं। इससे सिद्ध होता है कि कांग्रेस भारत की अखंडता नहीं चाहती है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने धारा 370 पर उप्र और राजस्थान के लोगों का कोई मतलब नहीं है, ऐसा बयान दिया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने 88,000 ऋषि मुनियों की तपस्थली नैमिषारण्य की पावन भूमि को प्रणाम किया और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। गृहमंत्री ने बताया कि भाजपा ने राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। पहले विपक्ष के नेता मंदिर की तारीख पूछते थे। प्रधानमंत्री ने मंदिर की भूमि पूजन कर गगनचुंबी मंदिर बनाया और 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा कर भारत के जन-जन के विश्वास का सम्मान रखा। उन्होंने इस पर विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा और कहा कि वोट बैंक के लालच में विपक्षी नेता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण में भी नहीं गए। इस अवसर पर गृहमंत्री अमित शाह ने सीतापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद राजेश वर्मा द्वारा उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों के विषय में भी बताया।

उन्होंने कहा कि राजेश वर्मा को मतदान करने का मतलब है मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना। मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। कार्यक्रम को उप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, जिला प्रभारी नीरज सिंह, लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, एमएलसी पवन सिंह, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा आदि ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं जनसामान्य का स्वागत- अभिनंदन किया जबकि मंच का संचालन उदित बाजपेई ने किया।

### भाजपा पिछड़ों का आरक्षण नहीं हटाने देगी

जनसभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने एक बार फिर चार सौ पार मोदी सरकार के नारे लगवा कर उपस्थित जन सैलाब का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जब तक भाजपा है तब तक वह मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने देगी। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी व पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न भाजपा हटाएगी और न ही किसी को हटाने देगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 और ट्रिपल तलाक को वापस लाने में लगी हुई है। उन्हें पता है कि कश्मीर के लिए सीतापुर के बच्चा बच्चा भी जान दे सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सेवक जिंदा है वह आरक्षण नीति में कोई बदलाव नहीं करने देगा और न समुदाय विशेष को आरक्षण देगा।

### सपा-बसपा कांग्रेस ने परिवारवाद की राजनीति की

अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस ने राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा दिया था लेकिन अपने वोट से प्रधानमंत्री बने मोदी ने इसे तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार यूपी में 73 सीटें नही बल्कि 80 की 80 सीट भाजपा को देना है। उन्होंने कहा कि सपा,बसपा कांग्रेस ने 70 सालों तक राम मंदिर का मुद्दा लटका कर रखा। जनसभा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने सपा-बसपा और कांग्रेस को निशाने पर रखा।

### गरीबो के हितों में किया काम

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं, गरीबों, मजदूरों और किसानों के हित में काम किया है। देश में 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन, महिलाओं को मुफ्त उज्जवला गैस कनेक्शन, 4 करोड़ गरीबों को आवास, 12 करोड़ महिलाओं को इज्जत घर और किसानों को 6 हजार रुपये सालाना किसान सम्मान निधि देने का काम मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक सशक्त देश बनकर उभरा है जो अपने दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दे रहा है।



कार्यक्रम के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां। अमृत विचार

### भाषण के दौरान खाली पड़ी रही कुर्सियां

गृहमंत्री अमित शाह के आगमन के बाद उन्हें सुनने पहुंची जनता को सामने खड़ा देखकर अमित शाह ने सभी से बैठ जाने का अनुरोध करते हुए पीछे वालो को न दिखाई देने का हवाला दिया। गृहमंत्री के इस बयान के कुछ देर बाद जनसभा में पहुंचे लोग कुर्सियों को छोड़कर जाने लगे। इसके चलते भाषण के दौरान ही पंडाल के अंदर काफी मात्रा में कुर्सियां खाली पड़ी रहीं।

## युवा का मोदी प्रेम...



लहरपुर में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के उपरान्त रैली की शोभा बढ़ा रहे पीएम मोदी के कटआउट को ले जाने की समर्थकों में होड़ मच गई। इस दौरान स्थानीय युवक अल्ताफ मालिक पीएम मोदी के कटआउट के साथ अपने मोबाइल से सेल्फी लेने में मशगूल नजर आया। इस तस्वीर से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवाओं में मोदी का क्रेज बरकार है। फोटो : अरशद फुएक।

## यूनिक डिसएबिलिटी आई कार्ड दिखाकर दिव्यांगजन करें मतदान

खैराबाद, सीतापुर



बैठक में मौजूद दिव्यांगजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को ग्राम विशुननगर चैराहे पर स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय पर मासिक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्य ने की। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। लोकसभा चुनाव में बीएलओ 12 डी फॉर्म नहीं भरा रहे हैं। जिससे दिव्यांगों को मतदान में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

लोकसभा चुनाव में ऐसे प्रत्याशी को चुना जाएगा, जो प्रत्याशी हम सब दिव्यांग भाई-बहनों की आवाज को संसद में उठाएगा और हम लोगों की समस्याओं का समाधान करेगा। हम लोग उसी को मतदान करेंगे। हर बूथ पर दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था होना आवश्यक है, अगर व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं होगी तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने सभी दिव्यांग भाई बहनों से अपील करते हुए कहा कि मतदान शत प्रतिशत करें और मतदान केंद्र पर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र आवश्यक ले जाएं। मतदान करते समय अपना आईडी प्रूफ यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड जरूर दिखाएं। राष्ट्रीय महासचिव बिन्दू मौर्या ने बताया कि सीएम अभ्युदय योजना के तहत जिले में ऐसे दिव्यांग छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाती है। इसके लिए संबंधित पात्र विद्यार्थी दस मई तक जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

इसके बाद प्रवेश परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों का चयन कोचिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्य, कौशल किशोर यादव, किरन वर्मा, कालिंद्री, पिंकी, अली हसन, रत्नेश व भागीरथ आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### धौरहरा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विधायक ने किया भ्रमण



प्रत्याशी के लिए प्रचार करते पूर्व सदर विधायक राधेश्याम जायसवाल। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व सदर विधायक राधेश्याम जायसवाल ने गुरुवार को धौरहरा लोक सभा से इंडिया गठबंधन से सपा उम्मीदवार आनंद भदौरिया के समर्थन मे हरगांव विधान सभा के नानकारी, नयागॉव, चैबेपुर ,उदईपुर, पीरपुर, बुढानापुर, सैदापुर, मुरारपुर, फिरोजपुर, बहादुरापुर, गढी हुसेनपुर, बेदौरा आदि गांवो का भ्रमण कर प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक ने कहा भाजपा सरकार एक तानाशाही सरकार है। इसलिए संविधान को बचाने के लिये सपा के पक्ष मे मतदान करे। इस मौके पर परसेंडी ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, सेक्टर पर्यवेक्षक ओमप्रकाश भार्गव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बनवारी लाल कनौजिया, ओमकार भार्गव, अनिल मौर्य सीताराम राजवंशी, प्रेम यादव, सुशील पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### आग से जंगल जला तो सामने आये मवेशियों के कंकाल

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुरहाडीह के जंगल में अज्ञात कारणों से लगी आग ने जिम्मेदारों की पोल खोल दी है। आग से जंगल तो जल गया, लेकिन गौशाला के पीछे डाले गये लगभग एक दर्जन से ज्यादा से गोवंशों के कंकाल सामने आ गये। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना उजागर होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच करना तक उचित नहीं समझा है। बताया जा रहा है कि गौशाला के पीछे गायों की कब्रगाह बन गई है। मवेशियों को मरने के बाद ऐसे ही नार में फेंक दिया जाता है, शव की दुर्गंध की वजह से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने मामले की कई बार जानकारी अधिकारियों को दी, लेकिन जिम्मेदारों ने इस और ध्यान देने की जहमत तक नहीं उठाई। प्रेम पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य का कहना है कि सोमवार को ग्राम पंचायत मुरहाडीह के गौशाला के पास मवेशियों के कंकाल मिलने वाली घटना से साफ जाहिर होता है कि सिधौली के उच्चाधिकारी सरकार के दावों को खोखला साबित करने पर अमादा है। ग्रामीण सूरज कहते हैं कि गौशाला में मवेशियों के दफनाने की किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं कराई गई। मरने के बाद ग्राम प्रधान ने नियम कानून को ताख में रखकर मवेशियों को जंगल में बने नार में फेंकवा दिया।

### परिवारीजनों से मारपीट करने का महिला का आरोप

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी एक महिला ने अपने गांव के ही कुछ लोगों पर उसे और उसके परिवारजनों के साथ मारपीट व मानसिक उत्पीड़न करके भगा देने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थिनी का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन विपक्षीगण के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्राम कटसरैया के मजरे लालपुर की निवासिनी सुमित्रा ने बताया वह मजदूर पेशा महिला है और अपने पति बबलू के साथ मिलकर किसी प्रकार अपने चार बच्चों का पेट पालती है। गांव के ही कुछ लोग उन्हें परेशान करते हैं और मारते पीटते हैं। 26 अप्रैल को शाम साढ़े छह बजे हैण्डपाइप पर बच्चों में आपसी कहासुनी हो गई थी। इस झगड़े में विपक्षी रेशमा ने उसकी चार वर्षीय बेटी को मारा-पीटा और धक्का दे दिया, जिससे वह घायल हो गई। सुमित्रा ने इस बात की शिकायत रेशमा के पिता रमेश से की तो रेशमा और उसकी मां नीलम ने बाल पकड़ कर उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। चार माह की गर्भवती सुमित्रा बुरी तरह चोटिल हो गई। उसने थाना कोतवाली सिधौली में इस बात की शिकायत की परन्तु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सुमित्रा का आरोप है कि विपक्षी उसे गांव से भगा कर उसके घर पर कब्जा कर लेना चाहते हैं।

### गरीब परिवार की महिला को मिलेंगे सालाना एक लाख : आनंद



मतदाताओं से मुलाकात करते धौरहरा सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने गुरुवार को धौरहरा संसदीय क्षेत्र की हरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन सरोकारों से दूर हवा-हवाई राजनीति करने वाले भाजपाईयों को पहले हवा का रुख पता नहीं था। पहले और दूसरे चरण में जब उन्होंने जनता की भावना देखी तो उन्हें हकीकत पता लग गया। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर 450 रुपए किया जाएगा। पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने कहा कि भाजपा की सरकार में किसान परेशान है। उनकी आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं किया। खाद बीज के दाम बढ़ गए। क्षेत्र में जन समस्याओं का अम्बार लगा है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी और धौरहरा से आनंद भदौरिया सांसद बनेगें, तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। इसलिए आप सब एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाएं। जन सभाओं को सपा के हरगांव विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष फुरकान खां, महिला सभा की अध्यक्ष प्रीति रावत आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर लाल सिंह यादव, अम्ब्रेश मिश्रा, विजय वर्मा, कपिल मिश्रा, राजवीर सिंह, सौरभ सिंह, विनोद वर्मा, सोमाइल खां, ओमकार शुक्ला, लल्ला तिवारी, अजय पांडेय, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

### सार्वजनिक शौचालय में नहीं हो रही साफ-सफाई

**सिधौली।** ग्राम गढ़ीरावां के एक ग्रामीण ने गांव में बने सार्वजनिक शौचालय में गन्दगी और अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गढ़ीरावां के निवासी अनुज कुमार ने जिलाधिकारी और कई अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र लिख कर बताया कि भारत सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है परन्तु गढ़ी रावां में सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बहुत खराब है। नियमानुसार न तो शौचालयों की सफाई हो पा रही है और न ही पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। नियमानुसार शौचालय में महिला और पुरूष शौचालय के लिए अलग अलग टंकियां होनी चाहिए परन्तु एक ही टंकी से काम चलाया जा रहा है। जब शिकायत की जाती है तो ग्राम प्रधान और अन्य कर्मचारी अभद्र व्यवहार करते हैं। शिकायतकर्ता ने तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

**उत्साहवर्धन** — पुणे महाराष्ट्र के आई लर्निंग प्लेटफार्म की सीईओ पूर्वा श्रीवास्तव ने मेधावियों को किया सम्मानित

# सही ज्ञान प्रदान कर सफलता के शिखर की ओर ले जाता है गुरु : पूर्वा



सम्मानित किये गये मेधावी विद्यार्थियों के साथ सीईओ, प्रबंधक। अमृत विचार

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प अति आवश्यक है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। नींद में देखा गया स्वप्न कभी भी सत्य नहीं होता। स्वप्न वह सत्य होता है जिसके लिए नींद चली जाए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बढ़कर है। जीवन के प्रत्येक मार्ग पर गुरुजनों की बातों का अनुसरण कर परिश्रम करते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर माता-पिता गुरुजनों व क्षेत्र का नाम रोशन करें।

सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में यूपी मेरिट के टॉपर्स को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि पुणे महाराष्ट्र के आई लर्निंग प्लेटफार्म की सीईओ पूर्वा श्रीवास्तव ने प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आञ्जनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, राजकुमारी वर्मा, यशपाल वर्मा, शिवसेवक मिश्र, नवनीत पांडेय द्वारा बैज अलंकरण माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में पुणे महाराष्ट्र से ही आई मनप्रीत कौर व जोरावर सिंह ने भी संबोधित किया। कॉलेज के प्रिंसिपल आरके वाजपेयी ने कहा जीवन में पैसा नहीं बल्कि शोहरत महत्वपूर्ण होती है। जीवन में अच्छा मुकाम प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम कर बड़े सपने देखते हुए उन्हें प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहे।

मां भारती की वंदना भवानी शंकर तिवारी ने प्रस्तुत की तथा संचालन कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा द्वारा किया गया। राकेश शुक्ल, आशुतोष शुक्ल, वीरेंद्र मिश्र, अमन मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

कॉलेज सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्वा श्रीवास्तव, मनप्रीत कौर ने हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्राची निगम सहित नव्या सिंह, अंशिका वर्मा, वर्तिका सोनी, अंशी मौर्या, अगम्या वर्मा, हेमंत वर्मा, अपर्णा गुप्ता, अनुष्का वर्मा, अंशिका वर्मा, सौम्या पोरवाल, आयुषी वर्मा, अंशिका वर्मा, हर्षित वर्मा, तृषा पटेल, अमित पोरवाल, मयंक सिंह, श्रेया वाजपेयी, आदित्य वर्मा, नित्यांश प्रताप सिंह, रखी वर्मा, आरफा खातून, आस्था पटेल, अवनी गुप्ता, ज्ञानेंद्र वर्मा, अमर गुप्त, अंश राज वर्मा, इंटरमीडिएट यूपी टॉपर शुभम वर्मा के साथ राज वर्मा, शीतल वर्मा, अनुभव शुक्ल, पलक मौर्य, शिवानी वर्मा, सूरज साहू, सूरज वर्मा, वैभव मिश्र, आयुष कुमार मौर्य, सूरज मौर्य, सौरभ वर्मा, अविनाश मिश्र, तन्मय सिंह, सूर्यकांत त्रिपाठी, शिवम सिंह, वैभव शुक्ल, अर्पित पटेल, अंचल यादव, आर्यन राज, तान्या मौर्या, अतुल कुमार, नेहा रस्तोगी, गीतेश कुमार, भूमि गुप्ता, एग्रीकल्चर ग्रुप के संजय वर्मा, आकाश कुमार, मोनिका यादव, आलोक यादव, रवि सिंह एवं कॉमर्स ग्रुप के अक्षत गुप्त, आदि जैन, आलेख रस्तोगी, अजीत यादव, भूमिका जैन सहित 65 विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से काटा गया जंगल पुनः हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु-वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# कर्नाटक की गूंज

कर्नाटक में सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर भाजपा और जेडीएस संकट में हैं। आशंका है कि इस मामले की गूंज चुनाव के शेष चरणों में पूरे देश में सुनाई देगी। प्रज्वल और उनके पिता एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के विरुद्ध पुलिस ने उनकी एक घरेलू सहायिका की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया। प्रज्वल जेडीएस प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। माना जा रहा है कि वह इस समय जर्मनी में हैं। जेडीएस ने हासन से सांसद रेवन्ना को पहले ही पार्टी से निलंबित कर दिया है। जेडीएस राज्य में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। यौन शोषण के इन आरोपों से निपटने में भाजपा असहज महसूस कर रही है और उसने इस मामले से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा कि वे सहयोगी दल के उम्मीदवार के चयन को लेकर असहज थे, क्योंकि पार्टी का आंतरिक मामला है लेकिन चिंता है कि यह प्रकरण कर्नाटक में पार्टी की संभावनाओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

कर्नाटक महिला आयोग ने इसे 'सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल' करार दिया है। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते हैं, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे बचाने का प्रयास करने लगते हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि रेवन्ना को विदेश भागने में किसने मदद की? विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में हमसे कोई राजनीतिक मंजूरी न तो मांगी गई और न ही यह जारी की गई। राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है। सवाल है कि क्या मंत्रालय उनका पासपोर्ट रद्द करने पर विचार कर सकता है? परंतु सवाल का सीधा जवाब मंत्रालय की ओर से नहीं मिला है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती है और रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# महंगी पड़ सकती है ग्लेशियर के प्रति लापरवाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं।

बीते दिनों भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेटेलाइट इमेज जारी कर बताया कि किस तरह हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसके चलते कई ग्लेशियर झीलों का आकार दोगुने से बढ़ा है। इस रिपोर्ट को पढ़ते ही याद आया कि इस तरह 6 फरवरी 2021 की सुबह ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट कर तेजी से नीचे फिसलकर ऋषि गंगा नदी में गिर गया।

विशाल हिमखंड के गिरने से नदी के जल-स्तर में अचानक उछाल आया और रैणी गांव के पास चल रहे छोटे से बिजली संयंत्र में देखते ही देखते तबाही हो गई। उसका असर वहीं पांच किलोमीटर दायरे में बहने वाली धौली गंगा पर पड़ा व वहां निर्माणाधीन एनटीपीसी का पूरा प्रोजेक्ट तबाह हो गया था। रास्ते के कई पुल टूट गए और कई गांवों का संपर्क समाप्त हो गया। उस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमें अभी अपने जल-प्राण कहलाने वाले ग्लेशियरों के बारे में सतत अध्ययन और नियमित आकलन की बेहद जरूरत है। हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों पर बर्फ के वे विशाल पिंड जो कि कम से कम तीन फुट मोटे व दो किलोमीटर तक लंबे हों, हिमनद, हिमानी या ग्लेशियर कहलाते हैं। ये अपने ही भार के कारण नीचे की ओर सरकते रहते हैं। जिस तरह नदी में पानी ढलान की ओर बहता है, वैसे ही हिमनद भी नीचे की ओर खिसकते हैं। इनकी गति बेहद धीमी होती है, चौबीस घंटे में बमुश्किल चार या पांच इंच। धरती पर जहां बर्फ पिघलने की तुलना में हिम-प्रपात ज्यादा होता है, वहीं ग्लेशियर निर्मित होते हैं। सनद रहे कि हिमालय क्षेत्र में कोई 18065 ग्लेशियर हैं और इनमें से कोई भी तीन किलोमीटर से कम का नहीं है।

हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर के बारे में यह भी गौर करने वाली बात है कि यहां साल में तीन सौ दिन, हर दिन कम से कम आठ घंटे तेज धूप रहती है। जाहिर है कि थोड़ी-बहुत गर्मी में यह हिमनद पिघलने से रहे। इसरो की ताजा रिपोर्ट देश के लिए बेहद भयावह है, क्योंकि हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाली

चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है, उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी।

गंगा- यमुना जैसी नदियां तो यहां से निकलती ही हैं, धरती के तापमान को नियंत्रित रखने और मानसून को पानीदार बनाने में भी इन हिमखंडों की भूमिका होती है। इसरो द्वारा जारी सेटेलाइट इमेज में हिमाचल प्रदेश में 4068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गेपांग घाट ग्लेशियल झील में 1989 से 2022 के बीच 36.49 हेक्टेयर से 101.30 हेक्टेयर का 178 प्रतिशत विस्तार दिखाया है। यानी हर साल झील के आकार में लगभग 1.96 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसरो ने कहा कि हिमालय की 2431 झीलों में से 676 ग्लेशियल झीलों का 1984 से 2016-17 के बीच 10 हेक्टेयर से ज्यादा विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 झीलें दोगुना से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि 10 झीलें डेढ़ से दोगुना और 65 झीलें डेढ़ गुना बड़ी हो गई हैं।

चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी। इसके कारण आई बाढ़ के कारण 40 लोगों की मौत हुई थी और 76 लोग लापता हो गए थे। हिमाचल भी कुछ साल पहले पराच्छू झील के फटने से ऐसे ही त्रासदी का सामना कर चुका है। हिमालय को इतने विशाल ग्लेशियरों और हिमाच्छादित उत्तुंग शिखाओं के कारण तीसरे ध्रुव के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। कोई 200 साल के दौरान जैसे-जैसे दुनिया में कल-कारखाने लगे ग्लेशियर के पिघलने की नैसर्गिक गति प्रभावित भी हुई। जब ग्लेशियर अधिक तेजी से पिघलते हैं तो ऊंचे पहाड़ों की घाटियों में कई नई झीलें बन जाती हैं, साथ ही पहले से मौजूद झीलों का भी विस्तार होता है। ऐसी झीलों को हिमनद झील कहते हैं। ये झील नदियों के जल स्रोत होते हैं, लेकिन इनका फट जाना अर्थात् ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) एक बड़ी प्राकृतिक आपदा भी होती है। जब बर्फ से बने बांध अर्थात् मोराईन के कमजोर होने पर अक्सर ऐसे हादसे होते हैं। हिमालय भारतीय उपमहाद्वीप के जल का मुख्य आधार है और यदि नीति आयोग के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संख्या 2018 में तैयार जल संरक्षण पर रिपोर्ट पर भरोसा करें तो हिमालय से निकलने वाली 60 फीसदी जल धाराओं में दिनों-दिन पानी की मात्रा कम हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं। यह सारी दुनिया की चिंता है कि यदि हिमालय के ग्लेशियर ऐसे ही पिघले तो नदियों में पानी बढ़ेगा और उसके परिणामस्वरूप जहां एक तरफ कई नगर-गांव जलमग्न हो जाएंगे, वहीं धरती के बढ़ते तापमान को थामने वाली छतरी के नष्ट होने से भयानक सूखा, बाढ़ व गरमी पड़ेगी। जाहिर है कि ऐसे हालात में मानव जीवन पर भी संकट होगा। हिमालय पर्वत के उत्तराखंड वाले हिस्से में छोटे-बड़े कोई 1439 ग्लेशियर हैं। राज्य के कुल क्षेत्रफल का बीस फीसदी इन बर्फ-शिलाओं से आच्छादित है। इन ग्लेशियर से निकलने वाला जल पूरे देश की खेती, पेय, उद्योग, बिजली, पर्यटन आदि के लिए जीवनदायी व एकमात्र स्रोत है। जाहिर है कि ग्लेशियर के साथ हुई कोई भी छेड़छाड़ पूरे देश के पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और सामरिक संकट का कारक बन सकता है।

कोई एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) ने दावा किया कि धरती के बढ़ते तापमान के चलते संभव है कि सन् 2035 तक हिमालय के ग्लेशियरों का नामोनिशान मिट जाए। उदाहरण के तौर पर कश्मीर के कौलहाई हिमनद के आंकड़े देकर बताया गया कि वह एक साल में 20 मीटर सिकुड़ गया, जबकि एक अन्य छोटा ग्लेशियर लुप्त हो गया। गंभीरता से विचार करें तो पाएंगे कि हिमालय पर्वतमाला के उन इलाकों में ही ग्लेशियर ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां मानव दखल ज्यादा हुआ है। सनद रहे कि 1953 के बाद अभी तक एवरेस्ट की चोटी पर 3000 से अधिक पर्वतारोही झंडे गाड़ चुके हैं। अन्य उच्च पर्वतमालाओं पर पहुंचने वालों की संख्या भी हजारों में है। ये पर्वतारोही अपने पीछे कचरे का अकूत भंडार छोड़कर आते हैं। इंसान की बेजा चहलकदमी से ही ग्लेशियर सहम-सिमट रहे हैं। कहा जा सकता है कि यह ग्लोबल नहीं लोकल वार्मिंग का नतीजा है। जब तब ग्लेशियर के ऊपरी व निचले हिस्सों के तापमान में अत्यिक फर्क होगा, उसके बड़े हिस्से में टूटने, फिसलने की संभावना होती है। कई बार चलायमान दो बड़े हिमपिंड आपस में टकरा कर भी टूट जाते हैं।

हालांकि यह बात स्वीकार करना होगा कि ग्लेशियर के करीब बन रही जल विद्युत परियोजना के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत-धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिमपर्वत नाखुश हैं। हिमालय भू विज्ञान संस्थान का एक अध्ययन बताता है कि गंगा नदी का मुख्य स्रोत गंगोत्री हिमखंड भी औसतन 10 मीटर के बनिस्पत 22 मीटर सालाना की गति से पीछे खिसका है। सूखती जलधाराओं के मूल में ग्लेशियर क्षेत्र के नैसर्गिक स्वरूप में हो रही तोड़फोड़ है।

## प्रसंगवश

# अर्थशास्त्रियों की नई पीढ़ी

शहरों-कस्बों में युवा अर्थशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी ने गदर मचाया हुआ है। रील, मीम, वीडियो, ब्लाक की खुराक पर जिंदा रहने वाला इस हेलो गाइज पीढ़ी का हर सदस्य केवल एक ख्वाब देखता है-द ग्रेट इंडियन ड्रीम जितना जल्दी मुमकिन हो, किसी भी तरह ढेर सारा पैसा कमा लेना। मैं एक बीस साल के सफल यूट्यूबर का इंटरव्यू देख रहा था, जो 28-30 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहता है। यह पूछे जाने पर कि उसके बाद वह क्या करेगा वह कहता है, 'चिल करूंगा और क्या?' ग्यारह-बारह से लेकर अठारह-बीस साल तक के इन बच्चों का शगल है स्टॉक और शेयर मार्केट की बातें करना और सुनना।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

यह लत उन तक उन महात्मा अर्थशास्त्रियों के वीडियो देखकर पहुंची है, जो दस दिन में हजार रुपये का एक लाख करना सिखाते हैं। इन सुपर स्टार महात्माओं के चेले मां-बाप से मांगे गए फीस के पैसे तक शेयर मार्केट में लगा रहे हैं। एक जगह बहुत से छोकरे एक लोकप्रिय पहाड़ी गीत का वीडियो देख रहे थे। दोस्त टीनएजर्स को मुफ्त करियर काउंसलिंग बांटने के कुटैव से ग्रस्त है। उससे रहा नहीं गया। पास जाकर पूछने लगा, 'आप लोग कौन सी क्लास में पढ़ते हो बेटे?'

एकाध बच्चों के मोबाइल से आंख उठाकर अस्पष्ट आवाज में उत्तर दिया और फिर से वीडियो देखने लगे। सोलह-सत्रह साल का जो लड़का अपने मोबाइल में वीडियो दिखा रहा था, वह बाकी से थोड़ा अलग नज़र आता था, सीधे मित्र से मुखातिब हुआ। 'मैं अपना काम करता हूं।' दोस्त बहुत प्रसन्न हुआ। पहाड़ों के बच्चे इतनी छोटी आयु में अपना काम करने लगें तो चमत्कार हो जाए। 'क्या काम करते हो?' 'इन्वेस्टमेंट का काम है।' दोस्त चौंका। यह गजब का सरप्राइज था। ऐसी उम्र में ऐसा आत्मविश्वास! 'कहां करते हो इन्वेस्टमेंट?' दोस्त बच्चे को शेयर मार्केटिंग के कामयाब नुस्खे बताने की मानसिक तैयारी करने लगा था। लड़के ने बेजारी से मेरे दोस्त की तरफ हिकारत से देखा और नया वीडियो खोजने में व्यस्त होते हुए बोला, 'ड्रीम इलेवन में!'

# अतीत का सर्वकालिक फलसफा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है?

कम से कम दो हजार वर्षों से पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरें भारत पर ही टिकाए रही है। भारत में सभी प्रमुख धर्म हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी, लाओत्से, कन्फ्युशियस और न जाने और कितने मजहबी विश्वास पनाह पाते रहे। मनुष्य को आत्मा के साथ जीने का शऊर सीखते रहे हैं। अलबत्ता हिन्दुस्तान युद्ध, मिलिटरी, हिंसा और साम्राज्यवादी फैलाव के वहशी इरादों से बेरुख रहा। इस कमजोरी के कारण उस पर दुनिया की सभी सभ्यताओं और देशों ने लगातार हमलावर होकर हुकूमत भी की।

मुगल, पठान, तुर्क, हूण, पुर्तगाली, अंग्रेज, फ्रांसीसी (और अब अमेरिकी) हिन्दुस्तान की छाती पर एक के बाद एक मूंग दलते रहे। शायद मुगल वंश पहला और अकेला हो जो हमलावर होकर आया, लेकिन न तो वापस चला गया न तिजारतजदां रहा और न उसने खुद को पर्यटक विदेशी समझा। उसने भारत के समाज, संस्कृति, सोच, दर्शन, इतिहास और अहसास को अपने अस्तित्व में उसके बरक्स जज्ब कर लिया। इसमें विवाद नहीं कि औसत दुनिया की हिंदू अपनी सोच, समझ और व्यवहार में धार्मिक आचरण का होता है। नेहरू और आंबेडकर दो सबसे बड़े संविधान नियंता हैं। उन्होंने पश्चिमी नस्ल के 'सेक्युलरिज्म' को संविधानोत्तर भारत के समाज का शऊर बनाने समीकरण रचे। शऊर तो दिमाग से उपजता है।

इसी तरह विवेकानंद ने यह बात कही थी कि निजी जीवन में धार्मिक रहो और सामाजिक जीवन में सेक्युलर हो अर्थात् आस्तिक सेक्युलर बनो। ऐसी सामाजिक और ऐतिहासिक कथाएं मसलन राम के चरित्र से उनके अवतारवादी ईश्वरीय अंश को अलग कर उनमें लोकतंत्रीय सुगंध और अनुगूंज ढूंढती है। धरती पुत्र राम को इस बात का श्रेय हासिल है कि हर हिंदू की आखिरी यात्रा में 'राम नाम सत्य है' का ही समवेत समर्थन गूंजता रहता है। इसी तरह हनुमान का चरित्र नपुंसकता, कमजोरी, पराजय और भय के बदले वीरता या साहस भरने का प्रतीक या प्रवक्ता है। हालिया 'जय श्रीराम' का नारा कमजोर के खिलाफ बलवान की, दलितों के खिलाफ सवर्ण की, गरीबों के खिलाफ श्रीमंतों की हिंसा का हथियार बनाया जा रहा है और फिर अन्य धर्मों के खिलाफ भी उसे लाउडस्पीकर की धमनियों में भरा जा रहा है।

भारत में पहली बार जनता के प्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर 300 हस्ताक्षरों में भविष्य के लिए संविधान लिखा। संविधान समझाता है तो उसका मजाक उड़ाते हैं। उसकी हेठी तक करने लगते हैं। महान हिंदू कौम ने दुनिया को इंसानियत, रूहानियत, सद्भाव और सहिष्णुता के मानक पाठ सबसे पहले और सबसे ज्यादा पढ़ाए हैं। कुछ लोग हिंदू होने का नकाब अपने चेहरे पर चस्पा कर महान जनवादी राम को अपने वोट बैंक का प्रचारक बनाते हैं। हनुमान की सेवा भावना और वीरता को कमजोर को डराने शगल करते हैं। यह भी सिक्के के दूसरे पहलू का सच है कि जो 15 प्रतिशत हैं। उन अल्पसंख्यकों में भी अपराधी नस्ल के कूढ़मगज हैं, कठमुल्ला तत्व हैं। वे स्त्रियों को बंदी बनाकर रखने को मर्दानगी कहते हैं। तीन तलाक को खुदा की इबादत समझाते हैं। मदरसों तक में बच्चों में जहर और जिहाद भरते हैं। इंसानी जिंदगी जीने देने में भी उन्हें कोफ्त होती रहती है। उन्हें इस बात की फिक्र होनी चाहिए कि पंद्रह सोलह प्रतिशत की आबादी वालों के कितने संसद और विधानसभाओं में हैं? कितने आईएएस और आईपीएस जैसी नौकरियों में हैं? कितने उद्योगपति हैं? राष्ट्रीय जीवन में कला, संगीत, फिल्म, दस्तकारी, खानपान वगैरह में नायाब प्रतिभागिता के बावजूद सामासिक संस्कृति के बनाने में उनसे भी कुछ हुल्लड़बाजों के कारण चूक क्यों हो रही है?

ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है? भारत जैसा पतन इतिहास में किस देश का हुआ है? महंगाई के कारण जीना मुश्किल हो रहा है। करोड़ों नौजवान बेरोजगार होकर निठल्ले घूमते व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में पढ़ते अश्लील, कुंठित, अपराधी हरकतें कर रहे हैं। गरीब घरों के अधपढ़े या डिक्रीधारी नौजवान बच्चों का खून उन्हें बेरोजगार बनाकर चूस रहे हैं। नेताओं के बच्चे तो आक्सफोर्ड, हारवर्ड या कम से कम आईआईटी, आईआईएम वगैरह में दाखिल हैं। भारतीय निम्न मध्य वर्ग के युवाजन बददिमागी की हालत में मनुष्य से पशु बनाए जाने का खतरनाक अमानवीकृत अभियान चलाया जा रहा है। सरगना कॉरपोरेटियों की चेहरे की चाशनी बढ़ रही है, लेकिन शरीर का नमक घट रहा है।

## सोशल फोरम

# सही या गलत

संभवतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है कि तर्क स्वभावत क्षत्रिय है। आशय स्पष्ट है कि तर्क में किसी पक्ष की विजय हुई भी तो क्षति होनी ही है। आज विश्व में दो स्थानों पर विश्वयुद्ध की अनुगूंज साफ सुनाई दे रही है। हम तो केवल ईश्वर से प्रार्थना कर सकते हैं कि जल्दी शांति स्थापित हो। सही या गलत के बीच में लाइन खींचना कभी कभार कठिन हो जाता है।

यदि कहें कि यूक्रेन का पक्ष सही है तो आधे विश्व के नजर में उसका नाटो में शामिल होने की कोशिश गलत है। यदि सिपाही की गोली दुश्मन या आतंकवादी को मार देती है तो सही है, लेकिन यही गोली किसी नागरिक को लग गई तो गलत है। अपकृत्य विधि की नींव ही सही और गलत के कन्सैप्ट पर है। अब इसे छोटे स्तर पर कहता हूं तो यह उदाहरण आसानी से समझ आएगा। मान लीजिए की पत्नी श है और एक स्मार्ट पड़ोसी ल है। श कतिपय मानसिक और शारीरिक कारणों से क से खुश नहीं रह पाती है और ल इस स्थिति का लाभ उठाकर श के साथ सहानुभूति/शारीरिक संबंध प्राप्त करता है। यह नैतिक रूप से गलत है, लेकिन श और ल की दृष्टि में सही है। आप इसे निरपेक्ष भाव से लेंगे तो सही गलत के तर्क में पड़ेंगे ही नहीं और यदि तर्क में पड़ेंगे तो फिर वही होना है, जो शुरू में कहा है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

हथियार डाल देना एक कहावत है। इसे दूसरे शब्दों में सरेंडर कर देना भी कह सकते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध में जापान और जर्मनी के ध्रुवीकरण ने हथियार डाल दिए थे। 1971 में पाकिस्तानी फौज ने बांग्लादेश में हथियार डाल दिए थे। निकट भविष्य में यूक्रेन भी हथियार डाल ही देगा। यह तो बड़े-बड़े युद्ध की कहानी है। पुरुष भी हथियार डाल ही देता है, लेकिन नारी को ईश्वर ने अमोघ अस्त्र यानी कि उसकी दो गज लंबी जुबान दे रखी है जिसे न तो चलाने में ताकत लगती है और न ही यह खंजर कभी पुराना होता है। आजकल कभी कभार न्यूज चैनल देखता हूं तो समझ में आता है कि रणभूमि में नारी शक्ति को परास्त कर पाना सूरमाओं को भी छक्के छुड़ा देता है।

-फेसबुक वॉल से

# वेदों में श्रम का सम्मान

वेदों में श्रम की गरिमा प्रमुख अंतर्निहित अवधारणा है। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में श्रम का सम्मान था और श्रम के महत्व के रूप में व्यक्ति की प्रतिष्ठा थी, जो आर्थिक विषमताओं को नियंत्रित करने में सक्षम था। वैदिक ऋषियों के आर्थिक और श्रम संबंधी दृष्टि को ही समाजवाद के तत्संबंधी चिंतन का उद्गम स्रोत माना जा सकता है। भारतीय आदर्श "ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यं" जगत के अनुसार तो मनुष्य अपने को केवल धन का संरक्षक समझें और अपनी आर्थिक समृद्धि को समाज के साथ साझा, बांटकर, दानवृत्ति से जीना चाहिए।

भारतवर्ष की प्राचीन सनातन परंपरा का आदर्श तो विश्व में समाजवाद का सर्वोच्च कीर्तिमान स्थापित करता है। व्यक्ति की उन्नति और समृद्धि को उसकी आर्थिक संपन्नता, दिखावटी भोगवादी जीवनशैली से नहीं मापा जाता। एक स्वस्थ मानसिकता, स्वस्थ शरीर, सादा जीवन, सबसे बांटकर जीना भारतीय आदर्श माना जाता था। यही कारण है कि भारतीय समाज में प्राचीन काल से अपने धन को परमेश्वर की कृपा समझने की परंपरा रही है। वेदों ने इसी भाव को समाज में विकसित करने पर जोर दिया है। वेद के कई सूक्तों में इस प्रकार के निर्देश पाए जाते हैं। ऋग्वेद के प्रथम अध्याय का पांचवां सूक्त इस पर ही केंद्रित है। यही सूक्त थोड़े परिवर्तन के साथ अथर्ववेद में भी आया है। वेदों में कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कौशल को बढ़ाए। ऐश्वर्य की वृद्धि के लिए समाज का विभिन्न प्रकार के कार्यों के ज्ञान का सामर्थ्य बढ़ाया जाए और प्राकृतिक



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

प्रतिभाओं का विकास हो। इस पर ऋग्वेद के नौवें अध्याय के 112वें सूक्त में काफी विवेचन मिलता है। वहां यह भी बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रवृत्ति और रूचि भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए उन्हें उनकी रूचि और प्रवृत्ति के अनुसार ही काम मिलना और करना चाहिए। आकाश से लेकर पृथ्वी तक के सब असंख्य पदार्थों के साधक अत्यंत उत्तम वरण करने योग्य सद्गुणों को रचने में समर्थ, परंतु दुष्ट स्वभाव वाले जीवों के कर्मों के भोग के निमित्त और जीवमात्र को सुख-दुःख देने वाले पदार्थों के भौतिक गुणों का उपदेश करो, जो सब प्रकार की विद्या से प्राप्त होने योग्य पदार्थों के निमित्त कार्य हैं, उनको उक्त विद्याओं से सबके उपकार के लिए यथायोग्य युक्त करो। सब पदार्थ विद्याओं के ज्ञान के उपयोग से निश्चय ही सुख प्रदान करने के लिए उत्तम समृद्धि के धन अन्न और आवागमन के साधन प्राप्त होते हैं। भौतिक पदार्थों और उनकी प्रक्रियाओं के संभावित दुष्परिणामों के रोकथाम के लिए सुरक्षा के साधनों का प्रचार करो। अनुसंधान के ज्ञान से उत्पन्न होकर सुख-समृद्धि के साधनों की नदियां बह चलती हैं। संसार के पदार्थों के सुख को ग्रहण करने ले लिए विद्या आदि उत्तम ज्ञान से प्रेरित होकर श्रेष्ठ अत्युत्तम कर्म करने वाले पूज्यजनों का अनुसरण करो। जीवन को सुखदायी बनाने के लिए उत्तम व्याख्यान से ज्ञान तथा प्रशिक्षण से अतितीक्ष्ण बुद्धि और कर्मठ प्रवृत्ति जागृत होती। उन्नति के लिए उत्तम ज्ञान और उपदेश की शिक्षा द्वारा तुम सैंकड़ों काम करने का यश प्राप्त करो। ज्ञान-विज्ञान से समृद्धि आती है, परंतु यदि वह समृद्धि सुखदायक न हो तो, व्यर्थ ही है। इसलिए वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

आज शासन सीएसआर के द्वारा देश के व्यवसायी वर्ग को सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य कर रहा है। वेद इसे बाध्यता नहीं, प्रेरणा द्वारा करवाने की बात कहते हैं। वे यह भी बताते हैं कि यदि हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं तो समाज में न केवल अनाचार और हिंसा फैलती है, बल्कि उसके कारण हमारा जीवन भी अशांत हो जाता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेदों में न केवल विभिन्न प्रकार के कौशल और प्रौद्योगिकी का वर्णन है, बल्कि श्रम की गरिमा का भी महिमामंडन किया गया है।

# हरित क्रांति के जनक नॉर्मन बोरलॉग

नॉर्मन बोरलॉग ने मानव इतिहास पर सबसे बड़ा प्रभाव डाला है? वह एक वैज्ञानिक, शोधकर्ता थे, जिन्होंने दुनियाभर में फसल की पैदावार को बेहतर बनाने पर काम किया। 1940 के दशक में कई 'तीसरी दुनिया' के देशों में किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त गेहूं नहीं उगा पाते थे। सूखा, बीमारी और अन्य कारक उन्हें खुद को खिलाने के लिए पर्याप्त गेहूं की फसल उगाने से रोकते थे। उस समय मेक्सिको अपनी आधी आबादी को खिलाने के लिए ही पर्याप्त गेहूं उगा पाता था। इस समस्या को हल करने की कोशिश करने के लिए बोरलॉग ने उस समय मेक्सिको में रॉकफेलर फाउंडेशन के लिए काम किया। उन्होंने गेहूं की कई किस्मों को क्रॉस-ब्रीड किया जो सूखा-प्रतिरोधी, रोग-प्रतिरोधी थीं और जिससे पैदावार (प्रत्येक एकड़ से आपको मिलने वाले गेहूं की मात्रा) में वृद्धि होती जिसमें बड़े भारी गेहूं के दाने होते थे और फिर भी हवा और बारिश में खुद को सीधा रखने के लिए पर्याप्त मजबूत होते थे।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

12 साल के भीतर बोरलॉग ने यह कर दिखाया और मेक्सिको गेहूं में आत्मनिर्भर हो गया। वे अपनी पूरी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फसल उगा सकते थे। इसके बाद बोरलॉग ने अपना ध्यान दक्षिण एशिया-भारत और पाकिस्तान की ओर लगाया, जहां अकाल अभी भी हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा था। बोरलॉग वहां गेहूं की पैदावार को चार गुना बढ़ाने और भुखमरी के खतरे को खत्म करने में सक्षम थे जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। बोरलॉग को "हरित क्रांति" शुरू करने का श्रेय दिया जाता है, जो अब पूरी दुनिया में फैल चुकी है। उन्होंने अपनी तकनीक को मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में भी अपनाया जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। गेहूं के साथ उनकी उपलब्धियों को चावल के साथ भी दोहराया गया जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया के लोगों को भोजन मिला।

उनकी उपलब्धियों के लिए नॉर्मन बोरलॉग को 1970 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, लेकिन वे यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना ध्यान अफ्रीका और मकई की ओर लगाया और वहां भी अनगिनत लाखों लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराया। वे अपने पूरे जीवन में भुखमरी और कुपोषण को मिटाने के अपने मिशन पर काम करते रहे। 1980 और 90 के दशक में चीनियों के साथ मिलकर उनके गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए काम किया।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन भी बनी



अयोध्या, अमृत विचार : दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 20 दिनों से खराब चल रही सीटी स्कैन मशीन भी गुरुवार से चल गई। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि नई सीटी स्कैन मशीन का संचालन कराने की भी कवायद चल रही है।

### साढ़े नौ से साढ़े दस तक मिलें चुनाव प्रेक्षक से

अयोध्या। लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग से नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक आईएएस अफसर पी आकाश गुरुवार को जिले में पहुंच गए।वह सर्किट हाउस के कक्ष संख्या सात में ठहरे है, जहां कोई भी प्रत्याशी या सामान्य व्यक्ति सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक मिल सकता है। उनका दूरभाष नंबर 9935576060 पर सम्पर्क कर सकता है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बभनगंवा गांव निवासी विनोद कुमार (24) पुत्र श्रीराम को गुरुवार की शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि युवक को शाम 6 .45 उसका पड़ोसी रवींद्र लेकर आया था। युवक को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# 35 साल से जीत की तलाश में कांग्रेस, लगा चुकी है हैट्रिक

## 1989 के बाद से हासिल नहीं कर पाई है तीसरा भी स्थान

अयाज अहमद, सीतापुर

अमृत विचार। देश की राष्ट्रीय पार्टी में शुमार कांग्रेस फिर सीतापुर सीट पर जीत की तलाश में है। 1989 के बाद से कांग्रेस को कभी इस सीट पर जीत नसीब नहीं हुई है। लगभग हर चुनाव में वह अपना प्रत्याशी उतारती है, लेकिन चुनाव सिर्फ सपा-भाजपा और बसपा के बीच सिमटकर रह जाता है। कांग्रेस कहीं भी नहीं दिखती।

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस इस सीट पर कभी मजबूत नहीं रही। सीट के गठन के बाद 1952 में हुआ पहला चुनाव कांग्रेस ने ही जीता था। दूसरा चुनाव 1957 में हुआ तो उसमें भी कांग्रेस ने ही जीत हासिल की। 1962 व 67 के दो चुनाव हारने के बाद 1971 में कांग्रेस ने वापसी करते हुये फिर अपना परचम लहराया। उसके बाद 1980, 84 और 89 के लगातार चुनाव जीतकर कांग्रेस की राजेंद्र कुमारी बाजपेई ने हैट्रिक लगाई और इस सीट पर इतिहास रच दिया। तीनों ही चुनाव में कांग्रेस के सामने कोई टिक नहीं पाया, लेकिन उसके बाद कांग्रेस फिर एक चुनाव जीतने को तरस गई और चुनाव दर चुनाव कांग्रेस का जनाधार गिरता चला गया। हाल ऐसा हो गया कि चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कोई असर डाल पायेगा, इस की चर्चा भी खत्म सी हो गई। जहां किसी पार्टी ने सीट पर हैट्रिक लगाई हो वह तीसरे नंबर पर आने के लिए भी संघर्ष करने लगी।

हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा से सांसद रहीं कैसरजहां ने जब कांग्रेस से उम्मीदवारी की तो कांग्रेस चुनाव में लड़ाई में दिखी। कांग्रेस चुनाव तो नहीं जीत पाई, लेकिन तीसरा स्थान जरूर हासिल कर लिया और कहीं न कहीं उस समय के गठबंधन (सपा-बसपा) के प्रत्याशी के हार का कारण जरूर बन गई।



**महासंग्राम**

- गठबंधन होने से कांग्रेस के खाते में आई है सीट
- सपा-भाजपा के गढ़ में कांग्रेस के प्रदर्शन पर सभी की रहेगी नजर

**कांग्रेस ने छः बार जीती है सदर सीट**

| | |
|---|---|
| उमा नेहरू | सन 1952, 1957 |
| जगदीश चंद्र दीक्षित | 1971 |
| राजेंद्र बाजपेई | 1980, 1984, 1989 |

**सपा ने मात्र एक बार जीती सीट**

| | |
|---|---|
| मुख्तार अनीस | 1996 |

**कांग्रेस के लिए करिश्मा कर पायेगा सपा का साथ**

जहां 35 साल से कांग्रेस सदर सीट पर जीत के लिए तरस रही है, वहीं सपा के लिए भी इस सीट पर जीत हासिल करना किसी सपने के सच होने जैसा है, क्योंकि सपा मात्र एक बार ही 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज कर पाई है। वहीं कांग्रेस ने छः बार इस सीट पर अपना कब्जा जमाया है। हां इतना जरूर है कि 2017 से पहले जनपद सपा का गढ़ रहा है। जबकि पिछले 10 सालों से भाजपा उभरकर सामने आई है। अब ऐसे में ये उम्मीद लगाई जा रही है कि अगर सपा के वोट बैंक का साथ अगर मिला तो शायद कांग्रेस फिर से कोई करिश्मा दिखा पाये।

# एक घंटे नहीं, अब पांच मिनट में मिलेगी एक्स-रे रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। जिला अस्पताल में महीनों से धूल फांक रही डिजिटल एक्स-रे मशीन का संचालन आखिरकार गुरुवार को शुरू करा दिया गया। इसके संचालन से रिपोर्ट मिलने में लगने वाले समय से ही नहीं बल्कि धूप में खड़े होकर फिल्म सुखाने से भी राहत मिल जाएगी। हालांकि इसके संचालन के लिए टेक्निशियनों को ट्रेनिंग दी जानी है, लेकिन औपचारिक शुरुआत शुक्रवार से होगी।

अस्पताल में एक्स-रे कराने के लिए रोजाना लंबी-लंबी लाइनें लगी रही थीं। एक्स-रे की मैनुअल मशीनें गर्म हो जाने के बाद बंद हो जाती थीं। आए दिन स्टाफ को मरीजों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता था। यही नहीं मैन्युअल मशीनों से निकलने वाली रिपोर्ट के बाद मरीजों को डॉक्टर तक ले जाने में काफी समय लगता था। क्योंकि रिपोर्ट को धूप में सुखाना भी पड़ जाता था। कई बार उसमें कुछ साफ भी नहीं दिखाई पड़ता था, लेकिन 17 नंबर कक्ष में लगी डिजिटल रेडियोलॉजिकल मशीन से अब पांच मिनट के अंदर ही रिपोर्ट मिल जायेगी। प्रभारी सीएमएस डॉ. उत्तर कुमार ने बताया कि नई मशीन से शुक्रवार से जांच शुरू हो जाएगी।

# तेज हवाओं से भड़की आग एक दर्जन से अधिक घर जले



आग लगने के बाद घर का जला सामान। अमृत विचार

भदफर, सीतापुर, अमृत विचार। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की भदफर चैकी अंतर्गत ग्राम मझरी पासिंन में अचानक आग लगने से लगभग एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गये। आग से घर गृहस्थी के सामान सहित लाखों की नकदी भी जल गई। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

गुरुवार की दोपहर गांव में शकील के घर से अज्ञात कारणों की वजह से अचानक आग लग गई। जो तेज हवाओं के सहारे और भीषण हो गई। ऐसे में आग ने देखते ही-देखते एक दर्जन से अधिक मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आग लगने की सूचना चैकी पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह, सतीश राय व पुलिस टीम एवं स्थानीय ग्रामीणों ने निजी साधनों व पंपिंग सेटों की मदद से आग पर काबू पाया, आग बुझने के उपरांत दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन कर शीघ्र मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि 12 हजार की नकदी सहित लगभग ढाई लाख रुपये मूल्य की घर गृहस्थी का सामान जल गया है। ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव ने बताया कि गांव के शकील, वकील, कपिल, अनारा, सबीरा, असलम, सुफियान, रिजवान, इरफान, बबलू, मतुंना, अकबर, शोएब, लइककुनिशा, नेकपाल, रामकली आदि के घर आग लगने से घर गृहस्थी के सामान सहित भारी मात्रा में नकदी भी जल गई है।


# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मानपुर/सीतापुर, अमृत विचार। थाना इलाके में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

क्षेत्र के ग्राम कैहमारा निवासी पूरन भार्गव (37) वर्ष पुत्र अमरीका अपने साथी किशोर (32) पुत्र खुशीराम के साथ बाइक पर सवार होकर लकड़ी ठेके पर काम करने के दौरान मजदूरी का पैसा लेने गये थे। बताया जाता है कि इस दौरान रास्ते मे बिसवां-सीतापुर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पूरन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक किशोर का एक पैर कटने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम कर लिए भेजकर हादसे में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है।तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार का मामला उठाया तो सत्ता को पहुंची तकलीफ

संवाददाता, महोली/सीतापुर



पूर्व सांसद धनंजय सिंह का स्वागत करते समर्थक। अमृत विचार

- बरेली जेल से छूटने के बाद पूर्व सांसद का महोली और सीतापुर में समर्थकों ने किया स्वागत
- नैनीताल स्थित नीम करौली बाबा के दर्शन के साथ जौनपुर जा रहे थे पूर्व सांसद

अमृत विचार। बरेली सेंट्रल जेल से जमानत के बाद रिहा हुए जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता धनंजय सिंह बुधवार देर रात अपने समर्थकों संग सीतापुर पहुंचे। इस दौरान महोली और खैराबाद स्थित एक होटल में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कड़क तेवर दिखाते हुए कहा कि मैंने भ्रष्टाचार का मामला उठाया तो सत्ता पक्ष को तकलीफ हुई। मेरे विरुद्ध फर्जी केस दर्ज कराया गया। मालूम हो कि धनंजय सिंह को जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 6 मार्च को सात साल की सजा सुनाई थी।

बताते चलें कि बुधवार की रात करीब दस बजे धनंजय सिंह का करीब एक सैकड़ा काले रंग की गाड़ियों का काफिला महोली बाइपास पर तहसील के सामने आकर रुका। यहां इलाके के क्षत्रिय समाज के करीब दो सैकड़ा लोग उनके स्वागत के लिए सड़क के किनारे पहले से खड़े थे। कार से उतरने के बाद उन्होंने अपने शुभचिंतकों से कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान सिंघौड़ा के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, महेंद्र पाठक और ननसोहा के समर सिंह राणा आदि ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके उपरांत उनका काफिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर स्थित खैराबाद स्थित एक निजी होटल पर रुका। यहां भी क्षत्रिय समाज के लोगो ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ रात का खाना खाया।

इस दौरान अमृत विचार के सवाल पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने बेबाकी से जवाब देकर शासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में हमने भ्रष्टाचार का एक मामला उठाया। जिससे सत्ता पक्ष को क्षति हो रही थी। मेरे विरुद्ध फर्जी केस दर्ज कराया गया। जिसमें मुझे सजा हो गई। माननीय उच्च न्यायालय ने जमानत दी है। करीब दो माह बाद जेल से छूटकर घर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी बसपा से चुनाव लड़ रही हैं। आप सब का सहयोग और आशीर्वाद चाहिए। वह चुनाव जीतेंगी तो षड्यंत्र करने वालों को मुंह तोड़ जवाब मिलेगा। इसके बाद उनका काफिला अपने गंतव्य को रवाना हो गया। उनके रुकने के बाद जोश में आए लोगों ने जमकर नारे लगाए।

### 57 दिन बाद रिहा धनंजय दिखाया दबदबा

जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह 57 दिन तक जेल में रहे। चार दिन पहले जब उन्हें जौनपुर से बरेली जेल शिफ्ट किया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उनकी जमानत की खबर आ गई थी। उनके सीतापुर से गुजरने की सूचना के बाद बुधवार को देर शाम से ही क्षत्रिय समाज के लोग बाइपास पर जुटने लगे थे। रात 10 बजे तक यह संख्या करीब दो सैकड़ा पहुंच गई।

### 27 साल की उम्र में लड़ा पहला चुनाव

पूर्व सांसद धनंजय ने 27 साल की उम्र में विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा और जीता। 2007 में जदयू के टिकट पर जीते। वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर सांसद बने थे।

# हाईवे किनारे झाड़ियों में जलता मिला शव

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार। लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे रौनाही थाना क्षेत्र में जुबेरगंज पशु बाजार के पास गुरुवार को दिनदहाड़े एक युवक का शव झड़ियों में जलता हुआ मिला। इससे क्षेत्र में हलचल है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

हाईवे किनारे से गुरुवार दोपहर बाद गुजर रहे स्थानीय राहगीरों ने जुबेरगंज पशु बाजार से मुख्य सड़क से चंद कदम दूर स्थित झाड़-झंखाड़ में एक युवक का शव जलते देखा। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी अनुराग पाठक के साथ इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। झाड़-झंखाड़ में लगी आग पर काबू पा कर शव को किनारे रखवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा था और घासफूस व झाडी में आग लगी हुई थी। शव के जलने से निकली बदबू पर नजदीक से जाकर देखने पर मामले की जानकारी हुई। आग कैसे लगी और शव मौके पर कैसे पहुंचा, इस बाबत कोई कुछ साफ-साफ बता नहीं पाया। इतना ही स्पष्ट हो पाया कि झाड़-झंखाड़ में आग हाईवे किनारे खड़े दो ट्रकों के मौके से जाने के बाद दिखी। दबी जुबान चर्चा रही कि ट्रकों पर मौजूद लोगों ने कोई सामान झाड़ियों की ओर फेंका था और फिर आग लगाने के बाद मौके से अपना वाहन लेकर चले गए। आशंका है कि झाडी में युवक का शव ही फेंका गया था। जिसकी कहीं और हत्या की गई तथा साक्ष्य छिपाने के लिए यहां शव को हल्के गहरे गड्ढे में फेंक खरपतवार में आग लगा दी।

रौनाही थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह का कहना है कि दिन दहाड़े हत्या कर शव फेंकने और जलाने का दुस्साहस कर पाना आसान नही है। उन्होंने आशंका जताई है कि युवक हाईवे पर किसी वाहन के टक्कर से उछल कर झाड़ियों में जा गिरा और आसपास के दुकानदारों की ओर से खाली स्थान पर फेंकी गई राख की चिंगारी से खर-पतवार में लगी आग की चपेट में आकर जल गया। मौके से ऐसा कुछ नहीं मिला है जिससे मृतक की पहचान हो सके, शिनाख्त का प्रयास कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### पशुशाला में लगी आग, पांच मवेशी झुलसे

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव निवासी आज्ञाराम वर्मा की पशुशाला में गुरुवार दोपहर पशुशाला में लगी अचानक आग से पांच पशु झुलस गए। आग बुझाने के लिए ग्रामीण दौड़े जब तक पशुओं को बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। तब तक पांच भैंसें झुलस गईं। जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। सूचना पर पहुंचे पशुधन विकास अधिकारी पूराबाजार रवींद्र प्रताप यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अवधेश कुमार, पैरावेटनरी जय हिंद यादव ने पशुओं का इलाज किया। पशुधन विकास अधिकारी पूराबाजार डॉ. रविंद्र प्रताप यादव ने बताया कि तीन भैंस 70 प्रतिशत झुलस चुकीं हैं। सूचना मिलने पर कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, भाजपा नेता करुणाकर पांडेय, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक वर्मा ने पीड़ित के घर पहुंच मदद का आश्वासन दिया।

### डिटरजेंट फैक्ट्री के कबाड़ में लगी आग

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र गद्दोपुर स्थित गोसाईगंज थाना क्षेत्र निवासी संजय जायसवाल की डिटरजेंट फैक्ट्री के कबाड़ में गुरुवार को आग लग गई। मौके पर पहुंचे दो फायर दस्तों ने आग पर काबू पा लिया, जिसके चलते आग फैलने नहीं पाई और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। फैक्ट्री के पार्टनर विजय कुमार गुप्ता का कहना है कि दो लाख से ज्यादा के नुकसान हुआ है। फैक्ट्री में तिरंगा ब्रांड से डिटर्जेंट और साबुन तथा कैलाश नाम से डिटरजेंट पाउडर का निर्माण होता है। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि दो फायर टेंडर को मौके पर भेज आग पर काबू पाया गया है। ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, क्षति का आंकलन कराया जा रहा है।

### विपणन निरीक्षक चंद्रकेश हुए सम्मानित



विपणन निरीक्षक को सम्मानित करते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

अयोध्या, अमृत विचार : गेहूं खरीद के लिए सर्वाधिक प्रयास व मेहनत करने वाले अयोध्या संभाग स्थित अमेठी के विपणन निरीक्षक चंद्रकेश यादव को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने गुरुवार सम्मानित किया गया। संभागीय खाद्य नियंत्रक अशोक कुमार पाल ने बताया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य अथवा इससे अधिक मूल्य प्राप्त हो रहा है। मंडल में गेहूं खरीद योजना सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। मंडल में 18,800 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। मंडल में विभिन्न क्रय एजेंसियों के 420 क्रय केंद्र स्थापित कराए गए हैं। 95% भुगतान कर दिया गया है। आरएमओ सतेंद्र नाथ पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त ने किया पार्कों का निरीक्षण



पार्क के निरीक्षण के दौरान नगर व अपर नगर आयुक्त। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को साकेतपुरी कॉलोनी स्थित पार्कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत पार्कों के सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा निगम सीमा अंतर्गत 33 पार्कों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है, जिसमें बच्चों के झूले, पाथवे, बाउंड्री वॉल संबंधी कार्रवाई करते हुए जीर्णोद्धार कराया गया है। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, मुख्य अभियंता राजवीर सिंह, गुरु प्रसाद पाण्डेय, सहायक नगर आयुक्त आदि निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 11 घंटे में बना ट्रांसफार्मर का उड़ा फेस

अयोध्या। पॉवर कॉर्पोरेशन के आला अधिकारियों की नाक के नीचे और आबाध आपूर्ति के तमाम दावों के बीच ट्रांसफार्मर के उड़े फेस को बनाने में 11 घंटे से ज्यादा समय लगने का बड़ा मामला सामने आया है। कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्र के अधीन शक्ति विहार कॉलोनी की करीब 11 हजार आबादी रात भर गर्मी में परेशान रही। बुधवार रात 10 बजे उड़ा फेस गुरुवार सुबह आठ बजे दुरुस्त किया जा सका। अभी तक ट्रांसफार्मर बदलने और क्षतिग्रस्त लाइन दुरुस्त करने में लापरवाही और समय लगने का मामला सामने आता था। अब एक ट्रांसफार्मर के उड़े फेस को लेकर हद दर्जे की उदासीनता सामने आई है। बताया जाता है कि बुधवार रात पौने 10 बजे के करीब देवकाली रोड पर शक्ति विहार कॉलोनी को आपूर्ति देने वाले ट्रांसफार्मर का एक फेस उड़ गया। रात 11 बजे तक लोग इंतजार करते रहे आपूर्ति नहीं आई। जब उप केन्द्र से संपर्क साधा गया तो बताया गया कि चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर का फेस उड़ गया है, अभी ठीक करा दिया जायेगा। रात एक बजे तक भी फाल्ट नहीं दुरुस्त हुआ तो परेशान लोगों ने फिर संपर्क साधा लेकिन फिर भी कोई कर्मचारी फेस दुरूस्त करने नहीं पहुंचा। भीषण गर्मी में सारी रात लोगों ने कॉलोनी में टहल और छत पर बिताई।

# मशीन लगाकर खेतों से किया जा रहा खनन

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अनदेखी**

- मुख्य मार्गों से होकर गुजर रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां
- जिम्मेदारों के फोन न उठाने से खनन माफिया के हौसले बुलंद

अमृत विचार। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद और प्रशासन के लाख दावों के बाद भी तहसील क्षेत्र में खेतों से अवैध मिट्टी खनन जारी है। मशीन लगाकर खेतों से धड़ल्ले से मिट्टी खनन किया जा रहा है।

खनन के बाद ट्रैक्टर-ट्रालियों से भरकर मुख्य मार्गों से मिट्टी गंतव्य तक पहुंचाई जा रही है और जिम्मेदार तमाशबीन बने रहते हैं। प्रशासन भले ही अवैध खनन पर रोक लगाने का दावा करे, लेकिन खनन माफियाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

तहसील क्षेत्र के महमूदाबाद, रामपुर मथुरा, सदरपुर थाना इलाकों में इन दिनों धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। गुरुवार सुबह रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव के पास खेत में मशीन लगाकर खेतों से मिट्टी खनन होता देखा गया। खनन माफिया मशीन से पहले खेतों से मिट्टी खनन करते, फिर उसे ट्रैक्टर-ट्रालियों से भरकर मुख्य मार्गों से गंतव्य तक पहुंचाने में जुटे रहे। तहसील क्षेत्र में गुड़ैचा से महमूदाबाद रोड पर भी मिट्टी से भरे ओवरलोड बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन भर मिट्टी ले जाते देखे जा सकते हैं।

हालांकि कुछ दिन पूर्व आयोजित तहसील समाधान दिवस में नगर के मोहल्ला पुरानी बाजार निवासी अब्दुल सलाम ने एसडीएम शिखा शुक्ला से अवैध खनन को लेकर शिकायत की थी। जिसके बाद दो दिन सख्ती दिखाई दी, लेकिन फिर से मिट्टी के अवैध खनन शुरू हो गया। गौरतलब है कि अगर कोई व्यक्ति अपने निजी कार्य या मकान बनाने के लिए अपने खेत से मिट्टी निकाल रहा है, तो पुलिस सख्त कदम उठा रही है, लेकिन खनन कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस के पसीने छूट जाते हैं।



खेत में खनन करती जेसीबी। अमृत विचार

### तहसीलदार को फोन उठाने से परहेज

तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे अवैध मिट्टी खनन को लेकर जब तहसीलदार सुरभि रॉय के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। ऐसा एक बार नहीं बल्कि कई बार गंभीर मामलों को लेकर तहसीलदार को सीयूजी नंबर पर फोन किया गया, मगर उनका फोन आज तक नहीं उठ सका। खनन की अनदेखी हो रही है।

**मौसम की मार** पशुओं में मेटाबालिक रेट बढ़ा, एनर्जी लास से घटी दूध देने की क्षमता

# 40 डिग्री तापमान से गहराया दुग्ध उत्पादन पर संकट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बढ़ती गर्मी और चढ़ते पारे का असर दूध के कारोबार पर अपना रंग दिखाने लगा है। पशुओं को गर्मी से बचाने के सारे उपाय बेमानी साबित हो रहे है। दुग्ध उत्पादन में 20 से 25 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इसे लेकर अब डेयरी उद्योग में खलबली मची है। गांव हो या शहर दूध के दामों में उछाल के कारण उपभोक्ताओं की जेब पर भारी दबाव देखा जा रहा है। हालत से उबरने के लिए डेयरी के व्यवसायी अपने पशुओं को कम करने पर मजबूर हो रहे है।



सोहावल क्षेत्र में संचालित एक डेयरी में बंधी गाय।

एक सप्ताह से तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के पार होने से पशु पालकों की बेचैनी बढ़ गई है। पशुओं के लिए हरा चारा, ठंड भरा आश्रय स्थल और गर्मी से होने वाली बीमारी से बचाव कर पाना कठिन हो रहा है। मंगलसी निवासी डेयरी चलाने वाले करीब 12 दुधारू पशुओं के पालक ननकन यादव और देवा कहते है छायादार पंखा युक्त पशुशाला है। हरे चारे की भी व्यवस्था है, लेकिन पशु चारा कम खा रहे हैं। दूध उत्पादन में काफी गिरावट आ गई है। मंगलसी के डेयरी के कारोबारी राजेंद्र वर्मा ने कहा इंसान की तरह पशुओं को गर्मी बहुत परेशान करती है। कूलर पंखा, चारा सब कुछ लगाने के बाद भी दुधारू पशु उत्पादन कम कर देते है। मांग और आपूर्ति में तालमेल बिगड़ जाने से दूध और इसके उत्पाद दोनों में कमी आ जाती है व्यवसाय घाटे का सौदा बन बैठता है।

> गर्मी में पशुओं को छायादार ठंड भरे स्थलों या घने पेड़ों की छाया में रखने की आवश्यकता है। स्वच्छ पीने का पानी और हरे चारे की व्यवस्था नही होगी तो पशु बीमार होंगे। सोहावल में सरकारी डेयरी नही है निजी डेयरी चलाने वाले कुछ लोग है। अभी तक हीट बेव से कोई पशु बीमार नही मिला है। सतर्कता बरती जा रही है। –डॉ. मनोज कुमार वर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सोहावल

### गर्मियों में पशु होते हैं हीट स्ट्रोक के शिकार

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश सिंह का कहना है कि गर्मियों में पशु भी हीट स्ट्रोक के शिकार होते हैं। गर्मियों में मेटाबॉलिक रेट बढ़ जाता है। तापमान बढ़ने से एनर्जी लॉस शुरू हो जाता है। दुधारू पशुओं में पौष्टिक आहार और पानी के साथ नमक मिलाकर भूसा देकर उत्पादन सामान बनाए रखा जा सकता है। इस समय दिन का अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर रहा है। गर्मी में दुधारू पशुओं को तेज धूप से बचाना चाहिए। उनके लिए 30 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान ही उपयुक्त होता है। दूध का उत्पादन जानवर की ऊर्जा बचाने पर निर्भर करता है। जितनी ऊर्जा बचाएंगे, उतनी ही उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।

# सभी बच्चों की सुपुर्दगी का आदेश

अयोध्या, अमृत विचार : जिला बाल कल्याण समिति की ओर से गुरुवार को कागजात और दावे के परीक्षण के बाद शेष 13 बच्चों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द किए जाने का आदेश किया गया है। अब तक 95 बच्चों में से 72 बच्चे अपने अभिभावकों को मिल गए हैं। शुक्रवार की सुबह दिल्ली के एक एनजीओ की शिकायत पर देवकाली स्थित एक होटल के सामने हाईवे से बिहार से सहारनपुर जा रही बस से 95 बच्चों को पकड़ा था, जिन्हें राजकीय बाल गृह लखनऊ भेजवाया गया था। स्थानीय अधिवक्ता खालिद का कहना है कि सभी बच्चों के सुपुर्दगी का आदेश हासिल हो गया है। जिला सीडब्लूसी अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि गुरुवार को शेष 12 बच्चों को उनके अभिभावको को सुपुर्द किए जाने का आदेश जारी किया गया है। अब तक राजकीय बाल गृह लखनऊ ने 72 बच्चों को सुपुर्द किया है।

इलेक्शन बायस्कोप



राजधानी लखनऊ में पांचवें चरण में मतदान होना है, सभी प्रमुख प्रत्याशी नांमाकन कर चुके हैं, चुनाव प्रचार चरम पर है। राजनीतिक दल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मतदाताओं से मिलकर अपने प्रत्याशी को जिताने का अनुरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे के निकट प्रचार को लेकर एकत्रित इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता। -अमृत विचार

## चुनाव के बाद सपा समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनडीए की केन्द्र व राज्य सरकार के साथ सुभासपा ने हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, शोषितों व वंचितों की लड़ाई लड़ी है। इसलिए जीत एनडीए गठबंधन की होगी। जबकि सपा को गरीबों का श्राप लगा है और कांग्रेस का तो सफाया हो चुका है, इसी चुनाव के बाद सपा भी समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी। यह बात गुरुवार को सुभासपा के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। राज्य में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है, किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। राघवेन्द्र दिवेदी ने कहा कि मोदी व योगी की सरकार ने गरीबों को आवास दिये, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को सरकार में रहने का मौका मिला था लेकिन उसने गरीबों की भलाई व उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किये, यही वजह है कि लगातार कई चुनाव हराकर जनता स्वयं ही जवाब दे रही है।

# नाराज क्षत्रियों को साधने को भाजपा ने दिया टिकट

### चर्चित लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी किए गए तय

### कैसरगंज से करण भूषण तो रायबरेली से दिनेश प्रताप को मिला टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित और सर्वाधिक चर्चा में रहे दोनों लोकसभा सीटों के टिकटों को भाजपा ने फाइनल कर दिया। इन दोनों क्षेत्रों के टिकटों के वितरण में बीजेपी ने उस वर्ग को भी साधने की कोशिश की, जो आंशिक रूप से नाराज बताया जा रहा था। बताया जा रहा है कि तीसरे चरण के मतदान में अंतिम के दोनों टिकट का असर दिखेगा। भाजपा को पश्चिम में और पूर्वांचल के जौनपुर के मतदान में परिवर्तन की उम्मीद है।

अंत में दिए गए दोनों टिकटों में भाजपा ने क्षत्रिय समाज को प्राथमिकता दी है। पहला टिकट सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह को दिया, तो दूसरा टिकट उप्र सरकार में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को दिया है। दरअसल इन दोनों टिकटों के माध्यम से गाजियाबाद से वीके सिंह का टिकट कटने और पश्चिमी उप्र. तेज तर्रार नेता संगीत सोम को टिकट न मिलने से नाराज क्षत्रियों को खुश करने के रूप में देखा जा रहा है।

वहीं राजकोट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला के विवादित बयान से भी क्षत्रियों में नाराजगी थी। जिसका असर पश्चिमी यूपी में महसूस किया जा रहा था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा बृजभूषण को नाखुश करके देवीपाटन मंडल की चारों लोस सीटों पर किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती थी। बृजभूषण सिंह का असर श्रावस्ती, गोंडा, बहराइच और कैसरगंज चारों सीटों पर पड़ता है। बृजभूषण को सीधे टिकट देने से भाजपा को जाटों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता था। ऐसे में भाजपा शीर्ष नेतृत्व में मध्य का मार्ग अपनाते हुए उनके छोटे बेटे को टिकट दे दिया।



## पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज समेत 78 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए गुरुवार को 78 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 183 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं, जबकि लखनऊ पूर्व सीट के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में आठ, लखनऊ में छह, रायबरेली में सात, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में दो, झांसी में आठ, हमीरपुर में तीन, बांदा में चार, फतेहपुर में पांच, कौशांबी (अजा) में 10, बाराबंकी (अजा) में आठ, फैजाबाद में 11 व गोंडा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रायबरेली लोकसभा लिए बहुजन समाज पार्टी से ठाकुर प्रसाद यादव व अपना दल (कमेरावादी) से मुहम्मद मोबिन ने नामांकन किया। झांसी सीट के लिए कांग्रेस से प्रदीप कुमार जैन, कौशाम्बी (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण, समाजवादी पार्टी से इन्द्रजीत सरोज, समाजवादी पार्टी से पुष्पेन्द्र सरोज, अपना दल (कमेरावादी) से नरेन्द्र कुमार ने नामांकन किया। बाराबंकी (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शिव कुमार दोहरे, फैजाबाद सीट के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से अरविंद सेन, लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से आलोक कुशवाहा ने नामांकन किया।

### अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस सरकार आयी तो आरक्षण का एक हिस्सा काटकर मुसलमानों को दे देंगी। यह देश को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। - योगी आदित्यनाथ



भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों से ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का डर दिखाकर वसूली की है। वसूली के कारण देश में महंगाई बढ़ी। - अखिलेश यादव



2019 में जब हमारे भतीजे धमेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे थे तो स्ट्रांग रूम में कोई तोता घूस गया था, इस बार तोते घुसेंगे नहीं उड़ेंगे। -शिवपाल यादव



वे यहां के लोगों का वोट लेकर खुद को बड़ा करना चाहते हैं। पूरा कल-कारखाना गुजरात जा रहा है, वाराणसी को कुछ नहीं मिलने वाला। -अजय राय

# खुद को विराम, पुत्र को मिला राजनीतिक संग्राम

### बृजभूषण शरण सिंह का पुत्र के नाम पर बना रह गया दबदबा

### 34 वर्षों के राजनीतिक सफर में पहली बार आया ठहराव

### खुद के लिए तलाशेंगे नया वजूद या करेंगे विश्राम





करण भूषण सिंह



भगत राम मिश्र



नरेंद्र पाण्डे


अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** देश की चुनिंदा सीटों में शुमार कैसरगंज लोकसभा पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुई थीं। नामांकन को मात्र एक दिन ही शेष है लेकिन पार्टी के दांव ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विराम देकर बेटे को चुनावी संग्राम की बागडोर थमा दी है। अब बाप के विरासत को सांसद बृजभूषण शरण सिंह का छोटा बेटा करण भूषण सिंह आगे बढ़ाने को आगे आए हैं। बृजभूषण के नाम पर भाजपा में भले ही सहमति नहीं बन पाई लेकिन बेटे को टिकट मिलना उनके दबदबे का ही प्रतिरूप माना जा रहा है। इससे बृजभूषण शरण सिंह के 34 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार ठहराव आया है। इस निर्णय ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विचलित अवश्य कर दिया है लेकिन बनाए गए चक्रव्यूह में ऐसे ही फंसकर अपना करियर खत्म नहीं होने देंगे। अब सवाल उठ रहा है कि चुनावी चक्रव्यूह के बाद बृजभूषण शरण सिंह क्या करेंगे। वह विश्राम करेंगे या फिर अपना नया वजूद तलाश करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि आगे चलकर उन्हें संगठन का महत्वपूर्ण दायित्व भी दिया जा सकता है।

शुक्रवार तीन मई नामांकन का अंतिम दिन है और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सपा किसी ने गुरुवार तक नामांकन दाखिल नहीं किया है। गुरुवार को भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण शरण सिंह को टिकट देकर विरासत की राजनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। करण भूषण शरण सिंह ने चार सेटों में नामांकन पत्र भी खरीद लिया है और शुक्रवार को नामांकन पत्र भी दाखिल करेंगे। हाट सीट बन चुकी कैसरगंज से भाजपा के पास दूसरा कोई और विकल्प भी नहीं था। यदि किसी अन्य को मैदान में उतारा जाता तो उसे 16 दिन में संग्राम जीतने के लिए के व्यूह तैयार करना आसान नहीं था। 18 लाख से अधिक मतदाताओं तक पहुंचना आसान नहीं था। कैसरगंज से लगातार तीन बार सांसदी जीत चुके बृजभूषण शरण सिंह पूरे क्षेत्र के चप्पे चप्पे से वाकिफ हैं और अब तक पूरे लाव लश्कर के साथ भ्रमण कर चुके हैं।

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

| विस क्षेत्र | पुरुष | महिला |
| --- | --- | --- |
| कटरा बाजार | 2,11,098 | 1,85,825 |
| कैसरगंज | 2,06,010 | 1,83,676 |
| पयागपुर | 2,04,829 | 1,82,554 |
| तरबगंज | 1,98,148 | 1,73,607 |
| कर्नलगंज | 1,77,854 | 1,56,327 |





### भाजपा के दांव से सांसत में समाजवादी

समाजवादी पार्टी भाजपा के रुख का इंतजार करती रही। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलने पर सपा ने अपना विकल्प खोल रखा था। इसीलिए अब कैसरगंज से सपा ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की। कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने भले ही नामांकन पत्र ले लिया है। लेकिन शाम तक भगतराम मिश्र के नाम की चर्चा भी शुरू हो गई। इसकी सूचना पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने दी और बताया कि पार्टी की तरफ से भगतराम मिश्र ही चुनाव लड़ेंगे। दूसरी तरफ सपा के वरिष्ठ नेता सूरज सिंह ने बताया कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि कैसरगंज से भगत राम मिश्रा चुनाव लड़ेंगे। भगतराम मिश्र 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं। गुरुवार को उनकी मुलाकात पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हो चुकी है। लेकिन भाजपा के दांव से सपा के सामने 16 दिनों में सीट फतह करना आसान नहीं दिख रहा है। हालांकि सपा के साथ एमवाई फैक्टर है और ब्राह्मण चेहरा है। बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है जो मूल रूप से रहने वाले पयागपुर के हैं लेकिन वह लखनऊ में निवास करते हैं।

### भाजपा से पांच बार सांसद रहे हैं बृजभूषण

सांसद बृजभूषण शरण सिंह पांच बार भाजपा से सांसद रहे। उनका चुनावी रथ 1991 में जीत के साथ चल पड़ा। इसके पहले वह रामजन्मभूमि आंदोलन में शामिल हुए थे। 1991 में भाजपा ने गोंडा लोकसभा से उम्मीदवार बनाया और जीत गये। 1996 में चुनाव लड़ने से पहले टाडा में जेल चले गए। उनकी जगह उनकी पत्नी केतकी सिंह को भाजपा ने मैदान में उतारा और वह चुनाव जीत गयीं। 1998 में भाजपा ने उन्हें फिर गोंडा से चुनाव लड़ाया लेकिन इस बार वह सपा के कीर्तिवर्धन सिंह से चुनाव हार गये। लेकिन 1999 में उन्होंने कीर्तिवर्धन सिंह को हरा कर फिर चुनाव जीत लिया। 2004 में बृजभूषण शरण सिंह को बलरामपुर भेज दिया गया। यहां वह सपा के बाहुबली नेता रिजवान जहीर को हराकर विजयी हुए। 2009 में भाजपा ने बलरामपुर से टिकट नहीं दिया। इससे नाराज बृजभूषण सपा में चले गए कैसरगंज लोकसभा से विजई हुए। लेकिन 2014 में वह भाजपा में लौट आए और भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में सांसद बने। यौन उत्पीड़न के मामले में में उनका केस चल रहा है और 7 मई को सुनवाई है। भाजपा ने उन्हें टिकट न देकर बेटे करन भूषण को मैदान में उतारा है।

### कैसरगंज : 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
| --- | --- |
| बृजभूषण शरण सिंह | 5,81,358 |
| चंद्रदेव राम यादव | 3,19,757 |
| विनय कुमार पांडेय | 37,132 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
| --- | --- | --- |
| भाजपा | बृजभूषण शरण सिंह | 3,81,500 |
| सपा | विनोद कुमार सिंह | 3,03,282 |
| बसपा | केके ओझा | 1,46,726 |
| कांग्रेस | मुकेश श्रीवास्तव | 57,401 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
| --- | --- | --- |
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राना वीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राना वीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1991 | एलएन मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |

### 2014 नोटा
11,853


### 2019 नोटा
13,168

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
| --- | --- | --- |
| सपा | बृजभूषण शरण सिंह | 1,96,063 |
| बसपा | सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू | 1,23,864 |
| भाजपा | लालता प्रसाद मिश्रा | 1,20,561 |
| कांग्रेस | मो. अलीम | 73,140 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
| --- | --- |
| कुल मतदाता | - 18,80,001 |
| पुरुष | - 9,97,939 |
| महिला | - 8,81,989 |
| अन्य | - 73 |




# मजबूत रणनीति के सहारे ही पार कर सकेंगे चुनावी वैतरणी

### बाराबंकी में 20 मई को होना है मतदान

### निकायों में भाजपा ही नहीं विपक्ष भी मजबूत

### निर्दलीय अध्यक्ष कहीं बन न जाएं गेमचेंजर

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले में पांचवें चरण 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में राजनीतिक दल मतदाताओं की चौखट पर हाजिरी लगा अपने प्रत्याशी को जिताने की गुहार लगाने में कोर कसर नहीं छोड़ रहे। राजनीतिज्ञ कहते हैं कि निकायों में भाजपा से ज्यादा सीटें सपा के पास रहीं। चुनाव पूर्व हैदरगढ़ से आलोक तिवारी, रामनगर से रामशरण पाठक और देवा से हारुन वारसी को भाजपा में शामिल कराकर भाजपा ने एक तीर से दो निशाने लगाए हैं। भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्षों को दल में शामिल कर मतदाताओं के बीच मजबूत दावेदारी का संकेत दिया।



लोकसभा बाराबंकी में नगरपालिका परिषद सहित कुल तेरह नगर पंचायतें हैं। मजबूत रणनीति बनाकर ही सत्ता पक्ष (भाजपा) व विपक्ष (इंडी गठबंधन) चुनावी वैतरणी को पार करने में सफल हो पायेगा। मौजूदा समय में नवाबगंज से सपा की शीला सिंह अध्यक्ष हैं। जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 15,605 मतों से शिकस्त दी थी। इस सीट पर सपा से पहले लगातार दस साल से भाजपा का कब्जा था। नगर पंचायत बंकी में इरफाना खातून अध्यक्ष हैं। इरफाना ने चुनाव भले ही निर्दल प्रत्याशी के रूप में लड़ा लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। नगर पंचायत देवा में अध्यक्ष पद पर चुनाव जीतने वाले हारुन वारसी निर्दलीय चुनाव जीते। लेकिन हाल ही में वह भाजपा में शामिल हुये। फतेहपुर नगर पंचायत सीट पर सपा से इरशाद अहमद कमर अध्यक्ष हैं। बेलहरा नगर पंचायत सीट भी सपा के खाते में गई थी। यहां पर शबाना खातून अध्यक्ष हैं। दोनों सीटों में सपा बड़े अन्तर से चुनाव जीती थी। नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रामशरण पाठक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते। लेकिन पाठक को भाजपा ने चुनाव से पूर्व अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। टिकैत नगर पंचायत पर लगातार भाजपा का कब्जा बरकरार है। तो वहीं दरियाबाद सीट पर सपा समर्थित प्रत्याशी काबिज है। यहां से रुखसाना बानो निर्दलीय चुनाव जीती। रामसनेही घाट सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते ज्ञानप्रकाश यादव पंचायत अध्यक्ष बने। सिद्धौर सीट से भाजपा की रमंता रावत अध्यक्ष हैं। सुबेहा सीट पर सपा का कब्जा है। यहां से देवीदीन अध्यक्ष हैं। सतरिख सीट पर सपा के रेहान कामिल अध्यक्ष हैं। जैदपुर सीट पर नीलोफर अलीम निर्दलीय चुनाव जीत कर अध्यक्ष बनीं। जबकि हैदरगढ़ सीट से आलोक तिवारी को जनता ने निर्दलीय अध्यक्ष चुना, हालांकि वे लोकसभा चुनाव के ठीक पहले से भाजपा में शामिल हो गए हैं। वैसे तो निकाय चुनावों में सपा बड़े दल के रूप में उभर कर सामने आई। चौदह सीटों में पांच सीटें सपा के खेमे में गईं। भाजपा को महज दो सीटें ही मिली थीं। लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाजपा ने देवा, रामनगर और हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष को भाजपा में शामिल कर बड़ा दांव खेला है। भाजपा और इंडिया गठबंधन दोनों ही फूंक फूंक कर कदम रख रही। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते अध्यक्षों को दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने पक्ष में लाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### चुनाव से पहले सपा के बड़े चेहरे भाजपा में शामिल

लोकसभा चुनावों से पहले सपा के दो बड़े चेहरे लवली रावत, नेहा आनंद सिंह को भाजपा ने पार्टी में शामिल कर अपनी मजबूती का अहसास कराया। लवली रावत पूर्व सांसद व मंत्री कमला रावत की बहू हैं और जिला पंचायत सदस्य भी हैं। नेहाआनंद भी जिला पंचायत सदस्य हैं। भाजपा ने दोनों नेत्रियों को पार्टी में शामिल कराकर उन्हें चुनाव जीतने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

### निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव के मुद्दे अलग

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोकसभा व निकाय चुनाव के मुद्दे अलग अलग होते हैं। निकाय चुनाव स्थानीय मुद्दे व सम्बंधों पर लड़े जाते हैं। जबकि लोकसभा चुनाव दलीय विचार धारा, राष्ट्रीय मुद्दों व विकास पर होता है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन, भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों की भागीदारी का असर मतदाताओं पर पड़ेगा। ऐसे में पक्ष विपक्ष को मजबूत रणनीति बनाकर अपने पक्ष में महौल बनाने की योजना पर काम करना पड़ेगा। योजना बद्ध तरीके से बनाई गई रणनीति जीत हार के नतीजे तय करेगी।

### 2022 विधानसभा चुनाव में विजयी प्रत्याशी

| | |
| --- | --- |
| बाराबंकी सदर<br>सुरेश यादव, सपा | जैदपुर<br>गौरव रावत, सपा |
| रामनगर- फरीद<br>महफूज किदवाई, सपा | कुर्सी<br>साकेंद्र वर्मा, भाजपा |
| दरियाबाद<br>सतीश चंद्र शर्मा, भाजपा | हैदरगढ़<br>दिनेश रावत, भाजपा |

## चुनावी चक्कर

**किन्नरों ने दिया मोदी फिर पीएम बनने का आशीर्वाद :** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को उनके रिश्तेदार और समर्थक इन दिनों क्या-क्या जतन नहीं कर रहे। अगर उम्मीदवार देश का प्रधानमंत्री हो तो देशभर में उनके शुभचिंतक अपने-अपने तरीके से आस्था प्रकट करते हुए विविध उपाय कर विजय की कामना कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर समाज ने महायज्ञ किया है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ़ टीना मां ने विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गई और पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न हुआ। इसका आयोजन प्रयागराज में हुआ, इस दौरान पूरा माहौल स्वाहा के उद्घोधन से गुंजायमान हो उठा। नरेंद्र मोदी की तस्वीर के सामने महाआरती भी की गई। इसके बाद किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने दावा किया कि, अबकी बार मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करने जा रही है। बहरहाल, हवन यज्ञ हो जाने के बाद किन्नरों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अपने परंपरागत अंदाज में आशीर्वाद भी दिया।

**नेता जी चिंता में उन्हे कोई बुला नहीं रहा :** चुनावी बिगुल बज चुका है लोकसभा चुनाव के साथ ही राजधानी लखनऊ में विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी भी जोर शोर से लगे हुए हैं इंडी गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में आई है, ऐसे में सपा व कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकता चुनाव प्रचार में जुटे हैं लेकिन मुख्य विपक्षी दल सपा के कुछ स्थानीय नेता की स्थित अजीब सी है, क्योंकि उनको बड़े कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जा रहा है जिससे वह चिंता में है कि उनको कोई बुला नहीं रहा है।


तीसरे चरण की बात

# भाजपा दो, कांग्रेस 44 सीटों पर पिछले तीन चुनावों से रही हार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण में गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी सीटों के साथ-साथ कर्नाटक में 14, महाराष्ट्र में 11 और उत्तर प्रदेश में 10, पश्चिम बंगाल की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात और मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान होगा। पहले दो चरणों में 190 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। इस तरह आम चुनाव अपना आधे से ज्यादा सफर तय कर लेगा। तीसरे चरण में कांग्रेस के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं, ऐसे में गठबंधन के साथियों पर नजर है, जबकि मोदी सरकार सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए पिछली बार जीती गयीं सीटें बचाने के साथ कुछ नए क्षेत्रों में कमल खिला सकती है।






| वोट शेयर-2019 | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सीटें जिन पर चुनाव लड़ा | 83 | 77 |
| 10 % से कम मत मिले | 01 | 09 |
| 10% से 20% मत मिले | 01 | 02 |
| 20% से 30% मत मिले | 01 | 14 |
| 30% से 40% मत पाए | 02 | 35 |
| 40% से अधिक मत पाए | 78 | 17 |

### 40% से ज्यादा वोट पर 6 सीटें हार गई

- तीसरे चरण की 95 लोकसभा सीटों में भाजपा के लिए सिर्फ दो सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह 2009 से 2019 के बीच हुए तीन चुनावों में एक बार भी नहीं जीती है, इसके मुकाबले कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय नजर आती है, क्योंकि पार्टी तीसरे चरण की 44 लोकसभा सीटों पर एक बार भी जीत नहीं हासिल कर पायी है। इसी तरह तीसरे चरण की 95 सीटों में 2009 में भाजपा ने 47 सीटें जीतीं थीं। 2014 की मोदी लहर में पार्टी का आंकड़ा 67 पर पहुंच गया और 2019 में जीतने वाली सीटों की संख्या 72 हो गई। भाजपा की सीटें बढ़ने के साथ वोट शेयर भी तेजी से बढ़ा है।
- 2019 में पार्टी को जीत भले ही 72 लोकसभा क्षेत्रों में मिली, लेकिन 78 सीटें ऐसी रहीं जिन पर 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने कमल का बटन दबाया। यानी छह सीटों पर भाजपा 40 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर पाकर भी हार गई। इस बार के चुनाव में इन पर जीत के लिए भाजपा ने खास फोकस कर रखा है। इसके विपरीत कांग्रेस की 2009 में जीती गईं 27 सीटों की संख्या घटकर 2014 में 9 और 2019 में सिर्फ चार ही रह गई। तीसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 47 सीटें भाजपा का गढ़ नजर आती हैं।

### तीसरे चरण की सीटों पर पिछले तीन चुनाव

| दल | तीन बार जीत | दो बार जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | 42 | 24 |
| कांग्रेस | 01 | 08 |
| सपा | 01 | -- |
| राकांपा (शरद पवार) | 02 | -- |
| एआईडीयूएफ | 01 | -- |

### 2019 में कांटे की टक्कर वाले पांच मुकाबले

| लोकसभा क्षेत्र | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मालदा दक्षिण | कांग्रेस | 8,222 |
| गोवा दक्षिण | कांग्रेस | 9,755 |
| बदायूं | भाजपा | 18,454 |
| कोरबा | कांग्रेस | 26,249 |
| फिरोजाबाद | भाजपा | 28,781 |

- मतदान वाली 95 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विजय रथ रुकना मुश्किल
- 2019 में 78 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट पाए, 72 पर दर्ज की जीत
- पार्टी 47 सीटों पर जीत की लगा चुकी हैट्रिक, इस बार चौका मारने की तैयारी

### गुजरात और कर्नाटक ने लगातार खिलाया कमल

- भाजपा जिन सीटों पर पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत रही है, उन 42 सीटों में ज्यादातर गुजरात और कर्नाटक की हैं। इसके विपरीत लगातार तीन दर्ज करने वाली कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट और अन्य दलों के खाते में चार सीटें हैं। 2009, 2014 और 2019 में लगातार दो और तीन जीत दर्ज करने वाली सीटों में 66 भाजपा के हिस्से में हैं, कांग्रेस के लिए यह संख्या नौ है।

### क्या कहता है... यूपी में तीसरा चरण

- उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। इनमें दो सीटों फिरोजाबाद और बदायूं में उसे मामूली अंतर से जीत मिली थी। इस बार सपा ने यहां पूरा जोर लगाया हुआ है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव फिर मैदान में हैं और पिछली बार उनके प्रतिद्वंदी रहे शिवपाल सिंह यादव इस बार उनके साथ हैं। इसी तरह बदायूं में सपा ने शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही सपा के लिए मैनपुरी में अपना किला बचाने की चुनौती है। यहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे आ गया था। बसपा के लिए इस चरण में अपना खाता खोलना ही सबसे बड़ी चुनौती है।



उमड़ा जनसैलाब

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ रोड शो किया और अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया।

## गुजरात का हाल : मोदी का चुनावी रथ अजेय, रोकना नामुमकिन जैसा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** गुजरात में लोक सभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्ष 2014 और 2019 के पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 11 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। पिछले दो दिनों में राज्य में रैलियां करके प्रधानमंत्री मोदी ने माहौल भगवामय कर दिया है। इसके जबाव में कांग्रेस भी अगले दो दिनों में राज्य में भाजपा का अजेय रथ रोकने के लिए धुआंधार प्रचार अभियान चलाएगी। राज्य में सात मई को 25 सीटों पर मतदान होना है।

गुजरात में लोकसभा की कुल 26 सीटें हैं। भाजपा के सूरत से प्रत्याशी मुकेश दलाल कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आप में समझौता हुआ है। कांग्रेस 23 और आप दो सीटों पर



चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए अपने 14 मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारा है। हालांकि पार्टी ने इस बार राज्य में सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है।

कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राज्य की राजकोट और अहमदाबाद सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और पीएम मोदी के उन हमलों का जवाब देंगे, जो उन्होंने दो दिन के राज्य के दौरे के दौरान कांग्रेस पर लगाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कांग्रेस यहां मर रही है, पाकिस्तान वहां रो रहा है। पाकिस्तान भारत में एक कमजोर सरकार चाहता है, जिस तरह 2014 से पहले की सरकार थी और देश में मुंबई आतंकवादी जैसे हमले संभव थे।' आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने के दौरान देश में तानाशाही के खिलाफ मतदान करने की अपील की है।

### 2024: कौन दल कितनी सीटों पर मैदान में

- भाजपा 25
- कांग्रेस 23
- आप 2
- बसपा 23

(सूरत का परिणाम घोषित होने के बाद)

### 2019 में मिलीं सीटें और वोट

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 26 | 1,80,91,275 |
| कांग्रेस | 0 | 93,37,084 |
| अन्य | 0 | 16,53,605 |



मांगे वोट

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और वाद्य यंत्र बजाकर मतदाताओं को रिझाया।

## दमन में भाजपा सांसद के सामने तीसरी बार कांग्रेस से पुराना चेहरा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। दमन और दीव लोकसभा सीट पर इस बार भी भाजपा के लालूभाई पटेल और कांग्रेस प्रत्याशी केतन दयाभाई पटेल में सीधा मुकाबला है। पहले भी दो बार दोनों प्रत्याशी भिड़ चुके हैं, जीत भाजपा को मिली है। भारत के दूसरे सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में अब तक कुल नौ बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं।
2019 के चुनाव में भी इस सीट से कांग्रेस ने केतन दयाभाई पटेल और भारतीय जनता पार्टी ने लालूभाई पटेल को उतारा था। बसपा भी यहां चुनाव लड़ी थी। उसने सकील लतीफ खान को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा प्रत्याशी लालूभाई पटेल ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्हें 37,597 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन पटेल 27,655 वोट पाकर हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश बी पटेल 19,938 वोटों के साथ तीसरे स्थान थे। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के लालूभाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल को करारी शिकस्त दी थी। लालूभाई पटेल को 46 हजार 960 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल 37 हजार 738 वोट पाकर हार गए थे।



जीत के लिए हुंकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुजरात के भाव नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया।

## कुरुक्षेत्र में उलझता नजर आ रहा है चुनावी संग्राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर चुनावी संग्राम उलझता नजर आ रहा है। यहां इस बार भाजपा से उद्योगपति नवीन जिंदल ने पर्चा भर दिया है। पहले उनका सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से माना जा रहा था। कांग्रेस ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। लेकिन अब बसपा की ओर से सरपंच दीपक मेहरा को कुरुक्षेत्र के मैदान में उतार दिया गया है। इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से पालाराम सैनी पहले ही मैदान में हैं।
उद्योगपति नवीन जिंदल का हरियाणा की राजनीति में बड़ा मुकाम है। वह बीते दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट का गठन वर्ष 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के अंतर्गत आता था। इस सीट पर कांग्रेस को 1984, 1991, 2004 और 2009 के चुनाव में जीत मिली थी। भाजपा का कमल यहां पहली बार मोदी लहर में 2014 खिला था। पार्टी को जीत भी ऐसी मिली कि यहां से लगातार दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल पिछड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीते थे पिछली बार

- 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के नायब सिंह सैनी 6,86,588 वोट पाकर जीते थे। अब वह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3,03,722 वोट और बसपा प्रत्याशी शशि को 75,533 वोट मिले थे।

## रेवन्ना के वीडियो कांड से भाजपा की चुनावी संभावनाएं बेअसर ?

चुनाव डेस्क

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से 14 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले चुके हैं, अब बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान की तैयारी चल रही है। इस बीच जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जिन्होंने राज्य की हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा हैं, के अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस इस मामले को मुद्दा बनाकर मतदान वाली 14 सीटों पर बढ़त लेने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इसके दूसरी ओर रेवन्ना के कथित सेक्स वीडियोज सामने आने के बाद जेडीएस बुरी तरह घिरती नजर आ रही हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण





भाजपा नेता इस मुद्दे पर तो कुछ भी खुलकर बोलने से हिचक रहे हैं, लेकिन पार्टी को बेवजह घसीटे जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पर हमलावर हैं। जेडीएस इस बात से राहत में है कि रेवन्ना जिस हासन सीट से उम्मीदवार हैं, उसके साथ ही पार्टी के हिस्से वाली तीनों सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। हालांकि जानकार कांग्रेस की इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिशों के बाद भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार कर रहे हैं।

सांसद रेवन्ना के बारे में कहा जा रहा है कि वह देश से बाहर जा चुके हैं। जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। लेकिन पार्टी नेता सवालों के घेरे में हैं। घरेलू नौकरानी की शिकायत पर प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि अगर प्रज्वल देश छोड़कर भाग गया है, तो उसे वापस लाने और जांच जारी रखने की जिम्मेदारी एसआईटी की है। बीच चुनाव में पैदा हुए इस विवाद का असर जेडीएस की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि राज्य में जेडीएस सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत भाजपा 25 सीटों पर मैदान में है। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 25 सीटें ही जीती थीं। जेडीएस हसन, कोलार, मंड्या से चुनाव लड़ रही है। मंड्या से कुमारस्वामी देवगौड़ा उम्मीदवार हैं। सात मई को चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा में वोट पड़ने हैं। जेडीएस के खाते वाली तीनों सीटों पर मतदान हो चुका है। लेकिन भाजपा नेता जरूर इस प्रकरण के राजनीतिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रखा है, भाजपा एक भी सीट नहीं गंवाना चाहती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ऐसा लगता है कि भाजपा और जेडीएस गठबंधन अश्लील वीडियो के तूफान से खुद को निकाल ले जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि शिवमोगा और दावणगेरे लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी चुनाव उत्तरी कर्नाटक में हो रहे हैं, जहां इस प्रकरण का प्रभाव महसूस होने की संभावना काफी कम है।
अब इस प्रकरण का चुनाव पर क्या और कितना असर पड़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर चलेगा, लेकिन जिस तरह यह बात प्रचारित की जा रही है कि भाजपा के स्थानीय नेता देवराजे गौड़ा ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को पहले ही पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रज्वल रेवन्ना या उनके परिवार के किसी सदस्य को गठबंधन से उम्मीदवार ना बनाया जाए, से जाहिर है कि इस मामले के नुकसान को लेकर अंदाजा चुनाव से पहले ही लगाया जा रहा था। कलबुर्गी में एक रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को इस घटना के बाद घेरते हुए पीएम की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिम्मेदारी राज्य सरकार पर डाली है, जिसने कार्रवाई करने में देरी दिखाई और रेवन्ना को विदेश जाने का मौका मिला।

- कर्नाटक में भाजपा 25 सीटों पर लड़ रही है लोकसभा का चुनाव
- जनता दल एस के हिस्से वाली तीनों सीटों पर हो चुका है मतदान
- कांग्रेस बढ़त के लिए लगातार भाजपा को घेरने के कर रही है प्रयास

## एक नजर

### कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने इंदिरा नगर में अपने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूजा पाठ कर किया। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष दीक्षित ने बताया कि अब से विधानसभा उपचुनाव के समस्त कार्यक्रमों का संचालन इसी कार्यालय से होंगे। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, पूर्वी विधानसभा के कांग्रेस के नेता सुरेंद्र शुक्ला, शिव कुमार पाण्डेय, सपा नेता सत्यप्रकाश मिश्रा, रघुवीर सिंह परिहार, सुभाष उप्रेती, बनी सिंह, अखिलेश शुक्ला, शिवचन्द यादव, नीरज ओझा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्मी में यात्रियों को राहत देने को परिवहन निगम ने कसी कमर

## सभी नोडल अधिकारियों को बस स्टेशनों के निरीक्षण का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एमडी ने सुविधाओं को लेकर रिपोर्ट तैयार करने को कहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए उप्र. परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को बस स्टेशनों का निरीक्षण करने और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, परिवहन निगम की बसों में ड्राइवर व कंडक्टरों की स्थिति की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने भी मुख्यालय में बैठक की है।

गुरुवार को उप्र. परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर वे सभी अपने क्षेत्रों में जाएं और बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एमडी ने खासतौर पर इस गर्मी में यात्री सुविधाओं की स्थिति क्या है, इसका परीक्षण करने की हिदायत दी।

इसके तहत विशेष कर गर्मी में पीने का पानी, वाटर कूलर, टॉयलेट की सफाई, एसी वेटिंग हॉल का रखरखाव समेत अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करने को कहा है। इसके साथ ही ऑफ रोड बसों की स्थिति, कंडक्टर व ड्राइवर की शॉर्टेज की स्थिति की समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया है, ताकि गर्मी में इन समस्याओं का निराकरण करते हुए यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके।

### योगी के डीप फेक वीडियो मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एआई के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डीपफेक वीडियो बनाकर भ्रामक तथ्यों को अपलोड करने वाले एक्स यूजर को नोएडा एसटीएफ ने गुरुवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

मूलरूप से लखीमपुर के मिश्रना हाथीपुर उत्तरी का रहने वाला श्याम किशोर गुप्ता नोएडा में रहता है। उसने पहली मई को अपने एक्स अकाउंट से एक डीपफेक वीडियो अपलोड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। आरोप है कि वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ऐसा बयान था, जो उन्होंने दिया ही नहीं था।

# सामान्य वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव बाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ फॉर्म में गलती के कारण नहीं मिली छात्रवृत्ति

**अमृत विचार :** सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने पर निर्णय अब लोकसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि इन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए और दोबारा पोर्टल खोला जाए। इसके लिए 19 अप्रैल को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन स्तर पर हुई बैठक बेनतीजा रही थी।

18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए। फार्म भरने के दौरान कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर से हुई गलती की वजह से सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारियों, कॉलेजों-विश्वविद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अब इन वंचित छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद यानी जून महीने में होगा। चुनाव के बाद अगर इस छात्र-छात्राओं को दोबारा अवसर दिए जाने पर सहमति बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।

### प्रियंका आज फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तीन मई को आगरा में फतेहपुर सीकरी



लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और पार्टी प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। प्रियंका गांधी अपरान्ह साढ़े तीन बजे फतेहाबाद पहुंचेंगी और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार रामनाथ सीकरवार के पक्ष में तकरीबन डेढ़ किलोमीटर का रोड शो करेंगी।

इस बीच, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने आगरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चार जून को देश में भाजपा की विदाई तय है।

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज जोन के प्रभारी तौकीर आलम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकारों से क्षेत्र को डबल नुकसान उठाना पड़ा है।

# लोकसभा के लिए 14 और विधानसभा के लिए हुआ एक नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए गुरुवार को 14 और पूर्वी विधानसभा से बसपा प्रत्याशी ने नामांकन किया। जबकि 15 नामांकन पत्र वितरित किए गए।

पूर्वी विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी आलोक कुशवाहा दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने एसीएम चतुर्थ/रिटर्निंग अधिकारी सचिन वर्मा को नामांकन पत्र सौंपा। इसके अलावा लखनऊ लोकसभा सीट से निर्दलीय विमल कुमार शुक्ला, सर्वजन सेवा पार्टी से सय्यद अली हसन, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी से सौरभ कुमार शुक्ला, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से सुमन वर्मा, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से आरती और जनता शासन पार्टी से सुनील कुमार यादव ने पर्चा भरा। जबकि मोहनलालगंज सीट से भारतीय नव क्रांति पार्टी से सुशील कुमार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी से सुनीता, अवामी समता पार्टी से सीता राम, राष्ट्रीय अटल जनता पार्टी से अखिलेश, राष्ट्र उदय पार्टी से विनय कुमार रावत, निर्दलीय विकास किशोर और निर्दलीय रमेश कुमार ने नामांकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ लोकसभा के लिए 8, मोहनलालगंज (अज) लोकसभा के लिए 5 और पूर्वी विधानसभा के लिए 2 नामांकन पत्र वितरित किए गए।



रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते बसपा प्रत्याशी आलोक कुशवाहा।

### करोड़पति हैं बसपा उम्मीदवार, पत्नी भी लखपति

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार आलोक कुशवाहा करोड़पति हैं तो उनकी पत्नी अलका कुशवाहा लखपति। कुशवाहा के ऊपर कोई आपराधिक मामला नहीं है। बसपा प्रत्याशी आलोक कुशवाहा की वार्षिक आय 6 लाख 12 हजार 830 रुपये है। उनके पास डेढ़ लाख रुपये की नकदी है। कुशवाहा के पास 80 ग्राम सोना है जिसकी कीमत 5 लाख 94 हजार रुपये है। बैंक खाते, एफडीआर, एलआईसी, शेयर, सोना और वाहन मिलाकर कुल 1 करोड़ 30 लाख 23 हजार 774 रुपये की संपति है। जबकि 1 करोड़ 6 लाख 52 हजार रुपये की अचल संपति है। उनके ऊपर 27 लाख 93 हजार 380 रुपये का कर्ज है। जिला उपभोक्ता फोरम में अपार्टमेंट को लेकर एक वाट लंबित है। कुशवाहा ने 1988 में कालविन तालुकेदार कॉलेज से हाईस्कूल किया था। इनकी पत्नी अलका के पास एक लाख रुपये की नकदी है। 14 लाख 85 हजार रुपये का दो सौ ग्राम सोना है। बैंक, एफडीआर, एलआईसी, शेयर, सोना और वाहन आदि मिलकार कुल 48 लाख 25 हजार 140 रुपये की संपति है।

### शिकायत के बाद यूपी रेरा आवंटी को दुकान पर दिलाएगा कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) एक आवंटी को ब्याज सहित दुकान पर कब्जा दिलायेगा। प्रोमोटर ने आवंटी को सितंबर 2019 से दुकान पर कब्जा नहीं दिया था। 2022 में आवंटी की शिकायत के बाद यूपी रेरा के कंसिलिएशन फोरम की मध्यस्तता से आवंटी को कब्जा देने में देरी पर 24,000 रुपये ब्याज और एक वर्ष एडवांस मेंटीनेंस कराने का समझौता हुआ है।

प्रोमोटर 'मेसर्स गौर संस हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि.' की परियोजना के एक आवंटी प्रियंका सिंह ने गौतमबुद्ध नगर स्थित गौर सिटी मॉल परियोजना में जुलाई 2019 में एक दुकान बुक कराई थी। लगभग 12 लाख 93 हजार रुपये की लागत वाले यूनिट के लिए आवंटी द्वारा एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार शत प्रतिशत राशि का भुगतान किया जा चुका था।

# आखिरकार एसटीएफ के कब्जे में आया कोहिनूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मप्र. और उप्र. में दर्ज हैं चोरी की कई एफआईआर, 20 हजार का इनाम घोषित था

**अमृत विचार :** मध्य प्रदेश में ताबड़तोड़ बड़ी चोरियों को अंजाम देने के बाद उप्र. पुलिस के लिए चुनौती बना कोहिनूर आखिरकार एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। आलम यह था कि गाजियाबाद पुलिस ने कोहिनूर पर 20 हजार का इनाम रख दिया था। बुधवार को गाजियाबाद के एक बड़े ज्वैलरी शोरूम में चोरी करने के बाद गुरुवार को वह एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। इस चोर के खिलाफ मप्र. में चोरी से जुड़े नौ एफआईआर पहले से दर्ज हैं। मप्र. पुलिस लंबे समय से इस चोर की तलाश कर रही थी।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, कोहिनूर नामक यह चोर घुमंतू जनजाति पादरी गिरोह का सदस्य था। मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाता था। इस तरह से इसके खिलाफ नौ एफआईआर केवल मप्र पुलिस ने दर्ज कर रखी हैं। लंबे समय मप्र. पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। मूल रूप से थाना झागर, जिला गुना का रहने वाले कोहिनूर ने बुधवार को बेहटा गाजियाबाद स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स शोरूम में बड़ी चोरी की थी। इस दौरान डीएसपी एसटीएफ नवेंदु कुमार लगातार इससे जुड़ी सूचनाओं को संकलित कर रहे थे। इस तरह गाजियाबाद के थाना लोनी बार्डर से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 310 ग्राम चांदी और एक पिस्टल भी बरामद किया गया है।

### आजमगढ़ से तीसरी बार बसपा ने बदला प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट समेत लोकसभा के दो प्रत्याशी बदलते हुए छह प्रत्याशियों की 11 वीं सूची गुरुवार को जारी कर दी है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में बसपा ने आलोक कुशवाहा को उतारा है। वहीं, आमजगढ़ में तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए मशहूद अहमद का उतारा है। निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह की वजह से चर्चा का विषय बनी कैसरगंज लोक सभा सीट पर मायावती ने ब्राम्हण प्रत्याशी नरेन्द्र पाण्डेय को उतार कर सपा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी भगत राम मिश्रा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। इसके अलावा बसपा ने गोण्डा से सौरभ कुमार मिश्रा और बाराबंकी से शिव कुमार दोहरे को उम्मीदवार बनाया है। बदले गए प्रत्याशियों में पांचवीं सूची में डुमरियागंज से टिकट पाए ख्वाजा शमसुद्दीन की जगह मो. नदीम मिर्जा और संतकबीर नगर में मो. आलम से टिकट वापस लेकर नदीम अशरफ दिया है। साथ ही आजमगढ़ सीट से साहीबा अंसारी से टिकट लेकर मशहूद अहमद को प्रत्याशी बनाया है।

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी गई बूथों की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रशिक्षण से नदारद रहे तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट

▸▸ छूटे हुए मतदान अधिकारी 4 को ले सकते हैं प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जिम्मेदारी दी गई है। जोनल मजिस्ट्रेट के पास 80 तो सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास 15 बूथों की जिम्मेदारी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने केकेसी कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान कहा कि उक्त जिम्मेदारी बड़ी है। निर्वाचन की रीढ़ पीठासीन अधिकारी और सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट होते है। उन्होंने कहा कि जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी है कि चुनाव सुव्यवस्थित ढंग से हो जाए और कोई ऐसी घटना न हो जिससे चुनाव प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगे। उन्होंने कहा कि सभी को फार्म की, मॉक पोल और यदि कोई वीवीपैट की पर्ची को चैलेंज कर देता है तो उसकी प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को एक पाली में 224 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 46 जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो पीठासीन अधिकारी और प्रथम मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे हैं ऐसे कार्मी को प्रशिक्षण के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है। ऐसे कर्मी चार मई को प्रशिक्षण ले सकते हैं।

# पुनर्वास विवि में कुलपति की नियुक्ति का मामला पहुंचा चुनाव आयोग

## सवाल-जवाब शुरू, जल्द होगी नए कुलपति की तैनाती

एक्सक्लूसिव

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति प्रकरण चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। मामले में विवि प्रशासन से सवाल-जवाब शुरू हो गए हैं। माना जा रहा है कि बढ़ती विभागीय प्रक्रिया के बीच नए कुलपति की अटकी तैनाती जल्द हो जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह फरवरी माह में हटे थे। 21 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रो. हिमांशु शेखर झा को नियुक्त किया। नियुक्ति के ठीक 10 दिन बाद राज्यपाल ने आदेश जारी करते हुए बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह को पुनर्वास विवि की कमान सौंप दी। किसको चार्ज मिलेगा, कौन कार्य कराएगा, इन्हीं सवालों के बीच कुलाधिपति का पत्र 30 दिनों तक अपनी विभागीय प्रक्रिया पूरी करता रहा। इसी के बाद बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने पुनर्वास विवि के अपने चार्ज को लेकर चुनाव आयोग को एक पत्र प्रेषित किया। बताते हैं कि प्रो. सिंह ने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप कर चार्ज दिलाए जाने की बात रखते हुए अपना पूरा पक्ष पत्र के माध्यम से रखा है। आयोग तक मामला पहुंचते ही गुरुवार को विवि की प्रक्रियाओं में तेजी आ गई। जानकारों की मानें तो सवाल-जवाब भी जिम्मेदारों से किये गए। माना जा रहा है कि पुनर्वास का चार्ज मिलने की रार जल्द ही खत्म हो जाएगी।

### इस तरह से पूरी होगी विभागीय प्रक्रिया

पुनर्वास विवि के प्रो. यशवंत विरोदय कहते हैं कि कुलपति की नियुक्ति को लेकर प्रमुख सचिव के निर्देशन में एक समिति बनी है। इसमें नियुक्ति संबंधी पत्रावलियां भेजी जाती हैं। इन पत्रों को प्रमुख सचिव के माध्यम मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा जाता है। वहां से ये पत्र मुख्य चुनाव आयुक्त तक पहुंचता है। वहां से अनुमति मिलने के बाद कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो जाती है।

### कुलाधिपति को रिपोर्ट देने के लिए बैठक

विवि में कुलाधिपति को रिपोर्ट देने के लिए एक बैठक हुई। इसमें कार्यवाहक कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा मौजूद रहे। बताते हैं कि विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर कई विषयों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट शुक्रवार को प्रेषित की जाएगी। इसलिए सभी प्रपत्रों को देर शाम तक तैयार किया जाता रहा। हालांकि इस बैठक को चार्ज लेने के प्रकरण से विवि प्रशासन देर रात तक इंकार करता रहा।

> बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने चुनाव आयोग को पत्र भेजा है, इसमें उन्होंने कुलाधिपति के आदेश का हवाला देते हुए विवि में बतौर कुलपति की नियुक्ति के लिए अनुमति मांगी है। आदेश होते ही चार्ज दिलाया जाएगा।
>
> – प्रो. हिमांशु शेखर झा, कार्यवाहक कुलपति, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

> मेरी नियुक्ति का आदेश कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दिया था। विभागीय प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान आचार संहिता लग गई। ऐसे में चुनाव आयोग को पत्र प्रेषित कर अनुमति मांगी है, ताकि चार्ज लेकर विवि का कार्य सुचारू रूप से आरंभ कराया जा सके।
>
> – प्रो. संजय सिंह कुलपति, बीबीएयू


## वर्ग पहेली-58

**बाएं से दाएं**

1. वध; मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता; कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।




### वर्ग पहेली -57 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

### सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -136 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 11.24 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 4 मई 12.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता की प्रशंसा होगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय हो सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध होने के योग प्रबल हैं।

**वृष** – आज आपके उदार स्वभाव की प्रशंसा होगी। रिश्तों में ताजगी का अनुभव कर सकते हैं। नई विधा के कार्यों की तरह आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार ही परिणाम देंगे।

**मिथुन** – आज बॉस आपके ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बोनस मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। सहकर्मियों के मदद से रुके हुए काम समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क** – आज यदि कहीं बाहर जा रहे हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बेवजह से झगड़ों से स्वयं को दूर रखें। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको परेशानी होगी।

**सिंह** – आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। अपनी बचत को लेकर थोड़े से आशंकित रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी से कोई काम छिपा कर न करें वरना आपको भविष्य में समस्या हो सकती है।

**कन्या** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। समय आपके लिए शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला** – आज रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। प्रेमी जन के व्यवहार से आप गुस्सा हो सकते हैं। आपका मन अशांत हो सकता है। आपके विरोधी अचानक सक्रिय हो सकते हैं। रिश्तों में नई ताजगी आएगी। परिवार के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज आपके ऊपर लोग गलत आरोप लगा सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। परिवार के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। व्यवसाय में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है।

**धनु** – आज समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर का वातावरण बहुत शुभ रहने वाला है। संपत्ति विवाद खत्म होने के योग बन रहे हैं। अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर आप गंभीरतापूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। बुजुर्ग लोग आपको बहुत अच्छी सीख देंगे। रिश्तेदारों से उपहारों का आदान-प्रदान होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है, किंतु धन का अपव्यय करने से बचें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**कुंभ** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव घटेगा। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। बच्चे अपने भविष्य को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। व्यापार में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज व्यर्थ के कार्यों में ज्यादा धन बर्बाद न करें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। नया काम शुरू करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शाम के समय परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मजाल – सुबह : 10.46
भीष्मा – रात : 07.00

**Sony Max**
पीकू – सुबह : 10.51
सत्यमेव जयते 2 – रात : 09.01

**Sony Pix**
मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 11.18
पेसिफिक रिम – रात : 08.42

**Zee Cinema**
गुलाब गैंग – सुबह : 09.10
बमफाड़ – शाम : 05.15

**Colors Cineplex**
गब्बर इज बैक – सुबह : 10.38
आर... राजकुमार – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर सुबह : 10.38 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

डॉक्टर – कहिए कैसे आना हुआ?
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 885 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-12500 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# डिजिटल से मिले सही दाम, 2187 करोड़ का कारोबार

## किसानों ने 125 मंडियों में ऑनलाइन उपज बेचकर ई-नाम को दिया बढ़ावा, वर्ष 2023-24 में बेहतर रही प्रगति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों ने मंडी समितियों पर भरोसा जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश की ई-नाम से जुड़ी 125 मंडियों में उपज बेचने से वर्ष 2023-24 में 2187 करोड़ रुपये का डिजिटल कारोबार हुआ है।

ई-नाम एक पोर्टल है। इसमें उपज की गुणवत्ता तय होती है और सही दाम मिलते हैं। किसान बिना कहीं जाए देशभर की किसी भी ई-नाम मंडी के आढ़तियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर ग्रेडिंग उपरांत उपज बेचते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था में समय की बचत के साथ 24 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान आता है। इसमें सीधे व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं रहता है। ई-नाम खरीद में गेहूं, धान, मक्का, आलू, सरसों समेत कुल 219 कृषि उत्पाद अधिकृत हैं। प्रदेश में कुल 251 मंडी समिति हैं। किसानों की रुचि को देखते हुए शेष ई-नाम से जोड़ने की तैयारी है।

### अन्य मंडियां भी जल्द होंगी डिजिटल



### ई-नाम से कारोबार करने पर पांच मंडियां हुईं थीं मॉडल

2022-23 में ई-नाम से 100 फीसद कारोबार करने पर प्रदेश की बहराइच, हापुड़, कासगंज, झांसी व मुज्जफरनगर मंडी को मॉडल का दर्जा मिला था।

### ये होती हैं सुविधा

- मंडियों में किसानों के लिए एलईडी, लैब, इंटरनेट, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन पेमेंट की रहती है व्यवस्था।

**परीक्षण से तय होते दाम, व्यापारी ऑनलाइन लगाते बोली:** मंडी में आने वाले किसान ई-नाम या फिर आढ़ती को उपज बेचते हैं। आढ़ती सीधे उपज लेकर गुणवत्ता अच्छी होने पर भी मनमाने दाम देते हैं। भुगतान भी लंबित रखते हैं। जबकि ई-नाम में किसान सीधे मंडी कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन कराते हैं। इसके बाद उपज का परीक्षण कर गुणवत्ता तय कर ए,बी व सी श्रेणियों में दाम तय किए जाते हैं। इसके बाद मंडी कर्मी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपज की गुणवत्ता, दाम, सैंपल आदि दर्शाते हैं। यह प्रक्रिया किसी भी मंडी के व्यापारी एलईडी पर देखकर ई-बोली लगाकर खरीद करते हैं। और खुद उपज अपने खर्च पर मंगाकर मंडी को भुगतान करते हैं और मंडी 24 घंटे में किसानों को देती है।

इस संबंध में मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि अक्सर स्थानीय व्यापारी गुटबंदी कर उपज खरीदते हैं। वे दाम भी नहीं बढ़ने देते हैं और मनमाने देते हैं। लेकिन, ई-नाम से उपज देशभर के व्यापारी देखकर खरीदते हैं। इसमें स्थानीय व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं होता है और किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। जिससे कि खेतीहर किसानों की आमदनी में इजाफा होता है। क्योंकि जब देश का किसान मजबूत होगा तो प्रदेश के साथ हमारा देश भी तरक्की की राह पर चलेगा।

# सोने की कीमत में 500 और चांदी में 400 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,304 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर ऊंचा है। चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 26.39 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,000 |
| चांदी आभूषण | 80,900। |

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के लिए जीटीआरआई ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

# दो हजार रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आए

**मुंबई।** आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि बंद किए गए 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट अभी जनता के पास हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इस दिन के अंत में बाजार में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट बाजार में हैं। बैंक ने कहा-इस प्रकार, 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल के जारी आंकड़े के अनुसार बढ़ती मांग को मिला समर्थन



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिससे बढ़ती मांग को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा-कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है।



## एक नजर

### पंजाब में बॉयलर फटा दो लोगों की मौत

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### कोलकाता हवाई अड्डे के पास लेजर शो पर प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधाननगर पुलिस कमीश्नर ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लेजर शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों से शिकायतें मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने उत्तर 24 परगना के आठ थाना के आसपास क्षेत्रों में धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत बुधवार से 29 जून तक लेजर लाइट शो के उपयोग पर रोक लगा दी है। जारी नोटिस में कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में लेजर लाइट शो प्रतिबंधित कर दिया है। यह एक दंडनीय अपराध है। कृपया ऐसी गतिविधियां करने से बचें! घरेलू उड़ानों के उड़ान भरते और लैंडिंग के समय दुर्घटना का अधिक खतरा बना रहता है।

# लोकसभा में राजग 400 पार की ओर अग्रसर: राजनाथ

## बिहार की चुनावी जनसभा में बोले रक्षा मंत्री, सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत

छपरा, एजेंसी

रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि भाजपा नीत राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने बिहार के सारण लोकसभा क्षेत्र में मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद आयोजित की गई एक रैली में यह टिप्पणी की।

सिंह ने कहा-सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा-इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा-सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है।



बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी। ● एजेंसी

### समानता के इच्छुक लोगों को नक्सली बताने वाले नड्डा इस्तीफा दें: राहुल गांधी



**शिवमोगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया-भाजपा नेताओं ने एक बार फिर संविधान पर हमला बोला है। नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।'' गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को "संविधान पर हमले" के लिए दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, "यदि भाजपा संविधान की रक्षा करना चाहती है, तो उसके अध्यक्ष समानता पर हमला क्यों कर रहे हैं?

# सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का ब्योरा मांगना बंद करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-यह भ्रष्ट आचरण के समान है




निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

चुनाव प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

# उच्चतम न्यायालय ने निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। खाखा पर नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है और अगस्त में गिरफ्तार होने के बाद से वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

# दहशत फैलाना, व्यवस्था बिगाड़ना था ईमेल भेजने का मकसद

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली के स्कूलों में बम धमकी का मामला

दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है।

प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार बुधवार को सुबह 5:47 बजे से अपराह्न 2:13 बजे के बीच कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आईं। सूत्र ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष, डीडीएमएस, एनडीआरएफ, 'फायर कैट्स' व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया। सूत्र के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूलों की ओर इन इकाइयों की आवाजाही के कारण काफी असुविधा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने एक व्यापक अभ्यास के तहत स्कूलों को खाली कराया और पूरे शहर में जांच-पड़ताल की।

# उच्चतम न्यायालय ने अरावली में अवैध खनन रोकने का सरकार को दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकारों को सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए अरावली क्षेत्र में अवैध खनन रोकना चाहिए। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने कहा कि सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा-अरावली में अवैध खनन को रोकना होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएं, अन्यथा पहाड़ों के नाम पर केवल खोखली संरचनाएं होने का क्या फायदा? सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना होगा। शीर्ष अदालत अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है।

# चुनाव बाद शुरू होगा इंडियन रीडरशिप सर्वे

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- कोरोना काल की वजह से टल गया था पिछला सर्वे

**अमृत विचार:** लंबे अरसे बाद इंडियन रीडरशिप सर्वे शुरू होने जा रहा है। पिछला सर्वे 2019 में हुआ था। कोरोना की वजह से यह सर्वे बराबर टलता रहा था। अब लोकसभा चुनाव के बाद घर-घर जाकर पाठकों के बीच सर्वे किया जाएगा। बता दें कि प्रिंट मीडिया में उक्त सर्वे की रिपोर्ट को अहम माना जाता है और निजी क्षेत्र के राष्ट्रीय विज्ञापन दाता इसकी रिपोर्ट को काफी महत्व देते हैं।

रीडरशिप सर्वे शुरू करने के लिए इंडियन न्यूज पेपर समिति (आईएनएस) के ऊपर भी काफी दबाव है और हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यह सर्वे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। भारतीय मीडिया अनुसंधान उपयोगकर्ता परिषद (मुंबई) द्वारा उक्त सर्वे कराया जाएगा। इस समय परिषद के अध्यक्ष शैलेश गुप्ता है जो आईएनएस के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आईएनएस के प्रस्ताव को एमआरयूसीआई गंभीरता से लेगा।

सूत्रों के मुताबिक इस बार पाठक सर्वेक्षण की खासियत यह होगी कि उसके दायरे में मंझोले अखबारों को भी लिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर के तीन समाचार पत्रों की प्रसार संख्या ज्यादा है बावजूद इसके उस शहर में क्षेत्रीय स्तर का कोई समाचार पत्र भी ठीक-ठाक ढंग से प्रसारित होता है तो सर्वे के दायरे में क्षेत्रीय समाचार पत्र को भी शामिल किया जाएगा और आईआरएस रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी किया जाएगा। क इंडियन रीडरशिप सर्वे विश्व का सबसे बड़ा पाठक सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वे दिल्ली सहित 29 राज्यों में होगा। जिसमें 4 लाख से ज्यादा घरों में एमआरयूसीआई के सर्वेक्षक व्यक्तिगत रूप से जाएंगे और पाठकों से समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के बारे में राय लेंगे। इसमें रीडरशिप स्टडी काउंसिल के विशेषज्ञ का भी सहयोग लिया जाएगा। संभावना है कि लगभग 8 से 10 महीने में यह सर्वे पूरा हो जाएगा।

# दिल्ली में सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# 70,000 किलो हेरोइन गायब होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते का दिया समय
- याचिकाकर्ता ने सरकारी आंकड़ों में दी गई जानकारी में विसंगति का किया है दावा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा-उन्होंने (याचिकाकर्ता) कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का "भयानक रूप से गायब होना" राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि "विसंगति" की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार-याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपये की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।



# धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभावपूर्ण टिप्पणी से भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने कहा-राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन है अमेरिकी आयोग

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ की उस रिपोर्ट को खारिज दिया। जिसमें भारत में भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत की आलोचना करने वाली इस रिपोर्ट को पक्षपाती बता दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार जारी है। हमें उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी भारत की विविध और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश करेगा। भारत ने रिपोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी



चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अमेरिकी आयोग ये सब कुछ भारतीय लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए कर रहा है लेकिन वो कभी भी इसमें सफल नहीं हो पाएगा। यूएससीआईआरएफ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अमेरिकी संघीय सरकार के एक आयोग के रूप में बनाया गया था, जिसके सदस्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा नियुक्त किया जाता है।

# होमियोपैथी दवा विगोरा बेचने पर कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने होमियोपैथी दवा निर्माता कंपनी द्वारा यौन क्षमता से जुड़ी समस्याओं के लिए बाजार में बेची रही दवा के विगोरा स्थायी रूप से रोक लगा दी। अदालत ने यह फैसला फाइजर प्रोडक्ट्स इंक द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया।

कंपनी वियाग्रा नाम से यौन समस्या के लिए अंग्रेजी दवा का उत्पादन करती है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की अदालत ने कहा कि दोनों नाम में समानता होने और एक तरह के वाणिज्यिक इस्तेमाल की वजह से भ्रम की बहुत अधिक आशंका है। अदालत ने रेनोविजन एक्सपोर्ट प्रा. लि. को निर्देश दिया कि वह विगोरा या कोई ऐसे नाम का इस्तेमाल न करे जो फाइजर के ट्रेडमार्क वियाग्रा से भ्रामक रूप से समान हो।

# जाओ फांसी लगा लो...कहना आत्महत्या को उकसाना नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता बयान

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता।

अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला।

बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता। वकील ने अदालत से कहा कि 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल पत्नी के संबंध की जानकारी मिलने पर गुस्से और हताशा के कारण हुआ।

# देश में बढ़ रहे पार्सल स्कैम, न करें ये गलती



*पार्सल के नाम पर शहरों तक फैल गया है। इसमें किसी कूरियर कंपनी से होने का दावा करने वाला व्यक्ति कोई घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय पार्सल की सूचना देता है। यदि आप इस झांसे में आ गए तो आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। जानें कि इस तरह के फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है...*

### कैसे मिलती है अपराधियों को जानकारी

विदेश से पार्सल के नाम पर जालसाज इसकी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी, वेयरहाउसिंग या उनके लॉजिस्टिक्स पार्टनर से चुरा लेते हैं। यदि पूर्व सूचना नहीं है तो कॉल पर भरोसा न करें। फिर भी आपको परेशान करे तो पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

### ऐसे करेंगे तो नहीं होगी ठगी

पार्सल के नाम से कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और फोन उठा भी लें तो किसी ऑपशन पर बटन न दबाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या 1930 पर शिकायत दें। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दें।

### कैसे रखें सुरक्षित

- ऐसी घटनाओं के बारे में संचार माध्यमों में खबरें आती हैं। इनकी जानकारी रखें ताकि आप ऐसी घटनाओं में पैटर्न को पहचान सकें।
- अगर धोखाधड़ी का संदेह है, तो कॉल करने वालों को ब्लॉक कर दें। गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से परामर्श करें।
- यदि आपसे कहा जाता है कि आपके किसी शिपमेंट को कस्टम ने रोक लिया गया है, तो उसके बारे में आधिकारिक सम्मन मांगें।
- संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने या ओटीपी देने से बचें। किसी भी वित्तीय लेनदेन में जल्दबाजी न करें।
- धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## एक नजर

### नवाज के करीबी बोले-पाकिस्तान में फिर से हो सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पीएमएल-एन पार्टी के नेता ने बताया कि वह अगले दो सालों में नए चुनाव हो सकते हैं। नवाज शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो सकते हैं, यदि वह चुनाव जीतते हैं, तो यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल असेंबली बहुमत पाने में असफल रही। इस कारण से 74 वर्षीय नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सके। लेकिन अगले दो सालों में अगर आम चुनाव होते हैं तो उनके प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना हैं। ऐसा एक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के नेता जावेद लतीफ ने कहा। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में या पांच साल कभी भी चुनाव हों, पीएमएल-एन नवाज शरीफ ही चौथी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

### घाटी में आतंकी संगठन में शामिल होने जा रहा युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) ने एक कट्टरपंथी युवक को गिरफ्तार किया है जो बडगाम में आतंकवादियों के साथ शामिल होने जा रहा था। अधिकारियों ने बताया, सीआईके ने बीरवाह गांव के एक कट्टरपंथी व्यक्ति वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी के पाकिस्तान में बैठे कुछ आकाओं के उकसाने पर आतंकवाद में शामिल होने वाला था। वैश्विक आतंकवादी संगठन की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद अपने पैर फिर जमाने की कोशिश कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईके ने कार्रवाई दौरान एक वसीम को गिरफ्तार किया है।

### भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक कल

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की सातवीं बैठक कल होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो करेंगे। बैठक में दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है जिसमें सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

### यूएई में फिर खराब हुआ मौसम भारी बारिश के कारण कई उड़ानें रद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि अब बारिश के पिछले महीने हुई बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है।

## पाकिस्तान में नए पीएम को दो देशों की राजकीय यात्रा करने की परंपरा खत्म


# नाराज चीन ने शहबाज के अनुरोध पर भी ठुकराया राजकीय न्योता

इस्लामाबाद, एजेंसी

चीन इन दिनों पाकिस्तान से नाराज चल रहा है, जिसकी वजह से शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक राजकीय यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बार-बार अनुरोध के बावजूद चीन ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अब मई के अंत में या जून में पीएम शहबाज शरीफ चीन- पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 13वीं बैठक में भाग लेने चीन की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन यह राजकीय यात्रा नहीं होगी। बता दें, पाकिस्तान में नए पीएम के शपथ लेने के तुरंत बाद दो देशों की राजकीत यात्रा की परंपरा है। एक चीन और दूसरा सऊदी अरब। इस बार चीन और सऊदी अरब दोनों ने शहबाज को राजकीय यात्रा का निमंत्रण नहीं दिया है। शहबाज 28-29 अप्रैल को सउदी अरब गए लेकिन राजकीय दौरा नहीं था।

### नाराजगी की वजह सीपैक और अमेरिका, हमले रोकने में नाकाम



पाकिस्तान के बर्ताव से चीन खफा है। चीन-पाकिस्तान इकोनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हो रहे हमलों को पाकिस्तान रोकने में नाकाम रहा है। 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा में 5 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद चीन ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा था कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। चीन ने के इंजीनियरों को प्रोजेक्ट साइट तक पहुंचने के लिए बम रोधी वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। फिलाहल चीन की एक समिति पाकिस्तान में घटना की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है चीन

चीन पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है। पिछले साल 12 सितंबर 2023 को पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने चीन की फंडिंग से बलूचिस्तान में बने ग्वादर पोर्ट का दौरा किया था। पहली बार इतने बड़े अधिकारी ने ग्वादर का दौरा किया था। जिस अमेरिका ने 15 साल तक जिस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई रखी, उसी ग्लादर पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका की रुचि ने चीन को परेशान कर दिया है।

### बिजली कंपनियों की बकाया राशि को लेकर भड़का चीन

पाकिस्तान से चीन ने बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये की मांग की है। चीन की कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन शहबाज सरकार उसे देने का नाम नहीं ले रही है। चीन के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इसको चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई सिड्यूल नहीं दे पा रही है। शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह चीन जा रहे हैं और माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने जोर देकर कहा है कि शहबाज शरीफ की इस यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए।

# अमेरिकी विवि में फिलिस्तीन समर्थकों के तेवर आक्रामक


**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठने का सिलसिला जारी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब दूसरे कैंपस में भी अपना असर दिखा रहा है। लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के कथित कब्जे से कैंपस को मुक्त कराने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तो 24 घंटे बाद उनके मजबूत कब्जे को हटाने के लिए पुलिस ने बलप्रयोग किया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें कई घंटों तक हिरासत में रखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए। फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

# यूएन में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान एकमत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रुचिरा बोलीं- दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का हो सकता है समाधान



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इजराइल-फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। वहीं पड़ोसी पाकिस्तान ने भी फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता को लेकर पुनर्विचार करने की मांग की है। युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को लेकर दोनों देश यूएन में एकमत रहे और दोनों फिलिस्तीन का समर्थन किया।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फिलिस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।

### पाकिस्तान ने भी किया फिलिस्तीन का समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## खतरे का निशान पार





**श्रीनगर :** भारी बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। श्रीनगर, जम्मू, रामबन और बनिहाल सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले 270 किमी लंबे ऑल वेदर रोड पर यातायात रोक दिया गया है। श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई शिकारों को नुकसान पहुंचा है। ● एजेंसी

# यूक्रेन के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय रसायनिक हथियार प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगया। अमेरिका का कहना है कि रूस ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ चोकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन को तैनात किया है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में दंगा नियंत्रण एजेंटों को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। बता दें, क्लोरोपिक्रिन को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित चोकिंग एजेंट के रूप में सूचीबद्ध किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में बताया कि रूसी सेना यूक्रेनी सेनाओं को उनके गढ़ से हटाने के लिए ऐसे रसायनों का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट ने यूक्रेनी सेना के हवाले से कहा था कि रूस ने एजेंटों के अवैध उपयोग को बढ़ा दिया है। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूस क्लोरोपिक्रिन के अलावा, सीएस और सीएन गैसों से भरे ग्रेनेड का भी इस्तेमाल कर रहा है।

# अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम के लिए अब रूस का प्रस्ताव पेश

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अमेरिकी मसौदा पर वीटो के बाद रूस ने की हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील

अमेरिका और जापान की ओर से लाए गए एक प्रस्ताव को वीटो करने के कुछ दिनों बाद रूस खुद अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम लगाने वाला एक प्रस्ताव लेकर आया है। इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है।

रूस का मसौदा प्रस्ताव अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से कहीं आगे है। इसमें न केवल अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर रोक के प्रयास की अपील की गई है, बल्कि हमेशा के लिए अंतरिक्ष में खतरा या बल प्रयोग रोकने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी के खिलाफ और पृथ्वी से अंतरिक्ष में मौजूद उपकरणों के खिलाफ हथियार तैनात न करने की बात भी शामिल होनी चाहिए। यूएन में रूस की राजदूत वासिली नेबेंजिया ने यूएन में वीटो के वक्त कहा था कि प्रस्ताव में केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और अंतरिक्ष में अन्य हथियारों का कोई उल्लेख नहीं है। 24 अप्रैल को अमेरिका और जापान के प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले, रूस और चीन ने एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सभी देशों से विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षमताओं वाले देशों से, अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती को हमेशा के लिए रोकने का आह्वान किया था।

# जेल जाने की चेतावनी पर ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल

**वाशिंगटन।** अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। जज ने मंगलवार को ट्रंप को गैग आदेशों पर दोषी ठहराया है और जुर्माना भी लगाया है।

## विज्ञान

## हबल व वेब के नए शोध से हुआ रहस्य का खुलासा, वैज्ञानिक कर रहे गहराइयों की खोज

# तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अनंत में फैले ब्रह्मांड की थाह पाना मुमकिन नही तो नामुमकिन भी नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा वर्ग इसकी गहराइयों की खोज में खोया रहता है। इस कड़ी में आई नई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का विकास आश्चर्यजनक तेजी के साथ हुआ था।

खगोल विज्ञान की बेसिक जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि आकाशगंगाएं आम तौर पर काफी सीमित आकार की होती हैं। जिनमें सर्पिल, अण्डाकार, वर्जित-सर्पिल और अनियमित आकार लिए होती हैं। वर्जित-सर्पिल आकाशगंगा को आधुनिक ब्रह्मांड मे विशेष



प्राचीन आकाशगंगा की तस्वीर।

रूप से जाना जाता है। मगर हबल स्पेस टेलीस्कोप के जरिए खगोलविदों के नए अध्ययन ने पुराने दृष्टिकोण को चुनौती दी है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा अध्ययन किए गए और खुलासा किया गया कि 11 अरब साल पहले प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाएं वर्तमान की अपेक्षा तेजी से विकसित हुईं। अपनी आकाशगंगा का जिक्र करें तो मिल्की वे एक सर्पिल आकाशगंगा है। जिसमें एक केंद्रीय नाभिक और केंद्र से निकलने वाली सर्पिल भुजाएं हैं। हमारा सौर मंडल केंद्र से लगभग 25 हजार प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। नेचर में प्रकाशित यह शोध पहली प्रत्यक्ष पुष्टि है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल आकाशगंगाओं को बंद करने में सक्षम हो सकता है। हम जानते है कि आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं। वे चलती हैं और विकसित होती हैं, साथ ही अपना आकार बदलते रहती हैं।

### आकाशगंगाओं के भविष्य के बारे में जानकारी देगी खोज

आकाशगंगा हमारे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु है। जिनकी संख्या अनगिनत हैं और हमारी पृथ्वी भी मिल्की वे का हिस्सा है, जो ब्रहमांड में एक तिनके जितनी भी हैसियत नही रखती है। मगर ब्रह्मांड का ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितना कि हम अपने जीवन से रखते हैं। क्योंकि हमारे जीवन की तरह ब्रह्मांड के हर वस्तु का जीवन है और उसकी एक उम्र सुनिश्चित है। इस उद्देश्य को लेकर ब्रह्मांड के प्राचीन व वर्तमान आकाशगंगाओं की उम्र के ज्ञान को लेकर यह शोध महत्वपूर्ण है।

# अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाकिस्तान, 70 की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है मार्च माह की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में बढोतरी दर्ज की गई है।

पाकिस्तान में मार्च महीने में 56 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक और 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं। तुलनात्मक रुप से, मार्च में 56 आतंकी हमले हुए जिनमें 77 मौत हुईं और 67 लोग घायल हुए थे।

# 13 साल तक बच्चों को न दें स्मार्टफोन

- फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने तीन माह तक किया शोध

पेरिस, एजेंसी

बच्चों को 13 वर्ष की आयु तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिए। इसके अलावा उनके इंस्टाग्राम, स्नैपचैट आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक - लगानी चाहिए।

यह सिफारिश फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा गठित विशेषज्ञों की रिपोर्ट में की गई है। समिति ने तीन महीने तक किए गए शोध के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, तीन साल तक के बच्चों को टेलीविजन - समेत किसी भी तरह की स्क्रीन के संपर्क में नहीं आना चाहिए। वहीं, 11 साल तक के बच्चों को किसी भी तरह का फोन नहीं देना चाहिए। अगर 11 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों को फोन देना जरूरी है तो उसमें इंटनेट कनेक्टिविटी नहीं होनी चाहिए।

सिर्फ 13 वर्ष की आयु के बाद ही बच्चों को इंटरनेट से जुड़ा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने देना चाहिए। रिपोर्ट में 18 वर्ष की आयु तक बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने का भी कहा गया है। वहीं, 6 वर्ष की आयु तक बच्चों का हर तरह का स्क्रीन टाइम बहुत सीमित होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट से जुड़े खिलौनो पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए, अगर संभव नहीं है दूर रखना चाहिए।

### इंटरनेट से जुड़े खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव

न्यूरोलॉजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की समिति की रपोर्ट में कहा गया है कि नर्सरी स्कूल में स्क्रीन पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए। कहानी सुनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के अलावा इंटरनेट से जुड़े सभी खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव है। तकनीक के बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं : रिपोर्ट में कहा गया कि बच्चों को तकनीकी उद्योग के फायदे के लिए वस्तु की तरह इस्तेमाल किए जाने से बचाने की जरूरत हैं। कंपनियां अपने लाभ के लिए बच्चों को इस ओर आकर्षित कर रही हैं, इससे बच्चों को बचाने की जरूरत है। इस नए तकनीकी बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं। तकनीकी कंपनियां अपने लाभा के लिए बच्चों को स्क्रीन से जोड़े रखना चाहती हैं और वह अपने अनुसार चीजों को नियंत्रित कर रही हैं।

